चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 11, अंक 342, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, बुधवार, 5 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले सातवें क्रिकेटर बने धोनी



अन्दर : लोकतंत्र के कीमियागर बाबू जगजीवन राम

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अब एक ही आयोग करेगा शिक्षकों का चयन

## 'उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में सीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है। उच्च और माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक संस्थाओं के लिए प्रबंध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नेंस और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। व्यावहारिक सुधारों के क्रम में, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन किया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाए। यह एकीकृत आयोग समयबद्ध चयन प्रक्रिया, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशासी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाए। नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। नवीन एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति जैसे महनीय पद अथवा भारतीय प्रशासनिक सेवा का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सदस्यों में वरिष्ठ न्यायाधीश और अनुभवी शिक्षाविदों को स्थान दिया जाए। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो।

नए आयोग में यूनिवर्सिटी के कुलपति जैसे पद या भारतीय प्रशासनिक सेवा का लंबा अनुभव रखने वाले को अध्यक्ष बनाया जाएगा। आयोग के सदस्यों में रिटायर्ड सीनियर जज और अनुभवी शिक्षाविद की नियुक्ति की जाएगी। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व रखा जाएगा।

**बैठक**

### आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा

### मुख्यमंत्री ने कहा- नया आयोग ही कराएगा टीईटी की परीक्षा



### सीएम योगी बोले, समय पर कराएं टीईटी परीक्षा

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। नवीन आयोग द्वारा परिषदीय जूनियर बेसिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और संबद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती नवीन आयोग द्वारा ही की जानी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नवीन एकीकृत आयोग द्वारा ही चयन प्रक्रिया आयोजित की जाए।

# सिक्किम में हिमस्खलन सात पर्यटकों की मौत

**गुवाहाटी।** सिक्किम के नाथुला पहाड़ी दर्रे में आज भारी हिमस्खलन से सात पर्यटकों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। हिस्खलन के बाद कई पर्यटकों के बर्फ में फंसने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। हिमस्खलन के दौरान 150 से अधिक पर्यटकों के क्षेत्र में होने की सूचना मिली है। सिक्किम नाथुला सीमा क्षेत्र में बड़े हिमस्खलन से सात पर्यटकों की मौत होने और 11 लोगों के घायल होने की खबर है। बर्फ में फंसे करीब 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सेना के अधिकारियों ने कहा है कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू रोड पर 15वें मील पर हुए हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के बर्फ में फंसे होने की आशंका है। हिमस्खलन मंगलवार को सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर हुआ। इससे घायल हुए सात लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, 150 से अधिक पर्यटक अभी भी 15 मील से आगे फंसे हुए हैं। इस बीच, बर्फ में फंसे करीब 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सिक्किम पुलिस, सिक्किम के ट्रैवल एजेंटों के एसोसिएशन, पर्यटन विभाग के अधिकारियों और वाहन चालकों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

**हादसा**

### कई जख्मी, बर्फ में फंसे 30 पर्यटकों को बचा लिया गया






# पश्चिम बंगाल में फिर भड़की हिंसा रेलवे स्टेशन पर फेंके देसी बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में एक बार फिर हिंसा की खबर मिली है। बताया गया है कि देर रात स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब लोगों के एक समूह ने रिशरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर बड़े देसी बम फेंकना शुरू कर दिया। कुछ उपद्रवियों ने रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों पर पथराव किया और स्टेशन के पास एक वाहन में आग लगा दी। बता दें कि पथराव की ताजा घटना हुगली के रिशरा रेलवे स्टेशन पर हुई, जिसके चलते सभी स्थानीय और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए निलंबित करना पड़ा। ईस्टर रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए हावड़ा-बर्धमान मेन लाइन पर सभी लोकल और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को निलंबित किया गया था। हालांकि, अब सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बीती रात हुगली में ताजा हिंसा की सूचना मिलने के बाद दार्जिलिंग में अपने कार्यक्रम को रद्द कर कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक किसी भी अप्रिय घटना या हिंसा को रोकने के लिए इलाके में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। रविवार को हुगली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा के दौरान हुई झड़पों के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। राज्य सरकार ने बाद में निषेधाज्ञा जारी की और जिले भर में इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया। इससे पहले गुरुवार को रामनवमी के जश्न के बीच हावड़ा में दो गुटों के बीच हुई झड़प में कई वाहनों में आग लगा दी गई थी।

**तनाव जारी**

### स्थानीय और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए बंद रही



## अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सूरत की सत्र अदालत द्वारा जमानत की अवधि बढ़ाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को अदानी कंपनियों में धन के लेन-देन पर फिर से सवाल उठाया है। राहुल गांधी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए शेष 100 उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जाएगा। जब राहुल से न्यायपालिका पर दबाव बनाने के भाजपा के आरोप के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि आप यह क्यों पूछते हैं कि भाजपा क्या कहती है, एकमात्र सवाल यह है कि अदानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं। राहुल गांधी को कोर्ट ने सोमवार को आपराधिक मानहानि मामले में जमानत दी। राहुल गांधी ने कहा था कि सच्चाई इस संघर्ष में उनका हथियार है।

# यूपी के 25 हजार ग्राम प्रधानों को किया जाएगा प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए राज्य सरकार अब ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाएगी। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में राज्य भर में 21 प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। जहां अलग-अलग सत्रों में 25 हजार ग्राम प्रधानों समेत कुल 83 हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार राज्य के सभी गांवों में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन को लेकर उचित कदम उठाने और इसके लिए ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने की तैयारी की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य के 25 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। हाल में प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया गया है। कुमार के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25,145 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके तहत 43,242 राजस्व गांवों को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन गांवों में प्रथम चरण में प्राप्त उपलब्धियों को आगे भी बनाए रखने के साथ ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। इसी सिलसिले में ग्राम प्रधान, खंड प्रेरक एवं पंचायत सहायक आदि लगभग 83,000 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो वास्तविक रूप से गांवों में काम करेंगें। उन्होंने बताया कि इन लोगों का प्रशिक्षण लखनऊ के अलावा 20 जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर भी कराया जाएगा। हर प्रशिक्षण केन्द्र पर 6 मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं।

**पहल**


### 83 हजार लोगों को दी जाएगी ट्रेनिंग, हर प्रशिक्षण केन्द्र पर तैनात किए गए हैं 6 'मास्टर ट्रेनर'






# देश में कोरोना के नए मामले 3 हजार के पार, 7 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के नए मामले 3 हजार के पार हो गए हैं और 7 लोगों की मौत भी हो गई। कोविड-19 के 3 हजार 38 नए मामले सामने आए हैं। पॉजिटिविटी रेट में बड़ा उछाल देखा गया है। देश में इस समय कोविड-19 के 21 हजार से ज्यादा एक्टिव मामले हैं। पिछले 24 घंटों में कोविड से देश में 7 मौतें दर्ज की गई हैं। कोरोना से पंजाब में 2 मौतें, उत्तराखंड में 1, महाराष्ट्र में 1, जम्मू में 1 और दिल्ली में 2 मौतें दर्ज की गईं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार कोविड मामलों की कुल संख्या 4.47 करोड़ (4,47,29,284) पर पहुंच गई थी। देश में एक्टिव मामले कुल संक्रमणों का 0.05 प्रतिशत हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक कोविड-19 से ठीक होने वालों की राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.76 प्रतिशत दर्ज की गई है। कोरोना की बीमारी से उबरने वालों की संख्या 44177204 है, जबकि कोविड मरीजों की मृत्यु दर 1.19 दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.66 करोड़ कोविड टीके की खुराक दी जा चुकी है। भारत में पिछले कुछ दिनों में कोविड के मामलों में बहुत तेज बढ़ोतरी देखी गई है।



# अशरफ मामले में बरेली जेल अधीक्षक निलंबित

**बरेली।** बरेली जिला जेल (केंद्रीय कारागार -2) में बंद पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ के मामले में शासन स्तर से बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रभारी डीआईजी जेल आरएन पांडेय की रिपोर्ट पर मंगलवार को शासन ने बरेली जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को निलंबित कर दिया है। राजीव शुक्ला पर जेल में अशरफ को वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप हैं। इस मामले में जेल अधीक्षक से पहले जेलर और डिप्टी जेलर भी निलंबित किए जा चुके हैं। दो जेल वार्डर समेत सात लोगों को जेल भेजा जा चुका है।

केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह को भी निलंबित किया गया है। शशिकांत सिंह के पास डीआईजी जेल का भी चार्ज था। शनिवार रात अधिकारियों ने नैनी जेल में छापा मारा था। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तुओं व कार्य में शिथिलता पाई गई थी। बता दें कि नैनी जेल में माफिया अतीक अहमद भी बंद रह चुका है। अतीक के गुर्गे नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। प्रयागराज पुलिस ने अशरफ को उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप बनाया है। इस हत्याकांड के बाद मिले इनपुट के आधार पर बरेली जेल के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीआईजी जेल आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि जेल में अशरफ से उसके गुर्गों की मुलाकात बिना पर्ची के कराई जाती थी। उसे वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराई जाती थी। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। प्रयागराज पुलिस ने अशरफ को उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप बनाया है। इस हत्याकांड के बाद मिले इनपुट के आधार पर बरेली जेल के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीआईजी जेल आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी।

डीआईजी जेल की जांच रिपोर्ट पर पर्यवेक्षणीय अधिकारी जेलर राजीव कुमार मिश्रा, मुलाकात अधिकारी डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह और पांच वार्डरों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। इनमें दो वार्डर को जेल भी भेजा गया है। इसके बाद से जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई थी।

**कार्रवाई**

### नैनी और बांदा के जेल अधीक्षकों पर भी गिरी गाज

### नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक भी निलंबित



# मुस्लिम पक्ष ने सर्वे रोकने को फिर दिया प्रार्थनापत्र

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में ईदगाह की अमीन रिपोर्ट तैयार करने के लिए अमीन शिशुपाल यादव ने सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है। इस पर सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उनकी सुरक्षा के आदेश दिए हैं। इस मामले में बुधवार को अमीन रिपोर्ट के लिए तारीख तय की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन से ईदगाह को हटाने के लिए किए हिंदू सेना ने दावा किया है। इस पर गत 29 मार्च को सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायिक अधिकारी नीरज गोंड ने अमीन रिपोर्ट के आदेश किए थे। अब अमीन न्यायालय पहुंचकर ईदगाह जाने के लिए तारीख तय करेंगे। ईदगाह पक्ष अमीन रिपोर्ट के आदेश को निरस्त कराने के लगातार प्रयास कर रहा है। अमीन रिपोर्ट के आदेश के अगले ही दिन इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसे अदालत ने नहीं माना। इसके बाद 3 अप्रैल को भी एक प्रार्थना पत्र दिया गया। इस पर सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख दी गई है। इसी मामले में मंगलवार को ईदगाह पक्ष ने अदालत में फिर से प्रार्थना पत्र दिया है। इस पर ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव एडवोकेट तनवीर अहमद के अधिवक्ता नीरज शर्मा तथा सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन के अधिवक्ता जीपी निगम ने बहस की।

**मामला**

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में 'अमीन ने मांगी सुरक्षा'

# बैंकों में जमा 35 हजार करोड़ का कोई वारिस नहीं

## 10 साल से अधिक समय से ऑपरेट नहीं करने पर निष्क्रिय हो जाता खाता

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों के 10.24 करोड़ खातों में 35,012 करोड़ रुपये फरवरी 2023 तक जमा थे, जिनको पिछले 10 साल से ऑपरेट नहीं किया गया है। इस लावारिस डिपॉजिट को बैंकों ने रिजर्व बैंक में ट्रांसफर कर दिया गया है। अनक्लेम्ड डिपॉजिट वह रकम है जो 10 साल से अधिक समय से ऑपरेट नहीं की गई है. मार्च 2022 तक 48,262 करोड़ रुपये बैंकों में लावारिस डिपॉजिट के तौर पर थे। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

भारतीय रिजर्व बैंक लावारिस डिपॉजिट को डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में डाल देता है। फरवरी 2023 तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास 8,086 करोड़ रुपए, पंजाब नेशनल बैंक के पास 5,340 करोड़ रुपए, केनरा बैंक के पास 4,558 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के पास 3,904 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड डिपॉजिट थी। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार अगर कोई उपभोक्ता अपने खाते से 10 साल तक कोई लेन-देन नहीं करता है तो उस खाते में जमा रकम अनक्लेम्ड हो जाती है। जिस खाते से लेन-देन नहीं किया जा रहा है, वह निष्क्रिय हो जाता है। अनक्लेम्ड राशि बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट खाते में हो सकती है। किसी बैंक एकाउंट के निष्क्रिय होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे एकाउंट होल्डर द्वारा बैंक खाते को भूल जाना या खाताधारक की मौत हो जाना, परिवार वालों को मृतक के एकाउंट के बारे में जानकारी न होना, गलत पता या फिर खाते में नॉमिनी दर्ज न होना।

अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स के बारे में जानकारी आमतौर पर बैंक वेबसाइट्स पर ही मिल जाती है। एकाउंट पैन कार्ड, जन्मतिथि, नाम और पते से यह जानकारी ली जा सकती है कि क्या एकाउंट होल्डर के खाते में अनक्लेम्ड राशि पड़ी है। बैंक सामान्य पूछताछ और जरूरी दस्तावेज लेकर निष्क्रिय एकाउंट में पड़ी राशि को ब्याज सहित लौटा देते हैं।




### खाताधारक जरूरी कागजात दोबारा जमा कर ले सकते हैं राशि

खाताधारक बैंक से संपर्क करके जरूरी कागजात दोबारा जमा करवाकर बैंक खातें में पड़ी राशि निकलवा सकता है, अगर खाताधारक की मृत्यु हो गई है तो नॉमिनी आसानी से अनक्लेम्ड राशि पर दावा कर सकता है। नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र देना होगा, साथ ही उसे अपने केवाईसी डॉक्यूमेंट भी देने होंगे। अगर जॉइन्ट एकाउंट है तो बैंक जिस एकाउंट होल्डर की मौत हो चुकी है, उसका नाम काट देगा और जीवित एकाउंट होल्डर को सारे अधिकार दे देगा। अगर किसी एकाउंट में नॉमिनी दर्ज नहीं है तो फिर अनक्लेम्ड खाते से पैसे निकलवाने के लिए जो व्यक्ति बैंक से संपर्क करेगा, उसे छोटी रकम की निकासी के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र और बड़ी रकम निकाले के लिए सक्सेशन सर्टिफिकेट बैंक में देना होगा। अगर एकाउंट होल्डर की कोई वसीयत है, तो उसकी भी जांच की जाएगी। आमतौर पर बैंक क्लेम दाखिल करने के 15 दिन के अंदर इसका निपटारा कर देता है।

### जहां भाजपा हारती है, वहां हिंसा जरुरी कराती है : संजय राउत

मुंबई। पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को लेकर महाराष्ट्र के नेता संजय राउत ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। हिंसा को लेकर इन दिनों राजनीतिक वार-पलटवार का दौर लगातार जारी है। भाजपा पश्चिम बंगाल हिंसा पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साध रही है। तो वहीं मुख्यमंत्री की ओर से भी हिंसा को लेकर भाजपा को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन सब के पीछे उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत का बड़ा बयान आया है। संजय राउत ने साफ तौर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां वह हारती है, हिंसा कराने की कोशिश करती है। अपने बयान में संजय राउत ने कहा कि कौन सा मुख्यमंत्री चाहेगा कि उसके राज्य में दंगे हों? पश्चिम बंगाल की स्थिति बिगाड़ने का काम वहां का विपक्षी दल भाजपा कर रही है।

# मोदी ने भूटान नरेश के सामने उठाया डोकलाम का मुद्दा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के समक्ष भारत-भूटान-चीन की सीमा पर स्थित डोकलाम का मुद्दा उठाया। मोदी और वांगचुक के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हर मुद्दे पर विस्तार से बात हुई जिसमें आपसी सुरक्षा हितों से जुड़े तमाम मुद्दे भी शामिल थे। बैठक में भारत सरकार की तरफ से भूटान की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हर तरह की मदद देने पर भी सहमति बनी है। इसमें भूटान को अधिक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने से लेकर भूटान में पैदा होने वाले कृषि उत्पादों को दूसरे देशों में ज्यादा निर्यात करने की सहूलियत देना भी शामिल होगा। दोनों देश रक्षा संबंधों को भी और मजबूत करेंगे। भूटान के राजा वांगचुक दो दिवसीय भारत यात्रा पर आये हैं। सोमवार को उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात हुई थी तो मंगलवार को उन्होंने पीएम मोदी से आधिकारिक बैठक की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी उन्होंने मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ हुई उनकी बैठक की जानकारी देने के लिए मीडिया के समक्ष आए विदेश सचिव विनय क्वात्रा से जब यह पूछा गया कि क्या डोकलाम का मुद्दा उठा था।



## संक्षेप

### नीरज श्रीवास्तव जिला वॉलीबाल के संयुक्त सचिव पद पर मनोनीत.

**प्रयागराज।** सैदाबाद(हड़िया) निवासी नीरज श्रीवास्तव को जिला वालीबाल संघ,प्रयागराज का संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि गत दिवस एसोसिएशन के साधारण सभा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें डीवीए प्रयागराज के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय के निर्देशन पर कार्यालय महालेखाकार उत्तर प्रदेश,प्रयागराज में कार्यरत एवं स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत नियुक्ति प्राप्त करने वाले पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी नीरज श्रीवास्तव को जिला वालीबाल संघ,प्रयागराज की एसोसिएट्स वर्किंग कमेटी में संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन को मजबूती प्रदान करने में श्रीवास्तव जी का योगदान हमेशा सर्वोपरि रहा है। संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किए जाने पर रेलवे, पुलिस विभाग, सीडीए पेंशन तथा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त क्षेत्र के विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल




**सोरांव।** इलाके के उसरही गांव के सामने अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार पिता पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौत हो गई और एक किशोर गंभीररूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। बताया जाता है कि सोरांव थाना क्षेत्र के मलाक चौधरी निवासी राम अर्जुन (45) अपने पुत्र शिवम के साथ होलागढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़ स्थित खेत में गेहूं कटवाने जा रहा था। कि प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे मार्ग पर उसरही गांव के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे राम अर्जुन की मौके पर मौत हो गई तथा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक पैर टूट गया। हादसा देख आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मचा हुआ है।

## पति की प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की आत्महत्या


मृतक रिचा (फाइल फोटो)

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत चंदौहा गांव में पति की प्रताड़ना से विवाहिता ने चुल्ले में दुपट्टा से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार चंदौहा गांव निवासी विद्याधर शुक्ला की पुत्री निशा शुक्ला का विवाह 30 अप्रैल 2021 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी राहुल मिश्र के साथ हुई थी। 28 फरवरी को रिचा अपने मायके चन्दौहा आयी थी। सोमवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह जब नही जगी तो परिजन कमरे गये तो देखा रिचा पंखे के सहारे लटक रही थी। परिजन दहाड़े मार रोने लगे। आसपास के लोग पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता विद्याधर ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि पति राहुल की प्रताड़ना से पुत्री ने आत्महत्या की। पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। वही रिचा का 15 माह का मासूम मां के लिए लगातार रो रहा है।

## नवाबगंज में रंजिश को लेकर 3 लोगों पर हमला कर किया बेहोश 4 पर केस दर्ज

**नवाबगंज।** रंजिश को लेकर गांव के ही लोगों द्वारा हमला कर 3 लोगों को बेहोश कर दिया गया। घटना मामले में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। नवाबगंज इलाके के जादोपुर गांव निवासी बालगोविंद के मुताबिक गांव के ही लोगों से उसकी रंजीत चल रही है। आरोप है कि रात्रि 9 बजे रंजिश को लेकर विपक्षी गालियां देते हुए घर पर चढ़कर प्रार्थी बाल गोविंद की पत्नी सुनीता देवी भाई बलराम मौर्या एवं भतीजी खुशबू को लाठी-डंडे एवं सरिया से हमला कर बेहोश कर दिया गया। शोर मचा तो आसपास के लोग दौड़े तो वही हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले । घटना मामले की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस रामचंद्र मौर्य, धीरेंद्र मौर्या, वीरेंद्र मौर्य एवं विनोद मौर्या के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# दो घंटे बंद रहा नैनी रेलवे फाटक, लगा जाम


रेलवे फाटक बंद होने से लगा जाम

**नैनी।** मंगलवार को नैनी रेलवे फाटक मे मालगाड़ी आकर रेलवे फाटक के बीचो बीच खड़ा हो गया। दो घंटे तक बंद रहा। फाटक बंद होने की वजह से लम्बा जाम लगा रहा। बता दें कि लगातार कई महिनो नैनी रेलवे फाटक के बीचो बीच मे मालगाड़ी आकर रूक जाता है। सिंग्नल न मिलने पर मालगाड़ी खड़ी रहती है। नैनी स्टेशन से छिवकी स्टेशन तक जाने के लिये दो रेलवे फाटक पड़ता है। जिसमे छिवकी स्टेशन के समीप रेलवे फाटक ट्रेन जाने के बाद खुल जाता है। नैनी स्टेशन के बगल मे फाटक हमेशा बंद रहता है, लोगो ने बताया कि नैनी स्टेशन के समीप रेलवे फाटक पर रोज सुबह और शाम मालगाड़ी ट्रेन आकर बीचो बीच रेलवे फाटक पर खड़ी हो जाती है। रेलवे फाटक पर मालगाड़ी खड़ी होने के बाद सिंग्नल नही मिलता तो लगभग दो से तीन घंटे तक मालगाड़ी खड़ी हो जाती है। लोगो ने बताया कि सुबह के वक्त स्कूल जाने वाले बच्चे हमेशा लेट हो जाते है। जब रेलवे फाटक खुलता है तो तब जाकर लोग अपने रास्ते जाते है। नैनी स्टेशन और छिवकी स्टेशन के बीच छिवकी, ददरी, रेलवे कालोनी और छोटा चाका के लोगो का जाने का रास्ता है, जो कि रोजाना रेलवे फाटक पर मालगाड़ी खड़ी होने पर बाइक सवार, साइकिल, कार आदि लोग हमेसा दो से तीन घंटे तक खड़े रहते है। जब ट्रेन खड़ी रहती है तो पैदल चलने वाले लोग मालगाड़ी के नीचे से होकर जाते है। जबकि दुर्घटना बने होने की सम्भावना बनी रहती है। मंगलवार को सुबह लगभग दो घंटे तक नैनी रेलवे फाटक के बीचो बीच मालगाड़ी आकर रूक गयी जिसकी वजह से रेलवे फाटक बंद रहा। फाटक बंद होने की वजह से वाहनो की कतार लगी रही।

# आरटीओ विभाग की मिलीभगत से चल रहा है ओवरलोड गिट्टी और बालू खनन

**मिलीभगत**

### कतिपय दलाल मध्य रात्रि से सुबह तक इन ट्रकों से करते हैं वसूली


सड़क पर चलती ओवर लोड ट्रकें

**मऊआइमा।** शिवगढ ओवरब्रिज से लेकर सोरांव, मऊआइमा होते हुए देल्हूपुर तक ओवरलोड गिट्टी और बालू मध्य रात्रि से सुबह तक दलालों की मिलीभगत से पास करायी जा रही है। जिससे लाखों रुपयों का बंटवारा होता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ ओवरब्रिज से आने वाले ओवरलोड गिट्टी, बालू लदे ट्रकों को मध्य रात्रि से लेकर सुबह तक सोरांव, मऊआइमा, देल्हूपुर थानों से पास कराने के लिए कतिपय दलालों की कार पास कराने के लिए धनादोहन करते हैं। बताया गया है कि ओवलोड ट्रकों से दो से तीन हजार रूपयों की वसूली कतिपय दलाल करते हैं। जिनका पेशा दलालों से मिले रकमों को खनन, आरटीओ, पुलिस विभाग में बंटवारा होता है। बताते हैं कि कतिपय दलालों का यह पेशा काफी दिनों से चल रहा है। दलाल दिनभर सोते हैं मध्य रात्रि के बाद इनका नाजायज कार्य शुरू हो जाता है। बताते हैं कि कतिपय दलालों को अच्छी खासी रकमें प्राप्त होती है। जिससे उनका खर्च चलता है। सूत्रों ने बताया कि यदि कोई ट्रक ओवरलोड दिन में आ जाती है तो उसे दलाल पेट्रोल पंपों और किसी ढाबे, अथवा मरम्मत की दुकान पर खडी करा देते हैं। रात्रि होते ही दलालों का गोरखधंधा शुरू हो जाता है। वसूली का पैसों का दलाल तीन विभागों को पहुंचा देते हैं। बताते हैं कि दलालों की पहुंच खनन, आर टी ओ,पुलिस विभाग में रहती है। बताते हैं कि कैसा भी कार्य हो उक्त दलाल करवा लेते हैं। आरोप है कि दलालों की गुंडागर्दी भी चरम पर रहती है। जब चाहते हैं किसी को पीट देते हैं।जिसका कोई भी चीज खा लेते हैं उसका पैसा न देना आम बात है। यदि किसी दुकानदार ने पैसा मांगा तो उसका पिटना तय है। स्थानीय लोगों ने उक्त दलालों की खुफिया जांच कराने की मांग की है।

# चोरों ने तीन विद्यालयों को बनाया निशाना, सिलेंडर वर्तन व खेलकूद का सामान किया पार


चोरों द्वारा तोड़ा गया गेट का ताला

**करछना।** प्रयागराज अंतर्गत धरवारा डाभी गांव में स्थित दो विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने तीनों विद्यालय से तीन गैस सिलेंडर, 55 थाली, 40 प्लेट, अन्य बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा एवम अनाज उठा ले गए। महावीर जयंती की वजह से स्कूल बंद होने के कारण कोई ध्यान नहीं दिया। दोपहर में उधर से गुजरे ग्रामीणों ने विद्यालय के गेट का ताला टूटा देख तो उन्हें शक हुआ। तब जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।यमुनानगर के करछना कोतवाली अंतर्गत धरवारा डाभी गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवम् आंगनबाड़ी केंद्र अगल बगल ही स्थित है। प्राथमिक विद्यालय की हेड विभा द्विवेदी है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधनाचार्य शैलजा सक्सेना है। आंगनबाड़ी केंद्र में विभा कार्यकत्री है। सोमवार को स्कूल खुला था, तब वहा सब ठीक था। शाम को तीनों विद्यालय बंद हो गये। रात में चोरों ने तीनों विद्यालय के गेट के ताले तोड़ दिए। अंदर कमरों और रसोईघर के भी ताले तोड़ दिए गए।चोरों ने प्राथमिक विद्यालय से 20 थाली, 15 प्लेट, भरा गैस सिलेंडर, चूल्हा, भगोना, कड़ाही व अन्य बर्तन, रजिस्टर, खेल कूद के सामान उड़ा दिए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, चूल्हा, सीलिंग फैन , खेलकूद का सामना, बच्चों की खाने की 35 थाली, भगोना व अन्य बर्तन, रजिस्टर समेत अन्य जरूरी सामान समेट ले गए। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों के खेल कूद का सामान, रजिस्टर, खाद्य सामग्री व अन्य सामान चोर उठा ले गए। दोपहर में उधर से गुजरे प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और वापस लौट गई। इंस्पेक्टर करछना विश्वजीत सिंह ने बताया कि विद्यालय में चोरी की सूचना मिली है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मुआयना किया है। दोनों विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र से तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# संक्रामक बीमारी फैलने से ग्रामीणों में दहशत

**बीमारी**

### शिकायत पर पहुचे डॉक्टर, वायरल संक्रामक रोकने की दी दवाई, साफ सफाई का दिया निर्देश


ग्रामीणों को जागरूक करते चिकित्सक

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के लौद कला गांव में संक्रामक बीमारी अचानक फैलने से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सी एच सी अधीक्षक शंकरगढ़ से की।डॉक्टर पहुँचकर रोकथाम की दवा देते हुए साफ सफाई रखने की विशेष सलाह दी।

ब्लाक शंकरगढ़ अंतर्गत लौद खुर्द गांव में महीनों से खसरा,व संक्रामक बीमारी फैलकर धीरे धीरे पूरे गांव को इस संक्रमण ने अपने आगोश में ले लिया। पूरे गांव में महिलाओं बच्चों पुरुष 50 सो की संख्या में ग्रसित हो रखे है।संक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है, जिससे अगल बगल के गांव में भी लोग डरने लगे है।

ग्रामीणों ने संक्रामक रोकने की दवा से लेकर मच्छर मारने की दवा गांव में छिड़काव की मांग की। गांव में इतना ज्यादा मच्छरों का प्रकोप है कि रात में सोना मुश्किल हो जाता है।

ग्रसित संक्रामक बीमारी के लक्षण बुखार के साथ खासी आना पूरे शरीर मे छाले पड़े दिखाई दे रहे है,सबसे ज्यादा बच्चे इस गांव के प्रभावित है।अगर समय रहते सही ढंग से इनका इलाज नही किया गया तो इस संक्रामक बीमारी को दुसरे गांव में फैलने से कोई नही रोक पाएगा।

अभिषेक सिंह सी एच सी अधीक्षक का कहना है जानकारी मिली है डॉक्टर को दवा के साथ भेजा गया है,बुधवार को इस वायरल संक्रामक बीमारी की रोक थाम के लिए विशेष डॉक्टर की टीम जाएगी।

परगनाधिकारी बारा सूदन अब्दुलाह का कहना है डॉक्टर की टीम तत्काल जाएगी संक्रमण रोकने की भर प्रयास करते हुए पूरे गांव में दवा का छिड़काव किया जायेगा।

### पोस्टमार्टम के बाद युवक का शहर में हुआ अंतिम संस्कार, मचा कोहराम

**उरुवा।** मेजा थाना क्षेत्र के जेवनियां निवासी श्यामा प्रसाद तिवारी के 38 वर्षीय बेटे योगेंद्र तिवारी का घर से गायब होने के तीसरे दिन टोंस नदी में चौकी गांव के सामने शव उतराता मिला था। पोस्टमार्टम के बाद दिवंगत का अंतिम संस्कार घरवालों की मौजूदगी में शहर में ही गंगा घाट पर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जेवनियां गांव निवासी योगेंद्र तिवारी उर्फ मुन्ना श्यामा प्रसाद तिवारी का इकलौता बेटा था। वह पिछले दो साल से बीमारी के कारण घर पर ही रहता था। योगेंद्र तिवारी शनिवार को परिवार की किसी महिला की अंतेष्टि में शामिल होने गया था उसी दिन गायब हो गया। सोमवार को उसका शव चौकी गांव के सामने टोंस नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मिला तो परिजनों ने प्रयागराज दारागंज गंगा घाट पर योगेंद्र तिवारी का अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक हुई इस घटना से घर में पिता श्यामा प्रसाद तिवारी पत्नी रेनू तिवारी तथा तीन छोटी छोटी बेटियों साक्षी,संध्या और सांची का रोते बिलखते बुरा हाल हो रहा था, घर में कोहराम मचा हुआ था।

# सहकारिता विभाग ने आशंका को किया सिद्ध नियमों के विरुद्ध बढ़ाये 1104 मतदाता

**आधा दर्जन समितियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों का नहीं जोड़ा मतदाता सूची में नाम**

**मेजा।** आखिरकार सहकारी क्रय विक्रय समिति के चुनाँव में गड़बड़ी की आशंका सिद्ध हो गई । निवर्तमान अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति सिरसा रामसागर यादव उर्फ मुखिया ने चुनाँव प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका जताया था । सोमवार को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन हुआ जिसमें अबैध रूप से 1104 व्यक्ति गत मतदाता बढ़ाये गए हैं साथ ही कई समितियों के प्रतिनिधियों को चुनाँव से बाहर कर दिया गया है । उन्हें मतदाता सूची में में सूची में नहीं जोड़ा ।

सपा नेता व निवर्तमान अध्यक्ष सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति रामसागर यादव उर्फ मुखिया ने बताया कि सत्ता पक्ष के दबाव में सहकारी नियमों के खिलाफ फर्जी 1104 व्यक्तिगत मतदाता बना दिया गया जब कि मतदाता बनाने के लिए प्रार्थना पत्र लिया जाता है ऐसा न करके 101 रुपये की फर्जी रसीद काटकर सदस्य बना दिया गया ।

रामसागर यादव ने बताया कि इसी तरह अन्य साधन सहकारी समितियों में हुए निर्वाचन में निर्वाचित प्रतिनिधियों का नाम निर्वाचन क्षेत्र संख्या - 2,3,5 व 10 में अनन्तिम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है। जबकि ए.आर. प्रयागराज के कार्यालय से प्राप्त निर्वाचन परिणाम दिनांक- 19.03.2023 का समिति कार्यालय पर कार्यवाहक सचिव को प्राप्त कराया गया था। पुनः वर्ष 2023 में हुए निर्वाचन में निर्वाचित

प्रतिनिधियों की सूची समितिवार बड़ोखर समिति, महुली समिति, रामगढ़ खीरी समिति, हाटा समिति, जादीपुर समिति, साजी समिति । मंझिगवां समिति है ।

सपा नेता रामसागर यादव ने सत्ता पक्ष के दबाव में सहकारिता विभाग अन्याय कर रहा, उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है । श्री यादव ने बतायाकी आज फर्जी बढ़े हुए मतदाताओं पर आपत्ति करेंगे और निर्वाचित प्रतिनिधियों का सूची में नाम जोड़ने का आवेदन करेंगे । इस संबंध में ए आर प्रयागराज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा ।

# ग्राम प्रधान परिवार के पीछे पड़े अराजक तत्व

### सार्वजनिक संपत्तियों को खाली कराने से खुन्नस खाए भू अतिचारी फर्जी मामलों में फंसवाने और लोगों को बरगला कर तबाह कराने की दी धमकी और रंगदारी न मिलने पर दी जा रही तरह-तरह की धमकियां।

**खीरी।** शासन की मंशा के अनुरूप सार्वजनिक संपत्तियों से अधिकारियों को बेदखल करने की कार्रवाई से बौखलाए लोग अब ग्राम प्रधान परिवार के पीछे पड़ गए हैं।

बता दें कि प्रधान के विपक्षी आए दिन फर्जी मामलों में फंसाने की जहां धमकी देते रहते हैं,भू अतिचारी और अराजक सामाजिक तत्व वही सक्षम अधिकारियों के यहां फर्जी व मनगढ़ंत शिकायतें भी करते कराते रहते हैं। गांव के अन्य लोगों को भी शांति व्यवस्था भंग करने के लिए उकसा ते रहते हैं।


अहद अहमद सिद्दीकी (ग्राम प्रधान)

ज्ञातव्य हो कि सोशल वर्कर वरिष्ठ पत्रकार एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल महामंत्री प्रयागराज अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे इस बार के पंचायत चुनाव में गांव के ग्राम प्रधान बन गए हैं। जिसके बाद उन्होंने शासन के मंशानुरूप व मैनुअल के अनुसार प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए गांव के संपूर्ण विकास का कार्य शुरू किया। गांव में विकास कार्यों को कराने के लिए सरकारी जमीनों से अतिक्रमण भी उन्हें पुलिस और राजस्व टीम के साथ हटाना पड़ा। जिससे गांव में निरंतर अब विकास कार्य हो रहे हैं। जिससे बौखलाए विपक्षी तरह-तरह के फर्जी व मनगढ़ंत आरोप लगाते रहते हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल की दुकान निलंबित कर दी गई थी। कोटेदार से अतिक्रमित जमीन से कब्जा भी हटाया गया था। जिससे खुन्नस खाकर बदला लेने के उद्देश्य से प्रधान के विपक्षियों के उकसाने पर तरह-तरह की धमकी व जातीय संघर्ष कराने की धमकी देता रहता है। कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल के बेटे पवन कुमार पाल पर तकरीबन आधा दर्जन खीरी व कोरांव थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज मांगता है रंगदारी

अल्हवा कोटेदार के बेटे पवन कुमार पाल पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। बावजूद इसके वह अब भी रंगदारी मांगने का काम कर रहा है। इसके अलावा बैंक ग्राहकों को उकसा कर फर्जी तरीके से प्रधान व प्रधान बैंक फ्रेंचाइजी पुत्र को फसवाने के लिए एक बैंक खातेधारक को पवन पाल द्वारां प्रेरित करनें का एक ऑडियो भी कोटेदार के बेटे का वायरल हो रहा है। जिसका संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान के द्वारा शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया में जो ऑडियो वायरल हो रहा है। उसमें पवन कुमार पाल एक बैंक ग्राहक को उकसा रहा है। वह अपशब्द के साथ कह रहा है कि जो मैं कहूं वही करो बाकी जो होगा मैं देख लूंगा। ग्राम प्रधान अल्हवा अहमद सिद्दीकी ने कोटेदार के बेटे द्वारा रंगदारी मांगने के मामले में कार्रवाई हेतु स्मपूर्ण समाधान दिवस कोराव तथा पुलिस आयुक्त से पत्र दे कर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। यदि रंगदारी मांगने तथा दर्ज मुकदमों में उक्त मुलजिम की गिरफ्तारी न होने पर प्रधान संगठन पुलिस आयुक्त से मिल कर एक ज्ञापन देगा।

## अमिलिया बिद्यालय के मुख्यद्वार पर गन्दगी का लगा अम्बार

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव के संविलियन बिद्यालय के सामने जहाँ एक तरफ बकरी बंधी रहती है तो वही दूसरी तरफ नाली में गंदे जल भराव से गन्दगी का अंबार लगा है।वही बिद्यालय में छोटे छोटे बच्चे पढ़ रहे है इन बकरी व नाली की गंदगी से बच्चे बीमार अवस्य होंगे,सामने बच्चों की क्लास की खिड़की है खिड़की खोलना बच्चों के लिए तो दूर अध्यापक को मुश्किल है,अगर खोल भी देते है तो जहाँ एक तरफ मेमने की आवाज तो दूसरी तरफ गन्दी नाली की बदबू जिससे सांस लेना दूभर है।देखने से ऐसा लगता है जब स्कूल के बगल सफाई नही होती तो गांव का क्या हाल होगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।


# भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का मनाया गया जन्मदिन


जन्मदिन मनाते भाजपाई

**सहसों।** मण्डल के भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव एवम राज्य सभा सांसद कर्नाटक एवम राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह के जन्म दिन पर केक काटकर जन्म दिन मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, बीरेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर, अरुणेन्द्र डब्बू प्रमुख बहादुरपुर, विपेंद्र सिंह पटेल प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह प्रमुख सहसो, संजय सिंह, पवन शुक्ल, जेलर सिंह, राजेश सरोज, संतोष सिंह, महेश सिंह, लवकुश बिंद अमन सिंह, सत्यम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

## महाप्रबंधक ने किया उमरे के प्रयागराज छिवकी-करछना खंड का निरीक्षण

**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने उत्तरमध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के प्रयागराज छिवकी-करछना खंड का निरीक्षण कियो इस दौरान उन्होंने प्रयागराज-दीनदयाल उपाध्याय खंड पर निमार्णाधीन तीसरी लाइन कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

इसी क्रम में उन्होंने उनके साथ उपस्थित मंडल व निर्माण विभाग के अधिकारियो से अनेक तकनीकी मुद्दों पर चर्चा की सतीश कुमार ने इस परियोजना से जुड़े भूमि अधिग्रहण व अन्य लंबित विषयों की समीक्षा की तथा कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने लेवल क्रॉसिंग संख्या 34ए, माइनर ब्रिज संख्या-20, 22 एवं 23 का भी निरीक्षण किया गयो इस दौरान उन्होंने करछना स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म एवं अन्य सिविल कार्यों को भी देखो



निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

## इविवि में स्कॉलरशिप को लेकर छात्रों ने की बैठक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग, 400% शुल्क वृद्धि के विरोध में और कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ आंदोलन 987वें दिन छात्र नेता अजय यादव सम्राट की अगुवाई में जारी रहा। मंगलवार को अनशन स्थल पर छात्रों की बैठक की गई। बैठक में छात्रों ने स्कॉलरशिप के मुद्दे पर चर्चा की। छात्रों ने विश्वविद्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया। छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा कि आज अनशन स्थल पर एक आपातकालीन बैठक आहूत की गई थी, जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिस तरीके से विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है कहीं ना कहीं इसकी जवाबदेही सरकार की भी बनती है। विश्वविद्यालय प्रशासन की भी बनती है। आगे कहा कि समय पर विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्कॉलरशिप का फॉर्म सबमिट किया, उसके बावजूद भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने यहां से फॉरवर्ड नहीं किया, जिसके चलते विश्वविद्यालय के 70% छात्र स्कॉलरशिप से वंचित हो रहे हैं। आगे कहा विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन अभी तक इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया। जिसकी वजह से छात्रों की स्कॉलरशिप अभी तक आई नहीं है।

## सपा में मेयर प्रत्याशी के चयन को लेकर मंथन जारी

### इंद्रजीत सरोज बोले- अगले दो -तीन दिनों में उम्मीदवार का तय होगा नाम

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सपा जिला कार्यालय में नगर निगम चुनाव को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गई। वहीं नगर निगम चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर कहा गया कि अगले दो -तीन दिनों में उम्मीदवार का नाम तय कर राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा। जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल कुमार यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी नगर निकाय चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। कहा हमारे यहां मेयर पद के लिए लगभग 46 आवेदन आए हैं। पार्टी इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करके भारतीय जनता पार्टी के मंसूबे को विफल करने का काम करेंगे। कहा कि टाउन एरिया के संदर्भ में भी लगातार हमारी बैठक चल रही है। हम लोग टाउन एरिया में भी जा रहे हैं। हमारी पार्टी बूथ स्तर से लेकर के पूरी तरह से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हम बहुत मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेंगे।

बैठक के बाद पार्टी कार्यकताओं से बातचीत में प्रभारी एवं पूर्व मंत्री इंद्र जीत सरोज ने कहा कि यह पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव के प्रति लोगों का भरोसा ही है कि समाज के हर वर्गों से इतने अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। अबकी बार नगर निगम में सपा की सरकार होगी। वहीं निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन की अध्यक्षता में चयन समिति की हुई बैठक में प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज एवं विधायक संदीप पटेल भी मौजूद रहे। सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन ने बताया है कि पार्टी के प्रति समर्पित, जिताऊ एवं टिकाऊ व्यक्ति को ही प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा जायेगा। इसी के मद्देनजर हर आवेदन पर गहनता से विचार विमर्श किया जा रहा है। निवर्तमान महानगर महासचिव ने बताया है कि जिन पांच वार्डों में आरक्षण में बदलाव हुआ है, उसमें 7 अप्रैल तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

## सात वर्षीय अता अब्बास ने रखा पहला रोजा



**प्रयागराज।** सब से कम उम्र में रोजा रखने वाले अता अब्बास को ईद में आलिमेदीन करेंगे सम्मानित। पिता शबीह अब्बास जाफरी और मां फात्मा के सात वर्षीय बेटे अता अब्बास जो सिदरा मान्टेसरी स्कूल में प्रेप में पढ़ते हैं। कई वर्षों से पिता के साथ मस्जिद काजी साहब में नमाज पढ़ने भी जाया करते थे।इन दिनों इनके पिता शबीह अब्बास जाफरी थाईलैंड में जॉब कर रहे हैं लेकिन अता अब्बास अभी भी बराबर मस्जिद जाकर नमाज अदा करना नहीं भूलते। माहे रमजान की शुरूआत से रोजा रखने की ज़िद कर रहे थे तो मां फात्मा ने उन्हें सहरी में उठाया तो बाकायदा सहरी करने के साथ दिन भर भूख और प्यास को काबू कर रोजा रखा।मगरिब की अजान सुन कर रोजा खोला। इस तरहा अता का पहला रोजा मुकम्मल हो गया।

## भंडार विभाग उत्तर मध्य रेलवे ने किया वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

### उत्तर मध्य रेलवे द्वारा स्क्रैप बिक्री से रू0 265.37 करोड़ का राजस्व अर्जित

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे में चलाये गये जीरो स्क्रैप मिशन के तहत, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल रू. 265.37 करोड़ का स्क्रैप निष्पादित किया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य रू. 200 करोड़ था और स्क्रैप बिक्री से अर्जित राजस्व लक्ष्य से 32. 68 प्रतिशत अधिक है।

महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार के दिशानिर्देशन में चलाये गये स्क्रैप निष्पादन अभियान में उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडलों एवं कारखानों में पड़े अनुपयोगी स्क्रैप मदों को बिक्री कर यह राजस्व अर्जित किया गया। इस अभियान में सामान्य भंडार डिपो, झाँसी की विशेष भूमिका रही जहाँ उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / प्रणाली / झाँसी ने करीब रू0 125.91 करोड़ स्क्रैप की बिक्री कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

अभियान के दौरान उत्तर मध्य रेलवे ने करीब 23,656 मीट्रिक टन रेल पथ लौह स्क्रैप, 21, 240 मीट्रिक टन अन्य कार्य क्षेत्र का लौह स्क्रैप तथा 463 मीट्रिक टन नॉन- फैरस स्क्रैप के साथ 401 माल डिब्बे, 34 सवारी डिब्बे तथा 04 इंजन की ई -निलामी के माध्यम से बिक्री की गई। इस अभियान से कार्यस्थल व पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने में भी मदद मिली है। उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडल, कारखाने एवं अन्य संस्थान इस अभियान से रेलवे को स्क्रैप मुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध एवं सतत प्रयासरत हैं।

इसी कर्म में उत्तर मध्य रेलवे ने ंट के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में उल्लेखनीय प्रगति की है। दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2023 तक पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ंट के माध्यम से कुल 275.50 करोड़ रुपये की खरीद की गई, जिसमें से 98.47 करोड़ रुपये की खरीद माल अनुबंध और रु 177.03 करोड़ की खरीद सेवा अनुबंध के माध्यम से की गई। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के संबंधित आंकड़े 58.41 करोड़ रुपये माल अनुबंधों के माध्यम से और 109.77 करोड़ रुपये सेवा अनुबंधों के माध्यम से और कुल खरीद रु.168.18 करोड़ थी। पिछले वित्तीय वर्ष से ंट के माध्यम से खरीद में 63.81% की वृद्धि हुई है।

## अतीक अहमद से मुक्त कराई गई जमीन पर सरकारी योजना के तहत बनाए जा रहे फ्लैट

**प्रयागराज।** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए जिन लोगों ने आवेदन किया था, उसका सत्यापन डूडा की ओर से पूरा कर लिया गया है। फ्लैट के लिए 6030 लोगों ने आनलाइन आवेदन किया था। इनमें 5127 लोग अपात्र पाए गए। सत्यापन के अनुसार, महज 903 लोग ही पात्रता की सूची में शामिल हो पाए हैं। लाटरी के माध्यम से इनको फ्लैट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पीएम आवास योजना के तहत बनाए जा रहे फ्लैटों की बिक्री के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से जून में आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। एक माह तक आवेदन लिया गया। डूडा की ओर से दो माह पहले आवेदन करने वालों का भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें 5127 लोग अपात्र हो गए हैं। आवेदनों के सत्यापन के पूर्व एक फ्लैट के लिए लगभग 80 दावेदार थे। लेकिन, सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब एक फ्लैट के लिए लगभग 12 दावेदार हैं।

## निकाय चुनाव को लेकर बीएसपी ने कसी कमर

प्रयागराज। बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में निकाय चुनाव व अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर अहम बैठक मंगलवार को प्रयागराज में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में प्रयागराज मिजार्पुर मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज डा. अशोक गोतम ने प्रयागराज मेयर सहित अधिक से अधिक पार्षद व नगर पालिका की सीट जिताने का मूल मंत्र दिया।

बैठक में मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज-मिजार्पुर मण्डल अमरेन्द्र बहादुर भारतीय ने बाबा साहब, मान्यवर मसीहा कांशीराम सहित बहन जी के संघर्षों को विस्तार पूर्ण चर्चा की। मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मिजार्पुर मण्डल राजू गौतम ने मान्यवर कांशीराम साहब के नाम पर विरोधी दलों की चाल को व बाबा साहब के साथी मान्यवर साहब कि योजनाओं व जनपदों का नाम बदलने के बाद आज कांशीराम साहब के नाम व मूर्ति पर राजनीति करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी व वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा जैसे नारों के साथ कार्यकताओं की उत्साहित किया।



मंडल जोन इंचार्ज अशोक गौतम का स्वागत करते कार्यकर्ता

कार्यक्रम का संचालन जोन इंचार्ज सतीष जाटव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टी.एन. जैसल जिला अध्यक्ष प्रयागराज, सुशील गौतम जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, मुरलीधर गौतम जिला अध्यक्ष फतेहपुर पूर्व विधायक, के.एल. गोतम जिला अध्यक्ष कौशाम्बी विजय कुमार सरोज जिला महासचिव प्रयागराज, साबिर सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज, दयाराम पासी, विधायक चायल, भामे शुक्ला जी विधायक प्रत्याशी -संजय गोस्वामी जी- पूर्व विधायक प्रत्याशी लल्लन पटेल, पूर्व विधायक प्रत्याशी, घनश्याम गौतम , पंकज गौतम, बाबू लाल भंवरा, दशरथ लाल सरोज, संतोष गौतम, राजेश पासी, आलोक चौधरी, चिन्तामणि वर्मा जी, अमरनाथ निडर प्रवीण भारती दिवली सरोज ज्ञान सिंह पटेल, दशरथ पाल, महताब आलम चेयरमैन, मुंझनपुर, अतुल कुमार टीटू जी, राजेश तिवारी, एसपी सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

## न्यायिक कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी काली पट्टी बांध किया विरोध

**विरोध**

### अगर मांगे नहीं मांगी गई तो 30 तारीख को करमचारी भरेंगे हुंकार

**प्रयागराज।** न्यायिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी अपनी बांह में काली पट्टी बांध कर न्यायिक कार्य किया। गौरतलब हो कि विगत काफी समय से शासन एवं माननीय उच्च न्यायालय में लंबित न्यायिक कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में कानपुर देहात में 1अप्रैल को आयोजित दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की आम सभा में यह निर्णय लिया गया था कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह यानि 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2023 तक पूरे प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में व समस्याओं के निस्तारण हेतु संकेतिक रूप से काली पट्टी बांधकर कार्य कर अपना विरोध दर्ज करेंगे। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि यदि शासन व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा हमारी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तो दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2023 को प्रयागराज में एक महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूरे प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।अभिषेक सिंह ने कहा कि हमारी शासन संबंधी प्रमुख मांगे हैं जिसमें 4600 ग्रेड पे के कर्मियों का राज्यपत्रित प्रतिष्ठा प्रदान किया जाना।जिला न्यायालय की नियमावली का संशोधन किया जाना संविदा / आउटसोर्स के पदों का सेवा नियमावली में उपबंध ना होने के बावजूद जिला न्यायालय में इस तरह के पदों का सृजन किया जाना ।

त्वरित न्यायालय की अवधारणा के आधार पर प्रत्येक न्यायालय में न्यायालय के सहयोग हेतु एक बयान लेखक के पद का सृजन किया जाना। अप्रेंटिस पदों को कनिष्ठ सहायक के पदों में परिवर्तित किया जाना।

मृतक आश्रित प्रकरण में शैक्षिक योग्यतानुसार सेवायोजन किया जाना। न्यायिक कर्मचारीयों के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण जल्द से जल्द किया जाना।संविदा कर्मियों के वेतन वृद्धि एवम नियमतिकरण किए जाने हेतु तदर्थ/एफ टी सी केमचारियो को एक समान सेवालाभ प्रदान किए जाना आदि अनेक मांग काफी समय से लंबित हैं जिसके निस्तारण हेतु कोई प्रभावी कदम नंही उठाए जानें से उपेक्षित होकर न्यायिक कर्मचारी आंदोलित होने को बाध्य हो रहे हैं।

काली पट्टी बांध विरोध करने वालों में प्रमुख रूप से दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा इलाहाबाद के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव, शाखा अध्यक्ष एल बी पाण्डेय, आशीष कुमार ,अशोक त्रिपाठी, राहुल मौर्या बृजेन्द्र सिंह,लक्ष्मीकान्त नायक समेत भारी संख्या में न्यायिक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध करते हुए न्यायिक कार्य किया।

## उमरे की हॉकी टीम रही सिंधिया हॉकी गोल्ड कप में उप विजेता

### उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ अध्यक्ष ने दी टीम को बधाई

**प्रयागराज।** 83वीं अखिल भारतीय सिंधिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 25.03.2023 से 31.03.2023 तक ग्वालियर में हुआ था। इस टूनार्मेंट में उत्तर मध्य रेलवे की पुरुष हॉकी टीम ने भाग लिया और उप विजेता रही। टीम के सदस्यों ने कोच एवं प्रबंधक के साथ उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ एवं प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर श्री अनूप कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर उनको इस सफलता और अपने प्रदर्शन के विषय में अवगत कराया। टीम की इस सफलता पर श्री अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य मेंइस प्रदर्शन को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञात हो कि, टूनार्मेन्ट में पुरुष हॉकी टीम का पहला मैच दिनांक 27.03.2023 को मध्य प्रदेश राज्य से हुआ जिसमें उत्तर मध्य रेलवे की टीम 4-1 से विजयी रही। क्वार्टर फाइनल मैच पंजाब पुलिस से हुआ जिसमें मैच 2-2 से ड्रा रहा पर ट्राई ब्रेकर में उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने 5-4 से विजय प्राप्त की ।इसी क्रम में सेमी फाइनल मैच दिनांक 30.03.2023 को एयर इण्डिया को 1-0 से हरा कर टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच दिनांक 31.03.2023 को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित इण्डियन ऑयल की टीम से से हुआ। यह मैच भी अपने निर्धारित समय में 2-2 पर समाप्त हुआ, पर ट्राई ब्रेकर में उत्तर मध्य रेलवे की टीम 3-1 से इण्डियन ऑयल टीम से हार कर उप विजेता बनी। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के उपाध्यक्ष श्री अभिजीत सिंह और उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के महासचिव हिमांशु शेखर उपाध्याय ने भी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे टीम के प्रबंधक मकबूल अहमद, कोच रजनीश चतुर्वेदी और कप्तान शोएब सहित सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे ।



टीम के खिलाड़ी व रेलवे के अधिकारी

## इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस बना विजेता

**प्रयागराज।** शुआट्स इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस चैम्पियन बना। इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ब्लू हाउस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते खेल को आकर्षण का केंद्र बना दिया। ब्लू हाउस की टीम ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत चैंपियन बनी। खिलाडियो ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर विशाल स्कोर 15 ओवर के मैच में 143 रन 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जबकि विपक्षी टीम रेड हाउस को 110 रन पर ढेर कर दिया। दूसरी तरफ येलो हाउस को प्रतियोगिता में अंक के आधार पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।वहीं पिक हाउस को चतुर्थ स्थान पर संतोष करना पड़ा।

## नेहरू युवा केंद्र व खेल मंत्रालय के तत्वधान में जल सरक्षण कार्यक्रम संपन्न

**प्रयागराज।** नेहरु युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के तत्वावधान में कैच द रेन कार्यक्रम के अंतर्गत सोरांव ब्लॉक के बलकरन पुर, बिगहियां, इस्माइलगंज, पाडिला, ताजुद्दीन पुर, नसीरपुर, मटियारा, माधवनगर ग्रामों के युवा मंडलों से सदस्यों को शामिल करते हुए जल सरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन सोरांव में माधवनगर के श्रीमती जानकी देवी बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में वर्षा जल संरक्षण आधारित क्विज, जल शपथ, रैली, जल संवाद, जल चौपाल, गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने वर्तमान में वर्षा जल के केवल 8% ही संरक्षित की जा रही है शेष जल को वातावरण में भाप बनके उड़ जाता है और संचय नहीं किया जा रहा है, इसलिए वर्षा जल संचयन के लिए युवाओं को विभिन्न तकनीकियों का इस्तेमाल करते हुए इस बचत प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्तियों पर्यावरण विद राम बाबू तिवारी , शालिनी तिवारी, उषा सिंह, राम अवध कुशवाहा ने वर्षा जल संरक्षण में युवाओं को आगे आने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान द्वारा ₹आओ - आओ, जल बचाओ₹ नुक्कड़ प्रस्तुत कर वर्षा जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम संचालन विद्यालय के अध्यापक राम बहादुर ने किया। नमामि गंगे परियोजना की जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने गंगा जल संरक्षण कर भूजल स्तर बढ़ाने हेतु युवाओं का मनोबल बढ़ाया। वर्षा जल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर नव्या पटेल, कलश त्रिपाठी तथा अजय कुमार रहे। विजेताओं को दीवार घड़ी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जल चौपाल में राम बाबू तिवारी ने वर्षा जल संचयन की विभिन्न तकनीकियों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में युवाओं द्वारा रैली निकाल कर आस पास के लोगों को भी वर्षा जल संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सोरांव ब्लॉक के स्वयं सेवकों बबिता, कुसुम, अमन, कुलदीप, सुनीता, राजन, सौरभ तथा ग्राम पंचायत सहायिका वर्तिका, ग्राम प्रधान मनीषा देवी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में सोराओं ब्लॉक के गंगा दूतों ने भी प्रतिभाग किया।




जल संरक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## 5 अवैध क्लीनिक सील, स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को देर शाम बड़ी कार्रवाई की गई। सीएवी इंटर कॉलेज के पास स्थित गोबर गली में एक साथ पांच अवैध क्लीनिक सील कर दी गई। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों ने अवैध रूप संचालित क्लीनिकों पर ताला लगाकर पूरी तरह से सील कर दिया। दरअसल, यहां पांच क्लीनिक चल रहे थे जो स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत नहीं थे। इतना ही नहीं कोई डिग्रीधारी डॉक्टर यहां मौजूद नहीं थे। यहां सिर्फ हड् ?डी के मरीजों का इलाज किया जाता था। इलाज करने वाले झोलाछाप थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पंजीकरण) डॉ. तीरथलाल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन गिरि, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश जायसवाल व पंकज पांडेय मौजूद रहे।

दरअसल, गोबर गली में जयदीप चौधरी फ्रैक्कर क्लीनिक, विशाल आनंद क्लीनिक, डॉ. शैलेंद्र चौधरी क्लीनिक, अजीत सिंह क्लीनिक और अजय सिंह क्लीनिक कई वर्षों से संचालित हो रहे थे। यहां हड् ?डी के मरीजों का इलाज मनमानी तरीके से होता था। मरीजों से मनमाना रुपए वसूले जाते थे। 15 मार्च को यहां स्वास्थ्य विभाग की ओर से छापेमारी की गई थी। जिसमें यह पता चला था कि यह पांचों क्लीनिक अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। कुछ संचालक टीम को देख भाग भी गए थे। टीम द्वारा इन सभी को नोटिस देते हुए कहा गया था कि तीन दिन के अंदर इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।लेकिन करीब 20 दिन बाद भी इन लोगों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

## संक्षेप

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जनपद आगमन

**कौशाम्बी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिनांक 07 अप्रैल 2023 को अपरान्ह 12:40 बजे माँ शीतलाधाम कड़ा कौशाम्बी पहुँचेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 12:50 बजे कार्यक्रम स्थल फसइया मैदान, कौशाम्बी पहुँचेंगे।

केन्द्रीय गृह मंत्री अपरान्ह 01:20 बजे से 02:40 बजे तक कौशाम्बी महोत्सव का शुभारम्भ, परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, लाभार्थी परक योजनाओं में लाभार्थियों को चेक/सामग्री वितरण एवं सांसद खेल स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र वितरित करेंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अपरान्ह 02:55 बजे आजमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 152 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया

# शार्ट सर्किट से लगी आग, कई बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक

**कौशाम्बी।** एक तरफ बिजली विभाग की अव्यवस्था का खामियाजा किसान भुगत रहे हैं दूसरी तरफ फायर ब्रिगेड के अव्यवस्था के चलते समय पर किसानों को मदद नहीं मिल रही है जिससे किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है लेकिन पूरे वर्ष इंतजाम करने की बात करने वाले अधिकारी समय पर बदइंतजामी का शिकार हो रहे हैं जिसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड के अव्यवस्था को अभी तक जिलाधिकारी ने संज्ञान लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करा कर इनकी गिरफ्तारी करा कर इनको जेल नही भेजा है डीएम की मीटिंग में प्रत्येक महीने आल ओके किया जाता था शासन को रिपोर्ट भेज दी जाती थी लेकिन यहां इंतजाम कुछ नहीं होता था आखिर पूरे वर्ष दोनों बिभाग के अधिकारियों ने व्यवस्था के नाम पर क्यो मौज मस्ती की है जिससे किसानों की फसलों में शॉर्ट सर्किट से आग लग रही है और उसे बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड का सिस्टम नहीं काम कर रहा है अब तक देखते देखते सैकड़ों किसानों के खेत मे खड़ी फसल में आग लग चुकी है जिसे बुझाने के लिए समय पर फायर बिग्रेड का सिस्टम नहीं पहुंच सका है वही खेत में आग लगने के पीछे भी बिधुत बिभाग के शॉर्ट सर्किट का मामला



सामने आता है आखिर गेहूं की खड़ी फसल में ही क्यों बिजली के शॉर्ट सर्किट होती है पूरे वर्ष विद्युत के ढीले तार को बिभाग क्यों नहीं ठीक कर पाता है लेकिन जवाब देंह अधिकारी सामने आने को तैयार नहीं है यह पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है

जनपद के सिराथू विकासखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा मलाक पिंजरी के चकिया गांव में शार्ट सर्किट से मंगलवार की दोपहर किसानो के खेत में आग लग गई।आग की लपेट में आकर लगभग दस बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। खड़ी फसल में आग लगने की भनक जैसे ही लोगों को लगी सैकड़ों की तादात में लोग लाठी डंडा व बाल्टी में पानी भरकर आग को काबू करने के लिए खेत पर पहुंच गए।

लोगों ने लाठी - डंडा से आग को पीटकर व पानी का छिड़काव कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग का भयंकर रूप लेने से पहले ही लोगों ने आसानी से काबू कर लिया अन्यथा किसानों की सैकड़ो बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई होती। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसान दंपत्ति फसल की हालत देखकर सन्न रह गए

चकिया निवासी मिश्री लाल पांडेय, उमा महेश पांडेय, लक्ष्मी नरेश पांडेय, यदुवीरपर निवासी त्रिभुवन मिश्र, रामधीरज मिश्र, अवध बिहारी मिश्र, राजनाथ मिश्र, मंगला प्रसाद मिश्र, गेहूं की फसल उगाए हुए थे जिसके ऊपर से हाई वोल्टेज की तार गई है किसी कारण वश तार से चिंगारी उत्पन्न हुई और वह गेहूं के खेत में जाकर गिर गई इसलिए लगभग दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल जलकर राख हो जाने के कारण पीड़ित परिवार के समक्ष परिवार का पेट भरने की एक बड़ी चुनौती आकर खड़ी हो गई है जिससे निपटने के लिए उपरोक्त पीड़ित परिवार शासन की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

# अभिभावकों की जेब ढीली कर रहे महंगे कॉपी-किताब

**कौशांबी।** महंगाई की मार का असर पढ़ाई के सामान पर भी पड़ने लगा है। कॉपी-किताब से लेकर यूनिफॉर्म तक के दामों में बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 20 से 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। मध्यम वर्गीय अभिभावक महंगाई से परेशान हैं। अभिभावकों की मानें तो उनकी साल भर की बचत और मार्च-अप्रैल की सैलरी तो बच्चों की कॉपी-किताब खरीदने व स्कूल की फीस भरने में ही खर्च हो जाती है। रबर, पेंसिल और शॉर्पनर के दाम में भी 10 से 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। स्टेशनरी व्यवसाय से जुड़े विपिन केसरवानी ने बताया कि रद्दी के दाम में हुई बढ़ोतरी के चलते पढ़ाई से जुड़े हर सामान के मूल्य आसमान छूने लगे हैं। इसका असर अभिभावकों पर पड़ रहा है। कोरोना संक्रमण के दौरान ऑनलाइन क्लास में अभिभावकों को किताब-कॉपियों पर कम खर्च करना पड़ा था। अब स्कूलों में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होने से किताब-कापियों के दामों में बढ़ोत्तरी का असर लोगों की जेब पर दिख रहा है। किताब, ड्रेस, जूता आदि की कीमत में भी 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। स्कूली बैग की कीमत में 100 से 150 रुपये का इजाफा हुआ है। दुकानदारों के मुताबिक कॉपी-किताबों का जो सेट पहले औसतन तीन हजार रुपये में आता था, वह इस बार पांच हजार रुपये में है।



## शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 18 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सोनू पासी पुत्र बिरजू पासी निवासी कोसम ईनाम थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामलौटन रैदास पुत्र स्व0 रामनाथ रैदास निवासी औधन थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## पति के साथ मुंबई से घर लौट रही विवाहिता लापता

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के शाहपुर टिकरी गांव में ब्याही युवती महीने भर पहले संदिग्ध दशा में रास्ते से लापता हो गई। खोजबीन के बाद भी विवाहिता का कहीं पता नहीं चल सका है। लापता विवाहिता की मां ने पति व ससुरालवालों पर जान से मारने की नीयत से गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाहपुर टिकरी गांव की सविता देवी पुत्री मिश्री लाल की डेढ़ साल पहले गांव में ही अरुण के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद विवाहिता पति के साथ मुंबई चली गई। महीने भर पहले वह पति के साथ मुंबई से घर लौट रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वह रास्ते से संदिग्ध दशा में लापता हो गई। बेटी के गायब होने की जानकारी मायके वालों को हुई वह अवाक रह गए। खोजबीन के बाद भी विवाहिता का कहीं पता नहीं चल सका। लापता विवाहिता की मां जगपतिया का आरोप है कि जान से मारने की नीयत से उसकी बेटी को ससुरालवालों ने गायब कर दिया है। थाने में पीड़ित मां ने मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति अरुण कुमार, देवर भईय्यन, मनु, विनोद, ससुर भैयन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसओ ने बताया कि विवाहिता रास्ते से गायब हुई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आगजनी से हुए नुकसान का किसानों को समुचित मुआवजा दिया जाए : अजय सोनी



घटनास्थल पर पीड़ित किसानों के लिए मुआवजे की मांग करते अजय सोनी

**कौशांबी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने मंगलवार को ग्राम चकिया मजरा मलाक पिंजरी में हुई आगजनी की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजा दिए जाने की तहसील प्रशासन सिराथू से मांग की है।

मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी को जैसे ही ग्राम चकिया के ग्रामीणों से आगजनी की घटना की सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंचे और आगजनी की घटना से हुए नुकसान का स्थलीय जायजा लिया और पीड़ित किसानो से मुलाकात की। साथ ही मलाक पिंजरी के लेखपाल से मौके पर से ही फोन पर वार्ता की। वार्ता के दौरान अजय सोनी ने कहा कि जिन जिन किसानों का आगजनी की घटना से नुकसान हुआ है उन उन किसानो को चिन्हित करके उन्हें समुचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। ग्रामीणों से वार्ता के क्रम में अजय सोनी को जानकारी हुई कि विद्युत तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी के चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी है जिसके चलते करीब दस बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है। आगजनी की घटना से चकिया निवासी उमा महेश पांडेय, जगदीश पुर निवासी बबलू मिश्रा, दीपू मिश्रा का गेहूं जलकर नष्ट हुआ है जिसके चलते इन किसानो को भारी आर्थिक क्षति हुई है। अजय सोनी ने तहसील प्रशासन सिराथू से सभी पीड़ित किसानो को सर्वे कराकर समुचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### नलकूप किसानों का बकाया बिजली बिल हो माफ

**कौशांबी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने निजी नलकूप उपभोक्ता किसानो का बकाया बिजली बिल माफ करने एवं इन किसानो को भी निजी नलकूप के संचालन के लिए मुफ्त बिजली देने की प्रदेश सरकार से मांग की है। ग्राम पड़री ब्लॉक सिराथू में पार्टी के कई कार्यकताओं के साथ बैठक कर अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। आगे कहा कि प्रदेश सरकार से हमारी यह मांग है कि जिन जिन किसानों के निजी नलकूप का विद्युत बिल बकाया है, उन्हे भी मुफ्त बिजली की योजना में शामिल किया जाए। साथ ही उन किसानो का बकाया बिजली बिल प्रदेश सरकार द्वारा माफ किया जाए। आगे कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी किसानो को मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिले। सिर्फ चुनिंदा किसानो को ही मुफ्त बिजली योजना के लाभ देने से सरकार की किसानो को मुफ्त बिजली देने की योजना फलीभूत नही होगी और ऐसे किसानो का भारी नुकसान होगा जो गंभीर आर्थिक बदहाली के चलते निजी नलकूप का विद्युत बिल या तो जमा नहीं कर पाए या तो आंशिक रूप से ही जमा कर पाए हैं। अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही सभी किसानो को मुफ्त बिजली योजना में समायोजित किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार को समर्थ किसान पार्टी की ओर से ज्ञापन भेजा जाएगा। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, राजा सिंह यादव, मुन्ना पटेल, अश्विनी तिवारी, राजेश निर्मल आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते सात अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्तो मोहित पुत्र मन्नी लाल सरोज निवासी सहजादपुर थाना कोखराज राजकरन यादव पुत्र प्रहलाद मिथलेश पुत्र महिपाल यादव पप्पू यादव पुत्र महिपाल निगण गुलामीपुर थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 17 हजार 600 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 10 हजार 900 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा तीन अभियुक्तों नीरज कुमरा पुत्र शिवभजन छोट्टन पुत्र झल्लू राजेश कुमार पुत्र देवपति निवासीगण बरसा थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 320 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 160 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

## महिला से की मारपीट, तीन पर केस

**कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के चक सैनी गांव में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और महिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जरीना पत्नी मुन्नू का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शाम पड़ोसी साथी के साथ महिला के घर में घुस गया और तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर दबंगों न महिला को पीट दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपित भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित राकेश, डाले व कंधई के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# गृहमंत्री के आगमन को लेकर डीएम एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर डीएम एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया है और उन्होंने मौके पर उपस्थित अधीनस्थों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं गृह मंत्री के आगमन में इसी प्रकार की कमी ना रह जाए इस पर पूरी नजर रखी जा रही है कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से सजाया जा रहा है कड़ाधाम थाना अंतर्गत होने वाले कौशाम्बी महोत्सव में वीवीआईपी के आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को कार्यक्रम स्थल व शीतला धाम मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया गया साथ ही तैयारियों की समीक्षा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने कस्बे क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने और क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना संदीपनघाट अंतर्गत कस्बे में फूटमार्च किया गया इस दौरान उन्होंने शराब की दुकानों को चेक किया पैदल भ्रमण के दौरान उन्होंने संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल की और कड़ी हिदायत दी तथा व्यापारी बंधुओ से उन्होंने बातचीत कर सुरक्षा का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरा लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की तथा संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक, थाना सराय अकिल से दो थाना कोखराज से दो कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# सीमित संसाधनों से आग पर काबू पाना मुश्किल

**कौशांबी।** दोआबा में जब भी कोई अग्निकांड की घटना होती है तो अग्निशमन विभाग असहाय नजर आता है। सीमित संसाधनों से जूझ रहे विभाग के पास न तो पर्याप्त उपकरण है और न ही पर्याप्त स्टाफ। ऐसे में जबतक महकमें के कर्मी दमकल के साथ मौके पर पहुंचते है तब तक आग से बड़ा नुकसान हो चुका होता है। जिले के उच्चाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी गंभीर नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायरकर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

1997 में तथागत की तपोस्थली कौशाम्बी को नया जिला बनाया गया था। 26 साल गुजर गए पर आज तक मुख्यालय का फायर स्टेशन हाईटेक नहीं बनाया जा सका है। जिले की तीन तहसील क्षेत्रों से जुड़े आठ ब्लॉकों में जब भी कोई अग्निकांड की घटना होती है तो अग्निशमन विभाग असहाय नजर आता है। गर्मी शुरू होते ही अग्निकांडों का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइनों के हवा में टकराने से चिंगारी गिरते ही फसल धू-धूकर जल जल उठती है। ऐसे में सूचना के बावजूद भी अग्निशमन विभाग का दल तब पहुंच पाता है जब आग से खासा नुकसान हो चुका होता है। 18 से 20 लाख आबादी को आग से बचाने के लिए तीन तहसील क्षेत्र में मात्र चारा फायर स्टेशन है। पहला मुख्यालय दूसरा सैनी तो तीसरा उदिहिन खुर्द व चौथा फायर स्टेशन पश्चिमशरीरा मे बना है। अग्निशमन विभाग के पास अर्से से कर्मियों व उपकरण का टोटा बनाहै। कर्मचारी व उपकरण के उपलब्धता का मानक पूरा करने का सिलसिला कागज तक सिमट कर रह गया है। जिसका खामियाजा गरीब पीड़ितों को भुगतना पड़ता है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई मारपीट की एफआईआर

**कौशांबी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव में पड़ोसी के घर हंगामा कर मारपीट करना आरोपितों को महंगा पड़ा। घटना के चार महीने बाद पुलिस ने अदालत के आदेश पर दो दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जुगराजपुर निवासी शिवाकांत का गांव के ही देव प्रकाश आदि से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में 29 दिसंबर की शाम आरोपित अपने दो दर्जन साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर शिवाकांत के घर पहुंच गया। घर में घुसकर आरोपितों ने हंगामा करते हुए सारा सामान तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद सरिया, इंजन आदि उठा ले गए। दूसरे दिन पीड़ित ने थाने में मामले की नामजद शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। पीड़ित अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने आरोपित देव प्रकाश, बंशीलाल, अशोक, संतोष समेत दो दर्जन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक



धर्म गुरूओं के साथ बैठक करते अपर पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कौशांबी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है कौशांबी महोत्सव में बीआईपी के आगमन को लेकर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी करने में लगा है अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा क्षेत्राधिकारी सिराथू के साथ कौशाम्बी महोत्सव के दृष्टिगत थाना कड़ाधाम क्षेत्र के विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओं सभ्रान्त नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की है धर्मगुरुओं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कौशांबी महोत्सव के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की लोगो से अपील की है बैठक के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया है।

# तीन साल की उम्र पूरी होने पर ही नर्सरी में मिलेगा प्रवेश

**कौशांबी।** शिक्षण सत्र 2023-24 में सभी स्कूलों में नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। इसके तहत कक्षा में प्रवेश के लिए आयु सीमा भी निर्धारित कर दी गई है। अब नर्सरी के लिए तीन साल और कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र छह वर्ष पूरी होना जरूरी है। इसके अलावा विषय चयन की छूट भी मिलेगी।

एक अप्रैल से नए शिक्षा सत्र के साथ प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हुई है। पहले दिन तमाम अभिभावक अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए स्कूल पहुंचे। बेसिक व माध्यमिक के स्कूलों में प्राइमरी से लेकर जूनियर व सीनियर वर्ग की कक्षाओं में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश लिए गए। नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र तीन तथा कक्षा एक के लिए छह साल की उम्र पर पूरी होने के नियम का अनुपालन किया जा रहा है। पहले पांच वर्ष की उम्र में ही कक्षा एक में प्रवेश दे दिया जाता था।

### आठ साल की उम्र तक प्राथमिक चरण में सीखने की सीमा

**कौशांबी।** बीएसए प्रकाश सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति में बच्चों के लिए प्राथमिक चरण में सीखने के लिए आठ वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। इसमें पांच साल की उम्र तक स्कूलिंग यानि कि नर्सरी, प्ले ग्रुप और केजी की कक्षाएं शामिल हैं। वहीं, छह साल की उम्र में कक्षा एक और सात वर्ष की आयु में कक्षा दो में प्रवेश का प्रावधान किया गया है। वहीं, अगर कोई बच्चा पढ़ाई में कमजोर है, तो उसे आठ साल की उम्र में भी कक्षा दूसरी में पढ़ाया जा सकता है।

संक्षेप

### आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** ललगंज के खेंमसरी गांव में गोबर की उपली हटाने के विवाद में सोमवार की शाम हुई मारपीट में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खेंमसरी गांव के बंशीलाल के पुत्र राजकुमार वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते सोमवार को रात्रि करीब आठ बजे गोबर की उपली हटाने के विवाद में विपक्षी लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके। विपक्षी गाली देने लगे तो पीडित व उसके परिवार के सदस्यों ने मना किया। इस पर विपक्षी गांव के राधेश्याम पुत्र रामदुलार, रोशन वर्मा पुत्र श्यामलाल, श्यामलाल की पत्नी आशा, राजनाथ के पुत्र मोनू, छोटेलाल के पुत्र सतीश तथा राधेश्याम की पत्नी ने लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट मे पीडित के भाई राजकुमार तथा उसके पिता व मां को गंभीर चोटें आ गयी। कोतवाली के समीप खेंमसरी गांव में मारपीट की सूचना मिलते ही कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पर घटना नियंत्रित हो सकी। मारपीट की घटना में घायलों को पुलिस सुरक्षा में नगर के ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए लाया गया। यहां घायलों का उपचार जारी बताया जाता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राधेश्याम समेत आधा दर्जन के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# तदर्थ शिक्षकों को दस माह से नहीं मिला वेतन, डिप्टी सीएम से गुहार

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक विद्यालयों में कार्य कर रहे तदर्थ अध्यापकों को पिछले वर्ष जुलाई माह से वेतन नहीं मिला है। जबकि तदर्थ शिक्षक वर्ष 1993 से विद्यालयों में अनवरत पढ़ा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय से तदर्थ अध्यापकों पर सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार व विभाग द्वारा तदर्थ शिक्षकों के संबंध में अभी तक कोई निर्णय न लिए जाने से भुखमरी के कागार पर हैं। कइयों ने बैंक से लोन ले रखा है। बैंक अब ऐसे शिक्षकों से रिकवरी नोटिस भेज रखा है। सेवा सुरक्षा के लिए तदर्थ शिक्षकों ने सरकार, बीजेपी पार्टी संगठन व आरएसएस के नेताओं से भी कई बार वेतन भुगतान कराने की गुहार लगा चुके हैं। अपने दीनहीन हालात का नेताओं से हवाला भी दिया मगर नेताओं ने शिक्षकों को कोरा आश्वासन ही दिया। सोमवार को प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश


डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

पाठक प्रतापगढ़ में विकास कार्यों की समीक्षा व पार्टी कार्यकताओं को चुनाव को लेकर गुरू मंत्र देने आए थे। तदर्थ शिक्षकों के नेता प्रभात कुमार त्रिपाठी व राजेश कुमार तिवरी की आगुवाई में शिक्षकों ने डिप्टी सीएम से मिलकर अपना दुखड़ा रोया व वेतन दिलाने की मांग की। इस संबंध में शिक्षकों ने डिप्टी सीएम को ज्ञपान सौंपा। शिक्षक नेताओं ने डिप्टी सीएम से कहा कि हम सभी लोग सरकार की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। पिछले दस माह से वेतन न मिलने से हमारी स्थिति दयनीय हो चली है। हम लोगों को भरोसा है कि सरकार हमारा अहित नहीं करेगी। लेकिन दस माह से बिना वेतन के विद्यालयों में काम करते बीत चुका है। हम लोगों पर दया दृष्टि अपनाते हुए हमारा कल्याण करें। तदर्थ शिक्षकों के मार्मिक अपील पर डिप्टी सीएम ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वसन दिया है। इस दौरान हेमन्त सिंह, प्रमोद कुमार दूबे, राकेश सिंह, दिलीप कुमार पाण्डे, केपी सिंह, संजय सिंह, शिव दत्त मिश्र, ओम प्रकार त्रिपाठी सहित अनेक तदर्थ शिक्षक मौजूद रहे।

## सामूहिक रूप से ब्राम्हणों को गाली देने वाला प्रधान भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** बिहार ब्लाक के जमलामऊ ग्राम प्रधान सत्येंद्र यादव द्वारा सामूहिक रूप से ब्राम्हाणों को गाली देना भारी पड़ गया। बाघराय के एसओ त्रिलोकी पाण्डेय ने मंगलवार को गिरफ्तार कर गालीबाज प्रधान को जेल भेज दिया। गांव के अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी द्वारा ग्राम सभा में प्रधान द्वारा कराये गए कामों में जमकर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए जॉच की मांग की थी। शिकायत से भन्नाए प्रधान सत्येंद्र यादव ने अधिवक्ता को फोनकर धमकी देते हुए पूरे ब्राम्हण समुदाय को गाली दी थी। जिसका आडियो सोसलमीडिया में सोमवार को वायरल हुआ था। ब्राम्हणों को सामूहिक गाली देने का आडियो वायरल होते ही जिले के ब्राम्हणों में आक्रोश फैल गया। एसपी सतपाल अंतिल के सख्त तेवर को देखते हुए एसओ बाघराय त्रिलोकी नाथ पाण्डेय ने उसे दबोच लिया। पुलिस पकड़ में आते ही प्रधान गिड़गिड़ाने लगा और आगे से ऐसा न करने की कसमें खाई। फिलहाल पुलिस ने गालीबाज प्रधान को जेल भेज दिया है।

## आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक व बड़े बाबू पर कमीशन मांगने का लगाया आरोप, एसडीएम को ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंची आशा बहुएं

**प्रतापगढ़।** रानीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक व बड़े बाबू पर क्षेत्र की आशाओं ने गंभीर अरोप लगाया है। आशाओं ने अधीक्षक व बडे. बाबू पर आरोप लगाते हुए कहा कि वेतन के लिए प्रत्येक आशाओं से दौ रूपया व जेएसवाई पर 50 रू0 प्रतिमाह की मांग की जाती है। मांग पूरी न करने पर समय से वेतन भुगतान व अन्य कार्य नहीं किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की आशाओं ने रानीगंज एसडीएम के आफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें अधीक्षक व बड़े बाबू के द्वारा की जारी प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है। रानीगंज आशा संघ की अध्यक्ष ने कहा कि यदि सीएचसी अधीक्षक सचिन शुक्ला व बड़े बाबू अंकित पाण्डेय के आर्थिक शोषण से मुक्ति न मिली तो लम्बी लड़ाई लड़ी जायेगी। एस संबंध में ज्ञापन देने पहुंची नाराज आशाओं को रानीगंज के एसडीएम ने कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया।

## चीन का दुस्साहस मोदी सरकार की विफलता का परिणाम : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने चीन के द्वारा अरूणांचल प्रदेश के ग्यारह गांवों तथा नदियों व पहाड़ो का भौगोलिक नाम बदलने के दुस्साहसिक कदम को देश की सार्वभौमिकता के लिए चुनौती कहा है। उन्होने कहा कि लगातार तीसरी बार चीन का यह दुस्साहस बीजेपी सरकार की कूटनीतिक और कमजोर विदेश नीति की सबसे बड़ी विफलता है। चीन के इस दुस्साहस पर बीजेपी की खामोशी अत्यन्त शर्मनाक है। प्रमोद तिवारी ने बिहार तथा पश्चिम बंगाल में साम्प्रदायिक दंगों को बीजेपी सरकार का एजेण्डा व वोटों का ध्रुवीकरण बताया।प्रमोद तिवारी ने कहा कि अरूणांचल प्रदेश का जर्रा जर्रा भारतीय भूभाग का अभिन्न अंग है। पीएम मोदी की चीनी मसले पर कई बार की खामोशी देश के राजनैतिक नेतृत्व की कमजोर इच्छाशक्ति का खतरनाक कदम बताया है। देश जानना चाहेगा कि हमारे जाबांजों को सीमा पर शहादत पर क्यों देनी पड़ी। श्री तिवारी ने पीएम से



अनुरोध किया है कि देश के सम्मान और गौरव की रक्षा में वह आगे बढ़कर मजबूत कदम उठायें। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से मंगलवार को जारी बयान में उन्होने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी तथा सुरक्षा के मुददे पर विफल बीजेपी चुनावी एजेण्डा बदलना चाहती है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि बिहार एवं पश्चिम बंगाल मे भाजपा के इशारे पर साम्प्रदायिक दंगे 2024 के चुनाव को लेकर अभी से ध्रुवीकरण और साम्प्रदायिकता का माहौल बनाने का सत्ता पक्ष का गहरा षडयन्त्र है।

## ईट-भट्ठे के संचालन पर रोक का निर्देश, हड़कंप

**प्रतापगढ़।** मानक के विपरीत चल रहे ईट भटठे को बंद कराने के लिए एसडीएम ने लालगंज कोतवाली पुलिस को निर्देश दिये है। लालगंज कोतवाली के अमावां गांव में मानक के विपरीत चल रहे भट्ठे को लेकर सीआरओ के यहां शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिये थे। तहसीलदार की जांच आख्या मिलने के बाद इक्तीस मार्च को एसडीएम उदयभान सिंह ने सीआरओ को आख्या भेजी। जिसमें ईट भटठे के संचालन में आम महुआ के पेड अवस्थित होने तथा एक पेट्रोल पम्प से भी नजदीक होने का हवाला दिया है। भटठे के संचालन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनापत्ति प्रमाण पत्र भी न होने की बात कही गयी है। एसडीएम ने आख्या में कहा है कि लालगंज पुलिस को नियम के विपरीत इस ईट भटठे के संचालन को रोके जाने के निर्देश दिये गये है।

# काली पट्टी बांधकर दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन

**मांग पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी**

**प्रतापगढ़।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को लंबित मांगें पूरी न होने पर कामकाज बंद कर प्रदर्शन किया। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर संघ के जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी के अगुवाई में कर्मचारियों की शासन द्वारा की जा रही उपेक्षा के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध जताया है। सरकार से नाराज दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराते हुए कार्य किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा लगातार कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है। कर्मचारियों की लंबित मांगो को पूरा नही किया जा रहा है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि काला फीता बांधकर यह सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन सात अप्रैल तक अनवरत चलता रहेगा। इसके बावजूद यदि सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर समूचे प्रदेश के कर्मचारी आर-पार की


प्रदर्शन करते कर्मचारी

लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हरिगोविंद सिंह, केंद्रीय नाजिर छोटे लाल, मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल, सुनील पांडेय, सूर्यप्रकाश पांडेय, अभिनव सिंह, वरुण त्रिपाठी, राहुल शर्मा, दिलीप कुमार रजक, पवन कुमार, अजीत सिंह,पवन मिश्र, औतम गिरि, नीलेश मिश्र, जितेंद्र मिश्र, विनोद सरोज, मोहित मिश्र, लवलेश मिश्र, उर्मिला राणा, सरिता सिंह, कंचन सरोज सहित दीवानी न्यायालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन संघ के महामंत्री कमलेश सिंह ने किया।

### भगवान तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं सन्त : आचार्य अरविन्द

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चमरूपुर शुक्लान में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा में कथाव्यास मोरारी बापू के कृपा पात्र शिष्य आचार्य अरविन्द महराज ने कहा कि मानव का मन सांसारिक कार्य में व्यस्त रहता है। वहीं सन्तों का मन परमार्थ में रमा रहता है। सन्त समागम से ही मानव को भगवान तक पहुंचने का मार्ग सुगम बन सकता है। कथा प्रसंग में आचार्य अरविन्द ने कहा कि प्रभु के पास जो सच्चे मन से जाता है उसका कल्याण अवश्य होता है। उन्होनें कहा कि यदि मानव अपने जीवन मे प्रतिदिन घण्टे भर का समय प्रभु श्रीराम के भजन मे लगा दे तो उसका जीवन सफल हो जायेगा। कथावाचक ने श्रीराम कथा से जुडे विभिन्न प्रसंगो का वर्णन किया। कथा के दौरान बीच बीच में राम नाम संकीर्तन से वातावरण और भक्तिमय हो उठा दिखा। सामूहिक श्रीराम कथा के आयोजन समिति के गोलू शुक्ल, बब्बन शुक्ल, रामचंद्र सिंह, दयाशंकर गिरि, डा. अरूण कुमार रत्नाकर, पुनीत मिश्र आदि ने श्रद्धालुओं मे महाप्रसाद का वितरण किया।

# रंगदारी मांगने से पीड़ित व्यापारी का व्यापारी नेताओं ने जाना हाल, बढ़ाया साहस

**प्रतापगढ़।** शहर के पंजाबी मार्केट में बेकरी का काम करने वाले शिव कुमार पंजानी से एक सप्ताह पूर्व बदमाशों ने इण्टरनेट काल के जरिए 15 लाख की रंगदारी मांगी थी। न देने पर बेटे सहित व्यापारी की राजेश सिंह जैसे हत्या की धमकी दी थी। डरे व्यापारी ने दुकानबंद कर अपने को परिजन सहित घर में कैद कर लिया था। जानकारी होने पर व्यापारी नेताओं के साहस देने पर पीड़ित ने एसपी से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। सप्ताह बीत जाने के बाद भी धमकी बाज तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच सकी। आनंद बेकरी का संचालक शिवकुमार अब भी डरा सहमा है। वह अपनी दुकान पर बैठना बंद कर दिया है। कर्मचारियों के सहारे दुकान संचालित हो रही है। मंगलवार को उद्योग व्यापार पतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी की अगुवाई में दर्जनों व्यापारी पीड़ित


पीड़ित व्यापारी का हाल जानने पहुंचे व्यापारी नेता

के घर पहुंचकर उसका हाल जाना। व्यापारियों ने पीड़ित व्यापारी को साहस बधाते हुए पुलिस मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान लखन बाबा, संजय सोनी, कृष्ण मोहर केसरवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, सुनीज जायसवाल, अमित केसरवानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### चिट फंड कंपनियों से जुड़े फार्म जमा करने हेतु बंद विण्डो को फिर से खुलवाने की मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न चिट फंड कंपनियों मे लोगों के जमा धन की वापसी को लेकर परेशानी बनी हुई है। हालांकि इन प्राइवेट कंपनियों मे ग्राहकों द्वारा लगाए गए अपने धन की वापसी को लेकर काफी समय से प्रयास किया जा रहा है। इधर पैसा वापस मिलने को लेकर सेबी की ओर से भी कुछ कदम उठाए गए हैं। पीएसीएल, सहारा जैसी चिट फंड कंपनियो मे लोगों के जमा धन की वापसी की कवायद मे जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील मे विण्डो खोले गये थे। जिसमें इक्तीस मार्च तक बकाया वापसी को लेकर ग्राहको द्वारा फार्म जमा किये गये। लेकिन अब यह विण्डो बंद हो गया है। इसकी जानकारी होने पर सोमवार को वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू पासी की अगुवाई में मनोज शर्मा, रामबक्श सरोज, हरीराम, बृज लाल, राम सजीवन, मेवा लाल यादव, राजेन्द्र कुमार समेत तमाम पीड़ित ग्राहकों ने सोमवार को लालगंज तहसील पहुंचकर उक्त विण्डो को पुनः खुलवाए जाने हेतु एसडीएम उदयभान सिंह से मांग की है।

## गाय के जुड़वा बच्चे पैदा होने से ग्रामीणों में कोतूहल

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर क्षेत्र के कोठियाही गांव के रहने वाले शिक्षक रमन कुमार दुबे की पालतू गाय द्वारा मंगलवार सुबह जुड़वा बच्चे देने पर गांव में कौतूहल व चर्चा का विषय बना हुआ है। रमन दुबे ने बताया कि रिटायर होने के बाद सरकार द्वारा गोसंरक्षण को बढ़ावा देने से प्रेरित होकर मैंने भी गाय पालने का निर्णय लिया। कुछ दिन पहले से यह गाय हमारे घर के पास आती जाती थी। घर वाले सुबह शाम चारा पानी देते थे जिससे यह मेरे घर के पास ही रहने लगी और मैंने इसे पाल लिया। मंगलवार की सुबह गाय ने एक बछिया और एक बछड़े को जन्म दिया। दोनों बच्चे लगभग एक जैसे हैं। एक साथ दो बच्चे देखकर घर वाले बहुत खुश हैं। घर के लोग इस गाय को कामधेनु का रूप मान रहे हैं और इसकी खूब सेवा करेंगे। इस संबंध में



स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ अशोक वर्मा से बातचीत पर उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर एक बार में गाय एक एग ही रिलीज करती है। जिसे स्पर्म डिफ्यूज करता है। जिससे एक बच्चे का जन्म होता है। लेकिन कभी कभी वो एक एग में विखंडन हो जाता है और गर्भ में दो बच्चों का विकास होता है। इस तरह से जुड़वा बच्चे बिल्कुल एक जैसे दिखते है। ऐसा दुर्लभ मामला बहुत कम देखने को मिलता है। जुड़वा बच्चों को लेकर क्षेत्र के लोगो में खासी चर्चा है। लोग दूर दराज से इसे देखने पहुंच रहे हैं।

## गंगा एक्सप्रेसवे कार्यदायी संस्था से एसडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ विकासखण्ड के पूरे छत्तू गांव में सरकारी स्कूल के बगल गंगा एक्सप्रेसवे कार्यदायी संस्था द्वारा गडढा खोदने को लेकर एसडीएम ने कार्यदायी संस्था से स्पष्टीकरण तलब किया है। स्पष्टीकरण तलब होते ही एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था ने खुदवाए गडढे को सोमवार की रात पाटने में जुट गई। एसडीएम उदयभान सिंह स्कूल के बगल गडढे के समतलीकरण को लेकर मंगलवार को भी गांव पहुंचे। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को यथाशीघ्र गडढे को पाटे जाने की प्रक्रिया पूर्ण करने की हिदायत दी। ग्रामीणों की मानें तो मानक के विपरीत नौनिहालों की जान को जोखिम में डालने के लिए जिस तरह से स्कूल के बगल गडढे की खुदाई की गयी है, दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिये। एसडीएम उदयभान सिंह ने कार्यदायी संस्था को स्पष्टीकरण के जरिए आगाह किया है कि यदि गडढे को पूरी तरह से समतल नहीं किया गया तो कार्यवाही के लिए डीएम को संस्तुति की जाएगी। बतादें पूरे छत्तू गांव में गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी डालने के लिए कार्यदायी संस्था ने गांव के प्राथमिक विद्यालय के बगल गहरा गडढा खोद दिया था। इसे लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी। वही ग्रामीणो की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी डीएम को पत्र लिखकर एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था के इस कार्य पर नाराजगी जताई थी। विधायक ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की अपेक्षा की है।

### एडीएम ने जिले में 30 मई तक लागू की निषेधाज्ञा

**प्रतापगढ़।** एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने 07 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल को डा0 अम्बेडकर जन्म दिवस, 21 अप्रैल को रमजान का अन्तिम जुमा, 22 अप्रैल को ईद व 05 मई को बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार को देखते हुए जिले में 30 मई तक धारा 144 लागू की है। इसके अतिरिक्त इस दौरान 24 अप्रैल को बी0एड्0 प्रवेश परीक्षा-2023 व पी0सी0एस0 प्री-2023 आदि विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। साथ ही नगर निकायों के निर्वाचन के दृष्टिगत त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरते जाने व परीक्षाओं को सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखना आवश्यक है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। एडीएम ने बताया कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार, शस्त्र लेकर नही चलेगा।

# श्रीराम कथा के पूर्व निकाली गई शोभायात्रा

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक के दिव्य धाम मानव कल्याण सेवा संस्थान रामपुर भेड़ियानी के तत्वावधान में श्रीराम कथा से पूर्व विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कथा वाचक व्यास राघवेश्वर के नेतृत्व में कथा स्थल पर विधि विधान से पूजन किया गया। शोभायात्रा स्थानीय बाजार स्थित बाबा नर्वदेश्वर नाथ धाम, बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम, सोमेश्वर नाथ धाम होते हुए संगम चौराहा लालगंज, भदारी, बाबूगंज बाजार, लक्ष्मणपुर से होते हुए कथा स्थल पंहुची। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुनों पर नाचते गाते जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र आस्था व भक्ति भाव से सराबोर हो गया। कथा संयोजक पं श्याम शंकर पाण्डेय ने शोभायात्रा में शामिल क्षेत्रीय लोगों स्वागत व आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवनारायण पाण्डेय समस्त


शोभायात्रा में शामिल लोग

क्षेत्रवासियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर समाजसेवी हौंसिला प्रसाद ओझा, समाजसेवी संजय शुक्ल, योगेश ओझा, शिवम द्विवेदी, सतीश पाण्डे, चंचल तिवारी, राकेश पाण्डे, प्रमोद मिश्र, अंगद मिश्र, पप्पू तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

जनसंपादकीय

# मानव अंगों की जरूरत और हमारी भूमिका

भगवान स्वरूप कटियार



भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोग जान गवां देते हैं ।?वर्ष 2022 में मात्र पंद्रह हजार अंगों का ही प्रत्यारोपण हो पाया । अंगों की जरूरत और उपलब्धता की खाई पाटने का एक ही उपाय है कि अंगदान के लिए प्रोत्साहन एवं जागरूकता के जरिये देश के नागरिकों को अंगदान के लिए मानसिकरूप से तैयार किया जाय और दूसरा उपाय जैसे विज्ञान ने कृतिम रक्त तैयार कर खून की कमी का विकल्प खड़ा किया उसी तरह स्टेम सेल से जरूरत वाले अंगों का उत्पादन किया जाय । अगर कुछ इन्सेन्टिव के साथ अंगदान को कुछ फीसदी तक अनिवार्य कर दिया जाय तो यह काम आसान हो सकता है । अब केंद्र सरकार ने अंग प्राप्त करने के लिए देश के किसी भी प्रदेश में पंजीकरण की नीति बनायी है और पंजीकरण को निशुल्क कर दिया है। इसके पहले पंजीकरण के लिए देश के प्रदेशों पांच से दस हजार तक शुल्क के रूप में वसूले जारहे थे ।? बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है लेकिन अंगों की उपलब्धता उस अनुपात में बहुत कम है। भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। दो लाख लिवर, इसी तरह डेढ़ लाख किडनी और हृदय आदि अंगों की कमी के कारण मरीज मर जाते हैं। अब लोग अपने परिजनों को गुर्दा दान करने लगे हैं और गुर्दा दान करने वालों में नब्बे फीसदी महिलाएं हैं। ऐसे में अंगो का कृत्रिम उत्पादन जरूरी हो गया है।

मानव शारीर की त्वचा की एक स्तम्भ कोशिका (स्टेम सेल) को विकसित कर कृतिम अंग बना कर उपचार की संभावनाएं अधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों से उजागर हो चुकी हैं । शारीरिक अंगों के प्राकृतिक क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने में अभी वैज्ञानिक अनुसंधानों की काफी जरुरत है। इधर वंशानुगत बीमारियों के इलाज के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्टेम सेल का उपयोग होने लगा है ।इसके लिए भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में गर्भनाल रक्त बैंक वजूद में आते जा रहे हैं। इसके लिए प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद अगर उसकी स्टेम सेल्स को संरक्षित कर लिया जाए तो दो दशक बाद भी परिवार के लोगों का इलाज संभव है। गर्भनाल के रक्त को फ्रीज कर इक्कीस साल तक संरक्षित किया जा सकता है। इसे रक्त बैंक में संरक्षित रखने का खर्च लाखों में है जो आम नागरिक की क्षमता के बाहर है । इस मुहिम में सरकारें ही अहम भूमिका निभा सकती हैं। निजी क्षेत्र के अस्पतालों में यह काम शुरू हो चुका है ।सरकारी स्तर पर अभी शुरूआत नहीं हुई है जिसकी अहम जरूरत है। इस गर्भनाल रक्त संरक्षण से किडनी, डाइबिटीज, लिवर और न्यूरो की समस्याएँ जैसी वंशानुगत बीमारियों का इलाज संभव है ।

> **शारीरिक अंगों के प्राकृतिक क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने में अभी वैज्ञानिक अनुसंधानों की काफी जरुरत है।**

महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले रक्त में जीवन को निरोगी और दीघार्यु बनाने की क्षमता पाई गई है। शोध और अनुसंधान से पता चला है कि इस रक्त में स्टेम सेल्स प्रचुर मात्रा में होती हैं जिनका उपयोग अनेक उपचारों में किया जा सकता है। मुंबई में इस रक्त के संरक्षण हेतु मेनस्टुअल स्टेम सेल बैंक भी शुरू हो गया है। इन स्टेम सेल्स की सफलता की संभावनाएं अन्य की अपेक्षा सौ गुना ज्यादा है । इसे संरक्षित करने में खर्च और विशेषज्ञता की भी जरुरत नहीं होती है। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला में अपनी माँ का गर्भाशय प्रत्यारोपण करा कर एक बच्ची को जन्म दिया रियो डी जेनेरियो में तो एक मृत महिला का गर्भाशय प्रत्यारोपित करा कर एक बत्तीस वर्षीय महिला ने एक स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया । महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार के रूप में देखा जा रहा है लेकिन स्टेम सेल्स उपचार की यह प्रणालियाँ अभी शैशव अवस्था में ही हैं और यह उपचार काफी खचीर्ला भी है। इस कारण जिगर और गुर्दे के बीमारी में प्रत्यारोपण की ही सबसे ज्यादा मांग है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार जागरूकता और आर्थिक इन्सेन्टिव के जरिये मरने के बाद लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करे जिन्हें जला या दफना कर नष्ट कर दिया जाता है। भारत में हर साल पचास हजार से ज्यादा लोग हृदय प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में रहते हैं उस अनुपात में उपलब्धता महज अधिकतम सात हजार की ही रहती है।

देश में 640 चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल इस स्तर के हैं जिनमें अंग प्रत्यारोपण का काम सुचारु रूप से किया जा सकता है। इन मेडिकल कालेजों में अंग प्रत्यारोपण का पाठ्यक्रम नवीन चिकित्सा शिक्षा में जोड़ दिया गया है। फिलहाल अंग प्रत्यारोपण की सबसे कारगर पद्धति अंग दान ही है । इसके लिए दिमागी रूप से मृत व्यक्ति से उनके परिजनों की अनुमति से अंगदान कराया जाय । अगर ऐसा संभव हो सके तो महिलाओं पर अंगदान का दबाव कम हो सकेगा और अंगदान में लैंगिक असमानता भी कम हो सकेगी। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित गुर्दा अस्पताल के एक अध्ययन से अंगदान में लैंगिक असमानता का खुलासा हुआ है कि नब्बे फीसदी महिलाएं ही अपने परिजनों को अपना गुर्दा दान करती हैं। यह जानकारी ट्रांसप्लांट सोसाइटी की 88वीं अन्तराष्ट्रीय कांग्रेस में दी गयी। अंगदान में महिलाओं का स्तर 69 फीसदी है जबकि पुरुषों का मात्र 25 फीसदी ही है। महिलाएं 74 अंगदान अपने परिजनों को करती हैं जबकि उन्हें अपने लिए सिर्फ 21 फीसदी अंग ही उपलब्ध हो पाते हैं । पचहत्तर फीसदी दादियाँ अपने पोते-पोतियों के लिए अंगदान करती हैं जबकि दादा 25 फीसदी अपने पोते-पोतियों के लिए अंगदान करते हैं। यह लैंगिक भेदभाव बरकरार है । हाल के दिनों में अंगदान की प्रक्रिया में उत्साहवर्धक वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार 2013 अंगदान की संख्या मात्र 4990 थी जो बढ़ कर 2022 में 15661 होगयी हैं। जरूरत के मुताबिक यह आंकड़ा बहुत निराशाजनक है। साफ जाहिर है जरूरत के हिसाब अंगों की आपूर्ति के लिए अंगदान और जैव तकनीकी दोनों पर जोर देना होगा तभी लाखों मर रहे लोगों के जीवन को बचाया जा सकेगा।

**( लेखक कवि एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# लोकतंत्र के कीमियागर बाबू जगजीवन राम

स्मरण

सदानन्द शाही



बाबू जगजीवन राम को 1977 के आम चुनावों में सुनने का अवसर मिला था। तत्कालीन राजनीतिक मसलों के अलावा जो बात ध्यान में रह गयी वह है उनकी भाषा। छोटे, सरल सुस्पष्ट वाक्य। सीधे और साफ ढंग से बिना लाग लपेट के अपनी बातें कह देने और सुनने वाले के तह तक उतर जाने की कला। मेरे किशोर मन में जगजीवन राम की ऐसी छवि बनी जिसने आगे चल कर जाति और वर्ग को योग्यता से जोड़कर देखने वाले पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में काफी मदद की।

काफी अन्तराल के बाद सन् 2007 में बाबू जी के जीवन और चिन्तन से परिचित होने का अवसर मिला। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बाबू जगजीवन राम पीठ कायम हुई। उसका उद्घाटन करने तत्कालीन सामाजिक न्याय और सहकारिता मन्त्री श्रीमती मीरा कुमार को आना था। इस कार्यक्रम की आयोजन समिति से मैं भी जुड़ा हुआ था। यह तय हुआ कि 'बाबू जगजीवन राम पीठ' की स्थापना के पीछे जो विचार हैं, उन्हें एक ब्रोशर के रूप में प्रकाशित करके वितरित किया जाय। ब्रोशर तैयार करने के क्रम में बाबू जगजीवन राम के व्यक्तित्व और विचारों का अध्ययन-अनुशीलन किया।

बाबू जी का जीवन कई कारणों से विलक्षण है। वे अकेले ऐसे दलित नेता हैं जो राष्ट्रीय आन्दोंलन की मुख्यधारा में रहे है। आजादी के पहले स्वाधीनता आन्दोलन में तथा राष्ट्रीय सरकारों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। आजादी के बाद बनी सरकारों में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान किया। राष्ट्रीयआन्दोलन के नेताओं का मानना था कि आजादी हासिल करना मुख्य लक्ष्य है। आजादी के बाद दलित मुक्ति के प्रश्न को हल कर लिया जायेगा, जबकि दलित नेतृत्व इसे लेकर सशंकित था। इसलिए दलित नेतृत्व ने दलित मुक्ति के सवाल को तरजीह दी। गांधी और अम्बेडकर के बीच की बहस मुख्य रूप से यही थी । बाबू जगजीवन राम ने राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य धारा में रहते हुए दलित मुक्ति के लिए काम करने का रास्ता चुना। यह बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण था। राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व पर सवर्ण जातियों का प्रभुत्व था। गांधी के अनुनायी होते हुए भी राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व वर्ग में सभी गांधी नहीं थे। इसलिए अपनी दलित पृष्ठभूमि के नाते बाबू जगजीवन राम को राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओं के साथ काम करते हुए जातीय भेदभाव और विद्वेष का दंश झेलना पड़ा। दूसरी तरफ उन्हें दलित नेतृत्व के व्यंग्य बाण भी सहने पड़े। भीतर और बाहर दोनों तरफ से मिलने वाले व्यंग्य और विद्वेष से विचलित हुए बगैर बाबूजी ने राष्ट्रनिर्माण के वृहत्तर सरोकारों और दलित मुक्ति के विशेष सरोकारों को दृढ़ता पूर्वक अंजाम दिया। बाबू जी के जीवन से परिचित होने पर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खासियत नजर आती है- वह है विनम्रता और दृढ़ता का दुर्लभ संयोग। इस विनम्रता और दृढ़ता का सम्बन्ध संत रैदास की बानी से हैः

प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी
जाकी अंग अंग बास समानी ।।

अपने प्रभु के साथ रच बस कर संत रैदास एकमेक हो गये थे। इस एकमेक भाव ने उन्हें सहज आत्मविश्वास से भर दिया था जिसके बल पर वे सामाजिक दंश से उपर उठ कर बेगमपुरा शहर के नागरिक बन सके थे। तुलसीदास के रामराज्य की कल्पना की चर्चा करते लोग अघाते नहीं है; पर मेरी राय में रैदास का बेगमपुर रामराज्य से बेहतर और उन्नत संकल्पना है । (इस पर फिर कभी) संत रैदास का 'बेगमपुरा' ऐसा शहर है, एक ऐसा वतन, जिसमें सभी के लिए खैरियत है। बाबू जगजीवन राम भी इसी बेगमपुरा के नागरिक थे। संत रविदास कहते हैं - 'जो हम सहरी सो मीतु हमारा।' बेगमपुरा एक संकल्पना है। ऐसी संकल्पना जो मन को भेद बुद्धि से मुक्त करके समतामूलक समाज की संरचना करती है। बाबू जगजीवन राम इन्हीं अर्थों में संत रविदास के 'हम सहरी' और 'मीत' थे।

मुझे याद है, शुरूआती दौर में बहुत से रेडिकल दलित चिन्तकों को संत रविदास की बानी नहीं पसन्द आती थी। उनकी शिकायत थी कि रविदास 'प्रभुजी। तुम चन्दन हम पानी' और प्रभुजी! तुम स्वामी हम दासा' कहते हैं। उन्हें लगता था इतना विनम्र आदमी दलित आन्दोलन का प्रतीक कैसे हो सकता है। रैदास की विनम्रता दिखाई देती थी दृढ़ता नहीं। वर्ण व्यवस्था ने श्रम को हेय करार दे रखा था। रैदास ने श्रम की संस्कृति को दृढ़तापूर्वक प्रतिष्ठापित किया। जैसे-जैसे दलित आन्दोलन आगे बढ़ा वैसे-वैसे रैदास के बारे में यह समझ विकसित होती गयी।

संत रैदास की यह विनम्रता और दृढ़ता ही है जो बाबू जगजीवन राम को एक ही साथ राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रति सहज और दलित सरोकारों के प्रति सजग बनाये रखती है।बाबू जगजीवन राम ने राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्यधारा में रहते हुए, सरकारों में शामिल होकर दलितोत्थान के लिए जो कार्य किये हैं उनका मूल्यांकन होना बाकी है। इसके लिए हमें दलित आन्दोलन के आगामी चरण का इन्तजार करना होगा।

बाबू जी ने अपने एक व्याख्यान में कहा है- 'शरीर को ही गुलाम नहीं, किस तरह हमारे मस्तिष्क को गुलाम बना दिया गया है कि जो हमारे उपर अत्याचार करता है उसको हम अपने से बड़ा मान लेते हैं। सबसे बड़ा हमारे मस्तिष्क का ह्रास इसमें किया गया कि हमने अपने आप को छोटा समझ लिया। जो व्यक्ति खुद अपने आप को छोटा समझता रहेगा, वह कभी बड़ा नहीं बन सकता' रविदास प्रसिद्ध और मान्य संत होने के बाद भी बार-बार 'कह रैदास खलास चमारा' कहते हैं और जूता सीने का काम करते हुए इसी मानसिक गुलामी को तोड़ते हैं। बाबू जगजीवन राम भी संत रैदास की भाँति स्वयं को हीन और अत्याचारी को श्रेष्ठ समझने वाली मानसिक गुलामी को तोड़ने का काम करते हैं। वे बार-बार सवाल करते हैं- 'मानव के ईश्वरत्व को प्रतिष्ठित करने का जतन क्या भारतीय समाज में सम्भव है।' उनका ध्येय ऐसे समाज की रचना है जिसमें मनुष्य के ईश्वरत्व को प्रतिष्ठित किया जा सके। इसीलिए वे कहते हैं- 'भारतीय समाज ने हमको छोटा बनाकर रख दिया है, मैं किसी को छोटा नहीं बनाना चाहता।' यह बहुत गहरे आत्मविश्वास से उपजा हुआ कथन है । हमें छोटा बनाया गया, पर हम किसी को छोटा नहीं बनाना चाहते, हमें घृणित समझा गया पर हम किसी को घृणित नहीं समझते, हमें उत्पीड़ित किया गया पर हम किसी को उत्पीड़ित नहीं करना चाहते, हमारा शोषण किया गया, पर हम किसी का शोषण नहीं करना चाहते। ऐसी अनेक बातें हैं जो इस आत्मविश्वास से निकलती हैं। बाबू जगजीवन राम की समझ है कि शोषण के क्रम को उलट कर शोषण मुक्त और समतामूलक समाज की रचना संभव नहीं है। शोषण और विषमता पर टिके समाज में कोई भी मुक्त नहीं है इसीलिए बाबू जी कहते हैं- 'यदि मैं ब्राहमणवाद को मिटाने का जतन कर रहा हूँ, तो मैं ब्राहमण को भी मुक्त करना चाहता हूँ, ठाकुर को भी मुक्त करना चाहता हूँ सिर्फ दलितों को नहीं।' रेडिकल से रेडिकल दलित चिन्तन को एक न एक दिन बाबू जी की इस बात का मर्म समझना होगा कि दलित मुक्ति अकेले संभव नहीं है। वह तभी संभव है जब ब्राहमणवाद के जाल से स्वयं ब्राहमण की मुक्ति हो, क्षत्रिय की मुक्ति हो, सभी वर्णों की मुक्ति हो, पूरे समाज की मुक्ति हो।

बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर इस बात को ठीक से समझते थे हम शायद इसीलिए उन्होंने बाबू जगजीवन राम को 'दूरदृष्टि सम्पन्न ऋषि नेता' करार दिया था।

महात्मा गाँधी ने बाबू जगजीवन राम को आग में तपा खरा सोना कहा था। स्वाधीनता आन्दोलन की आग में वे कई तरह से तपे थे। एक ओर वे औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ लड़ रहे थे तो दूसरी ओर स्वयं राष्ट्रीय आन्दोलन के भीतर मौजूद वर्णवादी सामन्ती वर्चस्व के खिलाफ भी एक मोर्चा खुला हुआ था। बाबू जगजीवन राम इससे भी दो चार हो रहे थे। भीतरी और बाहरी संघर्ष की इस आग में वे तपते और निखरते रहे।

एक बार बनारस के बेनियाबाग में बाबू जगजीवन राम आये हुए थे। बी.एच.यू. के छात्रों की जमात भी पहुँची थी। छात्र शोर-गुल कर रहे थे। इस पर बाबू जगजीवन राम ने छात्रों से कहा- बुढ़ापा जवानी देख चुकी होती है पर जवानी को बुढ़ापा देखना बाकी होता है। इसलिए जवानों को बूढ़ों की बातें ध्यान से सुननी चाहिए। बाबूजी की मेघ-मन्द्र आवाज में निकले इस वाक्य का ऐसा असर हुआ कि छात्र शान्त होकर उन्हें सुनने लगे। बाबू जगजीवन राम ने जीवन की एक सहज सामान्य सचाई को कुछ इस तरह कहा कि सबने उस सचाई का अनुभव किया। वे जिस सहजता के साथ अगली पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं उसमें एक अनुभव परम्परा की अनुगूँज सुनाई पड़ती है। उसमें रैदास के जीवन और वाणी की छाप मौजूद है। जो सहिष्णु नहीं है वह धर्म नहीं है, जगजीवन राम ने यह रैदास से सीखा था। रैदास की वाणी को समझने के लिए हृदय में भक्ति का होना आवश्यक है। रैदास को अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए बार-बार परीक्षा देनी पड़ी पर इसकी कटुता का कोई चिन्ह रैदास के व्यक्तित्व में नहीं मिलता। मंगलकारी व्यक्तित्व अपने हिस्से के विष को आत्मसात कर लेते हैं और प्रेम के द्वारा संवेदनशीलता को विकसित करते हैं। इसीलिए रविदास को बुद्धि से नहीं हृदय से समझा जा सकता है। क्या इत्तफाक है कि रविदास की तरह जगजीवन राम को भी बार-बार परीक्षा देनी पड़ी है पर जगजीवन बाबू में भी सामाजिक दंश और अपमान से मिली कटुता का लेश मात्र नहीं है। उन्होंने वाराणसी में रैदास मन्दिर का निर्माण कराया। यह रैदास मन्दिर सिर्फ मन्दिर नहीं है। इसके पीछे एक सुचिन्तित दर्शन है। यह रैदास वाणी को जीवन में रोपने का यत्न है।

हमारे समाज में गुलामी की बेड़ियों के मूल में जाति प्रथा है इसे बाबू जगजीवन राम अच्छी तरह समझ रहे थे। वे सच्चे अर्थों में जनतांत्रिक थे। उन्हें इस बात का पूरा भरोसा था कि जनतान्त्रिक प्रक्रिया ही जाति प्रथा को खत्म कर सकती है। अपने जनतान्त्रिक मूल्यों, विश्वासों को जीवन में बरतते हुए और जाति प्रथा के दंश को महसूस करते हुए बाबू जगजीवन राम इस निष्कर्ष पर पहुँचे थे कि जाति प्रथा और जनतन्त्र साथ-साथ नहीं चल सकते। बाबू जगजीवन राम के लिए जनतन्त्र की हिमायत करना जाति प्रथा को निर्मूल करने की कोशिश का हिस्सा था।

बाबू जगजीवन राम अच्छी तरह जानते थे कि जाति प्रथा के वरीयता क्रम को बदलने मात्र से जाति दंश खत्म नहीं होने वाला। बल्कि यह एक प्रकार के दंश की जगह दूसरे प्रकार के दंश को जन्म देना है। उनके लिए ब्राह्मणवाद के खात्मे का अर्थ केवल दलित मुक्ति नहीं थी। उनकी तत्वभेदी दृष्टि देख पा रही थी कि ब्राह्मणवाद की चक्की में दलित के साथ ब्राह्मण भी पिस रहा है, क्षत्रिय भी पिस रहा है, वैश्य भी पिस रहा है। इसलिए ब्राह्मणवाद का खात्मा दलितों को मुक्त करने के साथ ही ब्राह्मणों, क्षत्रियों और वैश्यों को भी मुक्त करने वाला है । जगजीवन राम की दलित दृष्टि इस अर्थ में व्यापक और उदार थी कि वे सम्पूर्ण मनुष्यता की मुक्ति के बारे में सोचते थे। उनके लिए दलित मुक्ति का अर्थ जाति और वर्ण के बंधन में फँसी मनुष्यता की मुक्ति थी।

अपने सुदीर्घ सामाजिक जीवन में बाबू जगजीवन राम ने महसूस किया था कि हमारे देश में सोच का अकाल पड़ गया है। आज की राजनीति में व्याप्त संकीर्णता और वैचारिक शून्यता को देखते हुए बाबूजी का यह कथन कहीं ज्यादा अर्थवान लग रहा है। ध्यान से देखें तो जगजीवन राम का जीवन सोच के अकाल के दौर में उदात्त सोच को फिर से रोपने के लिए एक अजस्त्र प्रेरणा स्त्रोत है।



बाबू जगजीवन राम सच्चे अर्थों लोकतांत्रिक चेतना के व्यक्ति थे। लोकतांत्रिक चेतना को भारतीय समाज में विकसित करने में जिन लोगों का योगदान है, उनमें बाबू जगजीवन राम का नाम अगली कतार में आता है। बाबू जगजीवन राम की स्पष्ट राय थी कि भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था और लोकतंत्र साथ-साथ नहीं रह सकते। इसीलिए वे ताजिन्दगी वर्ण व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष करते रहे।

बाबू जगजीवन राम का आरम्भिक जीवन स्वाधीनता संघर्ष में लगा रहा तो परवर्ती जीवन आधुनिक भारत के निर्माण की प्रक्रिया में। आजादी के बाद बने नये राजनीतिक ढ़ांचे के भीतर पुरानी सामाजिक संकीर्णताएं मौजूद थीं। बाबू जगजीवन राम की अन्तर्दृष्टि इस सच्चाई को भली प्रकार देख रही थी।राजनैतिक नारे और व्यक्तिगत आचरण का यह भेद बाबू जगजीवन राम को वैसे ही परेशान करता था, जैसे कथनी और करनी के बीच भेद संतो को परेशान करता था।

जगजीवन राम इस भयावह सामाजिक सच्चाई का समाधान बुद्ध के चिन्तन और महात्मा गाँधी के प्रयोग में देखते हैं। क्योंकि बुद्ध और गाँधी दोनो ने ही चिन्तन, वाणी, आचरण की पवित्रता और एकरूपता को बड़प्पन का आधार माना था। बाबू जगजीवन राम बहुत संजीदगी से यह सवाल करते हैं-'कितने हैं, जो इस कसौटी पर खरे उतरेंगे?' आजादी के रूप में हुआ राजनीतिक परिवर्तन अपना वास्तविक जनतान्त्रिक रूप नही ग्रहण कर सकता जब तक कि सामाजिक परिवर्तन न हो। इसलिए बाबू जगजीवन राम सामाजिक क्रान्ति की अनिवार्यता महसूस कर रहे थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि 'जातिवाद और जनतंत्र साथ-साथ नहीं चल सकते।'


वर्ण और जाति के विरुद्ध बाबू जगजीवन राम का संघर्ष अस्मितावादी राजनीति के दायरे में नहीं बल्कि राष्ट्रीय दायरे में था। अस्मितावादी राजनीति जाति और वर्ण को बनाये और बचाये रख कर ही हो सकती है। उनके लिए जनतन्त्र एक मूल्य व्यवस्था है। इस मूल्य व्यवस्था की अनिवार्य शर्त गैर बराबरी की समाप्ति है। जाति और वर्ण का ध्वंस जनतांत्रिक मूल्यों की रचना के लिए जरूरी है। यही सोच बाबू जगजीवन राम की विचार दृष्टि को व्यापक मानवीय आयाम देती है। इसीलिए वे सोच पाते हैं कि अस्पृश्यता से सिर्फ अस्पृश्यों को ही नुकसान हुआ हो, ऐसी बात नहीं है इससे हमारे समाज को नुकसान हुआ है। इसलिए मैं मानता हूँ कि अस्पृश्यों की समस्या, केवल उनकी ही समस्या नहीं है। यह एक राष्ट्रीय-समस्या है और जब तक हम उसको राष्ट्रीय समस्या मानकर राष्ट्रीय स्तर पर सुलझाने का व्यापक प्रयत्न नहीं करेंगे, तब तक इसे सुलझाया नहीं जा सकेगा।' अस्पृश्यता एक राष्ट्रीय समस्या है। अस्पृश्यों ने अपनी मुक्ति का संग्राम और मजबूत किया है और अकेले अपनी लड़ाई लड़ने की तैयारी की है।बाबू जगजीवन राम कहते हैं ''ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि उनको अकेले न छोड़ा जाए।'' इसमें पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है क्योंकि यह मुक्ति की साधना है। ऐसी मुक्ति की साधना जिससे सारा भारतीय समाज मुक्त होगा, इस मुक्त भारतीय समाज में ही सच्चे लोकतंत्र की इमारत बन सकती है। बाबू जगजीवन राम ऐसे ही लोकतंत्र के कीमियागर थे।

**( लेखक शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं, संपर्क 96163 93771)**

# भारतीय राजनीति के मनीषी बाबू जगजीवन राम

स्मरण

अरविंद जयतिलक



बात चाहे आजादी के संघर्ष की हो अथवा स्वाधीन भारत को अर्थपूर्ण मुकाम देने की या दलित समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की देश सदैव ही जगजीवन बाबू का ऋणी रहेगा। जगजीवन बाबू का निर्मल व्यक्तित्व, ओजपूर्ण वक्तव्य और समतावादी विचार आज भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। गरीब और दबे-कुचले परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी बाबू जगजीवन राम में साहस और आत्मबल गजब का था। छात्र जीवन से ही वे जुझारु प्रकृति के थे और देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और गैर-बराबरी की पीड़ा उन्हें द्रवित करती थी किंतु वे कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने हर परिस्थितियों का साहस से मुकाबला किया। बाबू जगजीवन राम में विपरित परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की अद्भुत क्षमता थी। अपने कुशल व्यवहार व शालीन आचरण तथा धीर-गंभीर व्यक्तित्व के कारण अपने वैचारिक विरोधियों में भी उतना ही लोकप्रिय थे जितना कि अपनों के बीच। बाबू जगजीवन राम का उदात्त जीवन गांधी जी से प्रभावित था। गांधी की तरह वे भी अहिंसात्मक आंदोलन में विश्वास करते थे। इसीलिए वे गांधी जी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में जब गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा दिया तो बाबू जगजीवन राम सेनापति की तरह अग्रिम पंक्ति में डट गए। सिविल नाफरमानी आंदोलन में भी वे अंग्रेजी सरकार की मुखालफत कर जेल जाना स्वीकार किया। मानवीय उदात्त भावनाओं से लबरेज बाबू जगजीवन राम की लोकप्रियता की धाक ही कही जाएगी कि वे महज 28 साल की उम्र में ही 1936 में बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद जब 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत 1937 में चुनाव हुआ तो वे डिप्रेस्ड क्लास लीग के उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध चुने गए और साथ ही अपने राजनीतिक आभामंडल से 14 उम्मादवारों को भी निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे। हालांकि अग्रेजों ने भरपूर कोशिश की कि बाबू जगजीवन राम को पद और धन का लालच देकर बिहार में एक कमजोर सरकार का गठन किया जाए। लेकिन स्वाभिमान के धनी बाबू जगजीवन राम ने अंग्रेजों की रणनीति विफल कर दी और उनकी राष्ट्रनिष्ठा का देश ने लोहा माना। बिहार में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो वे मंत्री बनाए गए। लेकिन अंग्रेज सरकार के तिकड़म से आजिज आकर जब गांधी जी की सलाह पर कांग्रेसी सरकारों ने इस्तीफा दिया तो बाबू जगजीवन राम इसमें भी सबसे आगे दिखे। बाबू जगजीवन राम लोहे से लोहा काटने में माहिर थे और उन्होंने अंग्रेजों की कूटनीतिक रणनीति का जवाब राष्ट्रनीति से दिया। देश की आन-बान और शान उनके लिए सर्वोपरि था। अंग्रेजों की दिली इच्छा थी कि भारत छोड़ने से पहले भारतवर्ष कई टुकड़ों में विभक्त हो। इसके लिए वे बाबू जगजीवन राम को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने जब बाबू जगजीवन राम डिप्रेस्ड क्लास लीग के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए तो अंग्रेजों ने उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश की। दरअसल उनकी मंशा दलितों और भारतीयों में फूट डालने की कोशिश की थी। लेकिन बाबू जगजीवन राम अंग्रेजों की मंशा को तत्काल भांप गए और सजग हो गए। बाबू जगजीवन राम की राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी जबरदस्त थी कि अंतरिम सरकार में लार्ड वॉवेल की कैबिनेट में जब एक दर्जन लोगों को शामिल किया गया तो उनमें जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम मंत्रालय का प्रभार दिया गया। श्रम विभाग के मंत्री तौर उन्होंने अपनी काबिलियत का भरपूर परिचय दिया। उनके मन में आम आदमी के प्रति पीड़ा थी। उसकी स्पष्ट छाप उनके कार्यों में भी देखने को मिली। उनके फोकस में हमेंशा समाज के अंतिम पांत का अंतिम व्यक्ति था। वे चाहते थे कि समाज के गरीब, दबे-कुचले और निरीह लोग राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हो और उनका चतुर्दिक विकास हो। इसलिए श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने ढेरों ऐसे मानवीय कानून बनाए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मसलन उन्होंने मिनिमम वेजेज एक्ट, इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट और ट्रेड यूनियन बनाया जिसकी उपादेयता आज भी मजदूरों के हित के लिए सर्वाधिक सारगर्भित मानी जाती है। आजादी के बाद भी बाबू जगजीवन राम ने अपने गुरुत्तर उत्तदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। 1952 में जब देश में प्रथम आम चुनाव हुआ और पंडित नेहरु की सरकार बनी तो जगजीवन बाबू संचार मंत्री बनाए गए। महत्वपूर्ण विभाग होने के नाते उनकी जिम्मेदारी भी बड़ी थी। उन दिनों विमानन मंत्रालय भी संचार विभाग के ही अधीन हुआ करता था। लिहाजा उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए अपना जी-जान लगा दिया। उन्होंने निजी विमानन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया और गांव-गांव में डाकखानों की उपलब्धता सुनिश्चित की। उनकी योग्यता और कर्मठता से अभिभूत होकर पंडित नेहरु ने उन्हें रेल मंत्रालय का उत्तदायित्व भी सौंप दिया। बतौर रेलमंत्री बाबू जगजीवन राम के समक्ष एक बड़ी चुनौती थी और उन्होंने इसे स्वीकार किय। जगजीवन बाबू चुनौतियों पर विजय पाना अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने दूरदृष्टि का परिचय देते हुए सबसे पहले रेलवे के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्हें अच्छी तरह जानते थे कि रेल न केवल राज्यों को जोड़ती है बल्कि लोगों के दिलों को भी जोड़ती है। सो उन्होंने उसके विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। रेल कर्मचारियों के प्रति उनका अगाध प्रेम जबरदस्त था। उन्होंने उनके हित में कई योजनाएं बनायी और उसका परिणाम भी बेहद सार्थक निकला। बाबू जगजीवन राम की दिलेरी कभी-कभी कुतुहल पैदा करती थी। सत्ता को मोह उनपर कभी हावी नहीं रहा। जब कामराज योजना आयी तो उन्होंने सत्ता सुख को ठोकर लगाकर एक कर्मयोगी की तरह संगठन पर ध्यान केंद्रीत किया। किंतु लालबहादूर शास्त्री के मृत्योपरांत जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी तो बाबू जगजीवन राम उनके लिए फिर प्रासंगिक हो गए। उन दिनों भारत संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। आंतरिक और वा' दोनों मोर्चे पर भारत एक साथ जुझ रहा था। 1962 में चीन के हाथों करारी हार ने सेना का मनोबल तोड़ दिया था। भारतीय जनमानस भी उद्वेलित और विचलित था। 1965 में पाकिस्तान भी भारत को आंख दिखा चुका था। ऐसे में देश को अवसाद से उबारना जरुरी था। लेकिन देश में व्याप्त गरीबी और भूखमरी एक नयी चुनौती थी और वह संकट को लगातार बढ़ा रही थी। अन्न की कमी और सूखे की भयावहता मानवता को लील रही थी। देश अमेरिका से पीएल 480 के तहत सहायता में मिलने वाले गेहूं और ज्वार पर आश्रित था। किंतु वह भी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा था। सबका पेट भरना कठिन था। उम्मीद की किरण तब जगी जब नॉरमन बोरलाग भारत आकर हरित क्रांति का संचार किया। आधुनिक सोच के प्रबल पैरोकार बाबू जगजीवन राम तब कृषि मंत्री थे। उन्होंने डा0 नॉरमन बोरलाग के विचारों को सराहा और अपना शत-प्रतिशत राजनीतिक समर्थन दिया। ईमानदारी से किया गया प्रयास रंग लाया। महज तीन साल के अंदर ही खेतों में फसल लहलहाने लगी और अन्न उत्पादन के मामले में भारत अपने पैरों पर खड़ा होने लगा। दरिद्रता का पांव सिकुड़ने लगा। खुशहाली बढ़ने लगी। तत्काल ही भारत निराशा के गर्त से बाहर आ गया। इसका श्रेय बाबू जगजीवन राम को जाता है। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बाबू जगजीवन राम का योगदान अविस्मरणीय है। जिस तरह उन्होंने सेनाओं के लिए राजनीतिक समर्थन जुटाया वह उनकी राष्ट्रभक्ति की अटूट बानगी है। बाबू जगजीवन राम की दलीय प्रतिबद्धता और राजनीतिक विश्वसनीयता कमाल की थी। वे आंख बंद कर दूसरे पर भरोसा करते थे और चाहते भी थे कि उन पर भी उसी तरह भरोसा किया जाए। जब इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के जटिल दौर से गुजर रही थी उस दरम्यान बाबू जगजीवन राम उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। हिमालय की तरह अडिग विचार और सागर की तरह गहरी संवेदना रखने वाले इस मनीषी की जयंती पर भला उन्हें कौन याद करना नहीं चाहेगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

व्यंग्य

# जासूसी उपन्यास न लिखने का गम



अरविंद तिवारी

एक बार फिर जासूसी उपन्यास का जमाना आ गया है। बस यूं समझ लो हम इकहत्तर वर्ष के किशोर हो गए !किशोरावस्था में जासूसी उपन्यास और लुगदी साहित्य पढ़ने का हमें शौक लग गया था।कोर्स की किताबें पढ़ने का दिखावा करते हुए जासूसी उपन्यास पढ़ते रहते थे।वेद प्रकाश कांबोज का जासूस विजय,हम आज तक नहीं भूले हैं।उसका मित्र रघुनाथ एस पी,उर्फ तुला राशि भी नहीं भूले हैं।आज हम स्वीकार करते हैं,उपन्यास में इन दोनों के विनोद वचन पढ़कर ही हम व्यंग्यकार बने हैं !एक विश्वविद्यालय के हिंदी पाठ्यक्रम में गुलशन नंदा,वेद प्रकाश शर्मा,सुरेन्द्र मोहन पाठक को रखे जाने के कारण हम उम्र के पचपन साल पीछे लौट आए हैं।समकालीन बड़े बड़े लेखक जब गोदान आदि पढ़ रहे थे तब हम गुलशन नंदा को पढ़ रहे थे।आज साबित हो गया कि हम ही सही थे!

वेद प्रकाश शर्मा का ?वर्दी वाला गुंडा?उपन्यास हमने तब पढ़ा,जब हम एक सरकारी पत्रिका के संपादक थे और उस शहर में मान्यता प्राप्त साहित्यकार कहे जाते थे।हमसे मिलने शहर के साहित्यकार प्रायःआते रहते थे।उनके आने पर हम ?वर्दी वाला गुंडा?उपन्यास फाइलों में छुपा दिया करते थे,ताकि लेखकीय गरिमा बनी रहे।आज कोई साहित्यिक कृति पढ़ता हूं तो फोन कर-के मित्रों को उस कृति के बारे में जरूर बताता हूं।तब वर्दी वाला गुंडा पढ़ते हुए किसी को बता भी नहीं पाता था।काश!उन्हीं दिनों किसी ने इस उपन्यास को कोर्स में लगा दिया होता तो हमें इसे पढ़ते हुए, हीन भावना से नहीं गुजरना पड़ता।गुलशन नंदा के उपन्यासों पर तब फिल्में बनी थीं,जब साहित्यिक उपन्यासों पर बनी फिल्में पिट रही थीं।उधर गुलशन नंदा के उपन्यासों पर बनी फिल्में हिट हो रहीं थीं।

तभी पता चल गया था कि गुलशन नंदा लोकप्रिय साहित्यकार हैं। पर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम समिति को अब जाकर पता चल पाया है कि गुलशन नंदा लोकप्रिय साहित्यकारों की श्रेणी में आते हैं।रायलटी से पहले ही करोड़पति हो चुके,इन लुगदी लेखकों को और धनवान बनाने की योजना है यह।

अब मनोहर कहानियां वालों को विश्वास हो गया है,उनकी कहानियां भी,बड़े बड़े हिंदी कथाकारों के साथ कोर्स में शामिल हो सकती हैं।हमारे मित्र शर्मा जी का मानना है कि एक दिन वल्गर साहित्य की कुआंरी कलियां या मचलती जवानी जैसी अश्लील किताबें भी पाठ्यक्रम में शामिल हो जाएंगी,जिन्हें हम किसी बाग में जाकर एकांत में पढ़ते थे।दस रुपए कीमत की यह किताब कालाबाजारी के बरक्स बीस रुपए में मिलती थी।फिल्मों के लोकप्रिय गीत भी लोकप्रिय साहित्य में आते हैं।झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में वाला गीत, कविता के पाठ्यक्रम में शामिल हो सकता है।इसके लेखक को महत्वपूर्ण कवि माना जा सकता है।

इधर हमें घोर पश्चाताप हो रहा है कि हमने व्यंग्य उपन्यासों की जगह वर्दी वाला गुंडा टाइप का उपन्यास क्यों नहीं लिखा।चार व्यंग्य उपन्यास और एक आदर्श उपन्यास लिखकर हम अमर नहीं हो सकते।छठवां लिखा जा रहा उपन्यास भी इसमें कोई मदद नहीं कर सकता।ग्यारह व्यंग्य संग्रह और दो काव्य संग्रह भी इनके साथ शामिल कर लिए जाएं, तो भी एक वर्दी वाला गुंडा का मुकाबला नहीं किया जा सकता।हमारे भीतर जासूसी प्रतिभा थी,पर हम उम्र भर साहित्य के पचड़े में पड़े रहे।इतने पर भी कोई नामलेवा दिखाई नहीं देता।काश!हमने अपनी जासूसी उपन्यास वाली प्रतिभा को पहचाना होता तो मुमकिन था,हमारा जासूसी उपन्यास लोकप्रिय साहित्य के कोटे से एम ए,हिंदी के कोर्स में शामिल हो जाता।वैसे साहित्य के मठाधीश हमारी जासूसी प्रतिभा को खूब पहचानते हैं।हम उन्हें बता देते हैं,अमुक लेखक को बड़ा सम्मान क्यों और कैसे मिला।हम साहित्य के किसी भी मठाधीश की कुंडली खोल के रख देते हैं।हमारी जासूसी प्रतिभा का यह प्रयोग फालतू की पल्लेदारी वाली श्रेणी में आता है।फिर वही आह निकल रही है,काश हमने भी, कोई लोकप्रिय जासूसी उपन्यास लिखा होता!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आचार संहिता का सभी पार्टियां कड़ाई से करें पालन : एसडीएम

**एसडीएम ने पार्टियों के प्रतिनिधियों को पिलाई आचार संहिता की घुट्टी**


पार्टी के प्रतिनिधियों को संबोधित करते एसडीएम

**लालगंज।** तहसील सभागार में एसडीएम भरत लाल सरोज ने मंगलवार को विधानसभा उप चुनाव को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाया गया। चुनाव के नियम व समय सारिणी के बारे में बिस्तार रूप से जानकारी दी गई। कहा कि आचार संहिता का पालन न किए जाने पर निर्वाचन द्वारा प्राप्त नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित होगी। एसडीएम भरत लाल सरोज ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में आचार संहिता लागू हो गई है। जिसमें राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को आचार संहिता का पालन करना चाहिए। कहा कि किसी भी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाएं या घृणा की भावना उत्पन्न करें या तनाव पैदा करें। कहा कि मस्जिदों गिरजाघरों मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का निर्वाचन प्रचार मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को ध्वज दंड बनाने टांगने सूचनाएं चिपकाने नारे लिखने आदि के लिए किसी भी व्यक्ति को भवन या दीवार आदि पर बिना अनुमति के नहीं प्रयोग किया जाना चाहिए। कहा कि राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं आदि में बाधाएं उत्पन्न ना करें। किसी दल द्वारा जुलूस स्थानों से होकर नहीं ले जाना चाहिए, जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रही हो। कहा कि प्रत्याशियों को अपना प्रचार प्रसार प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में करने के लिए परमिशन लेना पड़ेगा। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने बताया कि 25 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा बूथों का निरीक्षण किया जाएगा। उप जिला अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल 28 29 को प्रत्याशियों का प्रशिक्षण होगा तथा द्वितीय प्रशिक्षण 2 एवं 5 मई को होगा। कहा कि निर्वाचन नियमावली 24 अप्रैल तक पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी के पास 10000 से अधिक रुपया नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर द्वय रजिस्ट्रार कानूनगो सुनील दुबे, कृष्णा यादव, अपना दल के जिला अध्यक्ष राम लोटन बिंद, कुलदीप पटेल, संजय मौर्य, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम शिरोमणि मौर्या, कीर्ति कोल, हरिओम मौर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में सामान जलकर राख


आग से जला मड़हा

**जिगना।** विंध्याचल थाना के विजयपुर ग्राम सभा के महुआडांड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में रमेश कुमार की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल गाड़ी के साथ चौकी प्रभारी रविकांत मिश्रा दलबल के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 2 झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी।

रमेश कुमार ने बताया कि घर में रखे अनाज लगभग गेहूं 15 कुंटल चावल, 7 कुंटल मटर, चना, सरसों, साइकिल दो, ट्रैक्टर के टायर जलकर खाक हो गए। यहां तक की घर में अब खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। आग बुझाने में गुड़िया नाम की लड़की झुलस गई।

उसका प्राथमिक उपचार होने के बाद घर के लिए भेज दिया गया। वहीं पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजयपुर गुलाम रसूल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक मदद की। कहा कि पहले आप लोग कुछ सामान मंगवा कर बच्चों के लिए अपने लिए खाने की व्यवस्था करें।

## बिना प्रपत्र गिट्टी बालू के सात वाहनों को किया सीज

**कार्रवाई**

**खान अधिकारी ने अभियान चलाकर किया कार्रवाई**


वाहनों की जांच करते अधिकारी

**हलिया।** खान अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सोमवार की मध्य प्रदेश रात्रि से अभियान चलाकर बिना प्रपत्र के गिट्टी बालू का परिवहन कर रहे कुल सात वाहनों को पकड़कर कार्रवाई करते संबंधित थानों में वाहनों को खड़ा कराया है। खान अधिकारी के इस कार्रवाई से बिना प्रपत्र के वाहनों का परिवहन करने वाले लोगो में हड़कंप मच गया है। मध्यप्रदेश की ओर से बालू लादकर आ रहे एक ट्रक को हलिया कस्बा तथा दो ट्रकों को देवरी बाजार से तथा तीन गिट्टी लदे हाइवों वाहनों को यूपी एमपी बार्डर जड़कुड़ के पास से रोककर बालू गिट्टी परिवहन से संबंधित प्रपत्र की मांग वाहन चालकों से मांग की लेकिन कोई प्रपत्र नही दिखा पाने से वाहनों को थाना परिसर हलिया में खड़ा कराया है। जबकि एक वाहन को तिलांव चौकी परिसर में खड़ा कराया है। बताते चलें कि इन दिनों वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र से होकर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में हाइवा ट्रक बालू गिट्टी लादकर गुजर रहे हैं जिससे शासन को राजस्व को क्षति हो रही है जबकि जंगली जानवरों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

## ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलटा प्याज लदा ट्रक

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब प्याज लादकर घाटी से नीचे उतर रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर घाटी में सड़क किनारे पलट गया संयोग ठीक था कि ट्रक में सवार 28 वर्षीय चालक तौहीर अहमद निवासी जगदीशपुर अमेठी व बीस वर्षीय खलासी इमरान खान निवासी सूपामऊ जिला बाराबंकी बाल बाल बच गया। ट्रक चालक तौहीर अहमद ने बताया कि मध्यप्रदेश के सागर जिले से प्याज लादकर बिहार के छपरा जिला जा रहा था कि ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय अचानक ब्रेक फेल हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया संयोग ठीक था कि हादसे में खरोंच तक नही आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी।

# कर्मचारी कर रहे हैं प्रदर्शन बेअसर बने हैं अधिकारी

**नाराजगी**


**कर्मचारियों ने वेतन भुगतान को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन को दिया पत्रक**


फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री चुनार के कार्यरत कर्मचारियों का माह सितंबर से वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बकाया वेतन भुगतान को लेकर सोमवार से बांबे इंटेलीजेंस सिक्योरिटी (बीआईएस) विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड एवं इम्प्लाइज कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर सोमवार से अनिश्चित काल के लिए डिस्पैच गेट व प्रशासनिक एवं क्रमिक विभाग के गेट पर कड़ी धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया की कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था। इसके पहले तीन माह पूर्व धरना प्रदर्शन किया गया था तो फैक्ट्री के अधिकारियों ने 90 दिन समय मांगा था। समय बीतने के साथ ही बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने पुनः प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट पर धूप में धरना पर बैठ गए। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन भुगतान नहीं होने से बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। स्कूल प्रबंधन बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस भेज रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिंता साफ दिखाई दे रहा था। 6 माह तक आधा वेतन दिया। इसके बाद पूरा वेतन बंद कर दिया। जिससे अक्रोशित होकर कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए नारे बाजी करते रहे। गेट पर बैठे कर्मचारियों ने कंपनी का कोई वाहन नहीं निकलने दिया। वही जेपी सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारी संतोष शर्मा ने इस बारे बात करने पर कुछ भी बोलने से बचते रहे। धरना प्रदर्शन में राम, धनेश, चंद्रभान ,कल्लू, लवकुश, सरफराज, सुदर्शन, अशोक, बुद्धेश, शिवदास, अनिल, नंदलाल, राजेश, अमित कुमार, राजेंद्र, सहित बड़ी संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सदैव एकजुटता का परिचय देता है अग्रहरि समाज : शैलेंद्र अग्रहरि



**मीरजापुर।** जिले के हलिया विकास खण्ड के हथेड़ा ग्राम सभा में अग्रहरि समाज के तत्वावधान में शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने कहा कि देश के संस्कृतियों और परमपराओं के सजग प्रहरी वैश्य वर्ग ही है। जहां समरसता का भी प्रबल संचार है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मंत्री व वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरि ने कहा कि अग्रहरि समाज सदैव एकजुटता का परिचय देता है समाज के लोग व्यापार के साथ साथ सेवा कार्य में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्वेता अग्रहरि ने महिला संगठन की घोषणा की और महिलाओं को जागरूक करने का संदेश देते हुए उन्हें एकजुट रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ताराचंद अग्रहरि व संचालन सतीश अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने रंगा रंग प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की। वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री व ग्राम प्रधान शिवगोविंद चौरसिया, ग्राम प्रधान कौशल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शारदा प्रसाद जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अमरावती देवी, पूर्व प्रधान शंखू अग्रहरि, प्रधान नगीना देवी, ओमप्रकाश अग्रहरि, छोटू अग्रहरि, आदि रहे। साथ ही समाज में सौ वर्ष की आयु को पार करने वाले अम्बिका प्रसाद व जोखू अग्रहरि का सम्मान भी किया।

### वार्षिक समारोह में मेधावियों को मिला सम्मान



**कछवां।** क्षेत्र के भैंसा गांव में स्थित बंदे मातरम पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दस विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने व प्रशस्ति पत्र मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। भैंसा गांव के बरैनी सेमरी रोड पर स्थित बंदे मातरम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मझवां क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप सिंह व विशिष्ट अतिथि स्कूल प्रबंधक विजय कृष्ण शर्मा ने किया। नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व ट्राफी दिया गया। कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में विहान पाठक कक्षा नर्सरी, सोनम जैसवारा कक्षा एलकेजी, प्राची शर्मा कक्षा यूकेजी, उन्नति दुबे कक्षा एक, शिवांग पांडे कक्षा दो, दिव्यांशी पांडे कक्षा दो, नम्रता दुबे कक्षा तीन, अनन्या श्रीवास्तव कक्षा चार, संतुष्टि दुबे कक्षा पांच, कुसुमलता पाल कक्षा छ, कुमुद सिंह कक्षा सात को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र दिए गए। वहीं बच्चों के चेहरे ट्राफी व प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे। विद्यालय प्रबंधक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### जिस पानी को नहीं पीते बेजुबान वह पानी पी रहे हैं ग्रामीण



**जमालपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरवां के पूर्वी छोर पर बसे कस्बें के लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर है जिसे बेजुबान भी नहीं पीते हैं जिसको लेकर मंगलवार को राम चंदर गोंड, अमरनाथ, मुन्ना यादव, गरीब, बबलू बिंद, सिया राम, संतोष मास्टर, कतवारू, सुश्री देवी, कौशल्या, श्यामा, गीता शंकुतला, मदीना सहित कस्बें के लोगों ने कुएं पर जाकर प्रदर्शन किया। जिनका कहना था कि जिस कुएं से हम लोग पानी पीते है उसके 20 मीटर की दूरी पर एक गडही में शेरवां वस्ती का पानी इकट्ठा होता है। साथ ही गांव का कुड़ा करकट फेंका जाता है और उपर से एक विशाल पेड़ की वजह से कुएं में पत्ता गिरता रहता है जिससे पानी प्रदुषित होकर पीने योग्य नहीं है। वहीं इस बस्ती पर सरकारी हैंडपंप भी मौजूद नहीं है। बस्ती के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वच्छ जल मुहैया कराने की मांग किया है।

### लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ अमरदीप व अपराजिता का नाम



**मीरजापुर।** जनपदवासियों के लिए मंगलवार को एक अच्छी खबर यह रही कि 11 मार्च 2021 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व को अविस्मरणीय बनाने के लिए डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल ने कंतित में स्थित द रिट्रीट में जिसमें 41 फीट ऊंचे भव्य शिवलिंग का निर्माण किया था, साथ ही साथ 15 हजार वर्ग फीट एरिया में सुंदर कलाकृति पूर्ण रंगोली बनाई गई थी, दोपहर 3 से 7 बजे तक लगभग सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया था। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई थी। इस पर्व को और भव्यता प्रदान करने के लिए अमरदीप सिंह और अपराजिता ने सभी अतिथियों और जनपदवासियों का आभार व्यक्त किया था। नेक उद्देश्य से किये गये इस कार्य की खासी चर्चा तब यहां हुई थी और देखते ही देखते लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में इसने अपना नाम दर्ज करा लिया है। इसकी जानकारी स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह ने मीडिया के माध्यम से यहां की जनता को दी। जिससे जनपदवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। यह चौथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स है, जो कि डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल को उनके अथक प्रयासों व परिश्रम के कारण प्राप्त हुआ है। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्या और शिक्षकों के साथ साथ सभी, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### किशोरी को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का पिता जीवकोपार्जन के लिए अहरौरा बांध के तीन तखवा के पास मड़हा लगाकर चाय पान गुटखा बेचता था। उसके न रहने पर उसकी नाबालिक पुत्री दुकान चलाती थी। पास स्थित बांध के पास जल नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था। उसी काम पर जनपद उन्नाव के थाना फतेपुर चौरासी निवासी चंद्रशेखर मजदूरी का कार्य करता था। दुकान पर सामान लेने आते जाते नाबालिक किशोरी व युवक का नैना चार हो गया। दोनों दो हफ्ते पूर्व घर से भाग निकले। जानकारी जब किशोरी के पिता को हुई तो अहरौरा थाने में युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए नाबालिक किशोरी की तलाश में जुट गई। आरोपी युवक के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डालकर उसके तलाश में जुटी रही। युवक के मोबाइल का लोकेशन मिलते ही हरकत में आई पुलिस युवक के घर पंहुच कर दोनों को हिरासत में लेने के बाद अहरौरा थाने लाकर पूछताछ करने के बाद आरोपी चंद्रशेखर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में निरुद्ध करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं नाबालिक किशोरी को मेडिकल मुआयना के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### हरा पेड़ काटने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के करौंदा गांव में बिना परमिशन आम के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। जिसका ग्रामीणों ने विरोध रोध करना शुरू कर दिया है। करौंदा गांव में स्थानीय लोगों के द्वारा हरे फलदार पेड़ काटने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसकी सूचना वन विभाग व पुलिस प्रशासन को दी गई लेकिन दो घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस व वन विभाग से कोई अधिकारी कर्मचारी नही पहुँचा। जिसके बाद माहौल गर्म बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत स्थानीय पुलिस व वन विभाग को दी गई। जबकि हरे फलदार पेड़ काटना कानून जुर्म माना जाता है। ऐसे में मामले को गंभीरता से लेने पर मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा है।

### टिकट काउंटर के पास मिला अधेड़ का शव

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र में स्थित रेलवे स्टेशन पर बने महिला टिकट काउंटर के समीप एक 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ बेहोशी की हालत में मिला था। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात को उपचार हेतु स्थानीय चिकित्सालय भर्ती कराया जहां मौजूद डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव की पहचान के लिए कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### छात्राओं को सरकार देगी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**मीरजापुर।** बेटियों को आत्मरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशिक्षण देने का निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वागत किया हैं। परिषद की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि, "देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं प्रगति कर रहीं हैं, उनकी बढ़ती सहभागिता से सकारात्मक परिणाम आए हैं। सरकार का यह निर्णय महिलाओं को सशक्तीकरण प्रदान करेगा। राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि "नारी सशक्तीकरण" से ही "राष्ट्र सशक्तीकरण" संभव हैं। वर्तमान परिपेक्ष में महिला सशक्तीकरण विराट स्वरूप ले रहा है। सरकार का यह कदम महिलाओं को बल प्रदान करेगा । सरकार के इस कदम से प्रदेश के 45 हजार से अधिक विद्यालयों में अध्ययनरत लाखों छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें आत्मरक्षा के महत्व को भी समझाया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के साथ ही उन्हें विभिन्न सामूहिक चर्चा के माध्यम से ईव टीजिंग, साइबर बुलिंग, एसिड हमला जैसे विषयों पर भी जागरूकता प्रदान की जाएगी। यह कदम नारी सशक्तीकरण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है, जिससे राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका सुनिश्चित की जा सकेगी।

# रास्ते को लेकर बस्ती के लोगों ने किया राष्ट्रीय राज मार्ग जाम


सड़क की मांग को लेकर चक्का जाम करते ग्रामीण

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सबेसर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर नाराज दलित बस्ती के लोगों ने कछवां वाया चुनार राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई वर्षों पहले से बस्ती के लोग जिस रास्ते से आवागमन कर रहे थे वह नंबर की जमीन पर था। परिवारवाद की वजह से खाली पड़ा हुआ था, जहां परिवार में आपसी समझौता हो जाने के बाद उस रास्ते पर गृह स्वामी द्वारा बाउंड्री वॉल करवाया जा रहा था। जिसका विरोध दलित बस्ती के लोगों द्वारा किया गया। लेकिन नंबर की जमीन जिसकी थी वह अपने जगह पर सही था। वही मंगलवार की सुबह से ही दोनों पक्षों की पंचायत में हल्की-फुल्की नोकझोंक के साथ कोई हल नहीं निकल पाया। क्योंकि वह अपने नंबर की जमीन पर बाउंड्री वाल करवा रहा था। लेकिन बस्ती के लोगों का कहना था कि यह पुश्तैनी मार्ग है जिससे हम लोग कई पुस्तों से आवागमन करते आ रहे हैं। बताया कि बगल से ही सिंचाई विभाग का एक रास्ता है जो कि अब वह दिख नहीं रहा। यदि इस मार्ग को बंद किया जा रहा है तो हम सभी अपने घर कैसे आवागमन कर सकेंगे। इसके बदले में हमको आने जाने के लिए सड़क दिलवाया जाए। वहीं दोनों पक्षों में बातचीत ना होने से क्षुब्ध होकर दलित बस्ती के लोगों द्वारा राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया गया। जिससे आवागमन करीब दो घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दलित बस्ती के लोगों को काफी समझाया-बुझाया और आश्वासन दिया कि समाधान दिवस पर अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को एक पत्रक दीजिए। इस दौरान मौजूद अधिकारीगण से जांच करा कर आप सभी के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पुलिस द्वारा समझाने बुझाने पर किसी तरह से बाधित राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग के आवागमन को बहाल करवाया गया।

## सहकारी समितियों के चुनाव का बजा बिगुल

**कछवां।** क्रय विक्रय सहकारी समिति में होने जा रहे अध्यक्ष एवं संचालन मंडल के चुनाव के लिए विभाग ने मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। 13 अप्रैल को चुनाव संपन्न होंगे। क्रय विक्रय सहकारी समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तेजस्वी सिंह ने बताया कि क्रय विक्रय सहकारी समिति खंडार, बामनवास, गंगापुर, सवाई माधोपुर, बौली व चौथ का बरवाड़ा में चेयरमैन एवं संचालक मंडल के पदों पर चुनाव हो रहे हैं। कछवां सहकारी समितियों के चुनाव का भी बिगुल बज गया है, सोमवार को शाम मतदाताओं की अनंतिम सूची का प्रकाशन किया गया।

छः अप्रैल को आपत्ति दर्ज कराने का समय रखा गया है। आठ मार्च को सदस्यों और 13 को सभापति और उप सभापति के लिए मतदान किया जाएगा। वर्ष 2018 में हुए चुनाव से समितियों में गठित बोर्ड 28 जनवरी को भंग हो चुका है। शासन से चुनाव कराने के आदेश पर पूर्व में ही कार्यक्रम घोषित कर, कार्मिकों को प्रशिक्षण दिला दिया गया है।

## दो समुदायों के बीच हुयी मारपीट,चार लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

**विवाद**

**दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज**

**दोनों पक्ष से कुल चार लोग घायल**

**कलवारी।** संतनगर थाना क्षेत्र के मलुआ गांव में सोमवार देर रात लगभग दस बजे वर्तमान प्रधान पर अपशब्द भाषा का प्रयोग करने पर दो समुदाय के बीच माटपीट हो गयी। दोनों पक्ष से कुल चार लोग घायल हो गये। मलुआ गांव के बस्ती में जल निगम से लगभग 6 वर्ष पूर्व सोलर पैनल और समरसेबल लगा था। जो वर्षो से खराब पड़ा था। पानी की किल्लत को देखते हुए वर्तमान ग्राम प्रधान ने सोलर पैनल निकालकर इलेक्ट्रिक समर सेबल डालने की योजना बनाई।

जिसे सुनकर गांव में प्रधान के विपक्षी उसका विरोध करने लगे। सोमवार को नशे मे धुत होकर विपक्षी ग्राम प्रधानपति को अपशब्द भाषा का प्रयोग करने लगे। उसी समय प्रधान के दो भतीजे बाइक से मौके पर पहुँच गये और इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद बढ़ गया। इतने में विपक्षी लाठी चला दिया दिया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। जिसमें प्रधान के भतीजे शरद सिंह 25 का सर फट गया और विपक्ष से चाँद बाबू 18 व सहेबुन 16 को भी चोट आयी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिन्दु बनाम मुस्लिम को देखते हुए मौके पर पीएसी भी बुला ली और मामला शांत कराया।

हिन्दू मुस्लिम विवाद ना बढ़े इसलिए रात भर घटनास्थल पर पुलिस मौजूद रही। कमल टावरी बताया कि सोलर पैनल को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## चार बाइक, चार मोबाईल के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ एवं जुआरियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम सोमवार की देर शाम को थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र में दबिश देकर सार्वजनिक स्थान पर जीत-हार की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को 7920 रूपये, 04 मोटरसाइकिल, 04 मोबाइल व 52 ताश के पत्ते के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जुआरी चन्द्रप्रकाश मिश्रा उर्फ पिंटू पुत्र महेशदत्त मिश्रा निवासी विजयपुर, दिनेश कुमार बिन्द पुत्र स्व0 श्रीराम प्रसाद निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल, लोलारख बिन्द पुत्र गौरीशंकर बिन्द निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल, अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा निवासी बरईबारी थाना विन्ध्याचल व शिवलाल बिन्द पुत्र रामदेव बिन्द निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चोरी की बाइक व तमंचे के साथ गिरफ्तार

**चुनार।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाया गया गए अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में चौकी इंचार्ज जय शंकर राय हमराह हेड कांस्टेबल बब्बन सिंह, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र यादव, कांस्टेबल अमित सिंह, कांस्टेबल अभिमन्यु यादव द्वारा 4 अप्रैल 2023 को नई बस्ती बगियाबाद तिराहे से मुखबिर की सूचना पर चोरी के मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा 315 बोर के साथ कजरा चौकी इंचार्ज ने चेकिंग के दौरान प्रभात पटेल उर्फ लव कुमार पुत्र दशरथ पटेल निवासी भवानीपुर थाना चुनार हाल पता राम सरोवर बड़ागांव थाना चुनार को आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# नगरवासियों को जल्द नल से मिलेगा गंगाजल


निरीक्षण करतीं डीएम साथ में हैं एडीएम वित्त

**पहल**

**डीएम ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए तय किया डेड लाइन**

**सड़क, सीवर कार्य तेजी से निपटाने की दी नसीहत**

**मीरजापुर।** नगर के विभिन्न वार्ड एवं गलियों में पहुंची जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अमृत जल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान खोदी गई सड़कों एवं गलियों को जल्द दुरुस्त कराने को कहा । गर्मी के साथ ही पेयजल की होने वाली किल्लत से निपटने के लिए 15 अप्रैल तक लालडिग्गी में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गंगा जल की आपूर्ति आरंभ किए जाने का निर्देश दिया। डीएम मंगलवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की हकीकत देखने के लिए अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों के साथ वार्डों में पहुंची थी। वार्ड में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मातहतों को जल्द कार्य पूरा कराने को कहा। उन्होंने सीवर, पेयजल व क्षतिग्रस्त मार्गो के कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि टांडा फाल में जल की कमी नहीं है लेकिन गर्मी के बढ़ते तापमान के साथ ही पेयजल की किल्लत हो सकती है। इसके लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को 15 अप्रैल तक आरंभ कर दिया जाए। ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े इसके लिए समुचित कार्रवाई कर खोदी गई सड़कों को गर्मी के पूर्व कनेक्शन देकर बरसात के पहले ही क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक कर दिया जाए। आम जनता को राहत मिल सके।

### करोड़ों की लागत से बन रहे पुल का विधायक ने किया निरीक्षण

**कलवारी।** मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने औचक निरीक्षण कर कलवारी से रैकरा (बेलाही मार्ग) बकहर नदी पर बन रहे पुल का निरीक्षण किया। पुल निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने शिकायत विधायक से की थी। जिसपर विधायक ने निमार्णाधीन पुल निरीक्षण किया और ठेकेदार को हिदायत दिया कि पुल निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के क्वालिटी एवं क्वांटिटी से समझौता नहीं होना चाहिए। पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व मानक के अनुरूप होना चाहिए। 46 मीटर लंबे पुल का निर्माण दो करोड़ की लागत से कराया जा रहा है ,बरसात तक पुल निर्माण पुरा होने कि लक्ष्य रखा गया है। उक्त पुल के न होने बरसात के दिनों में रपटें पर पानी भर जाने से आवागमन बंद हो जाता था। ग्रामीणों को चार-चार घंटे पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता था। इस दौरान गंभीर बीमारी, डिलीवरी केस मे काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों की पीड़ा को देखते हुए मड़िहान विधायक द्वारा व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृत कराया था, पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दिल्ली मेट्रो ने आईपीएल मैचों के दौरान अंतिम ट्रेन का समय बढ़ाया

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दिनों में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर अन्य सभी लाइन पर अपनी अंतिम ट्रेन का समय करीब 30 से 45 मिनट बढ़ा दिया है। दिल्ली मेट्रो ने अपने एक बयान में कहा, ह्यह्यडीएमआरसी सभी लाइन (एयरपोर्ट लाइन को छोड़कर) पर अपनी अंतिम ट्रेन के समय में करीब 30-45 मिनट का समय बढ़ाया है जिससे दर्शक आसानी से अपने-अपने घरों तक पहुंच सकें। आईपीएल मैच 11, 20 और 29 अप्रैल और 6, 13 और 20 मई को होंगे। अधिकारियों ने कहा कि सामान्य समय से हटकर अतिरिक्त ट्रेन की आवाजाही की योजना इस तरह से बनाई गई है कि राजीव चौक, मंडी हाउस, कश्मीरी गेट, कीर्ति नगर, इंद्रलोक और लाजपत नगर के इंटरचेंज स्टेशनों से सभी दिशाओं में संपर्क सेवा बनी रहे। इसके साथ ही मैच के दिनों में यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन प अतिरिक्त टोकन वेंडिंग मशीन सहित अन्य सभी इंतजाम रहेंगे।

# पंजाब किंग्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

### शाम 7:30 बजे से शुरू होगा मैच

**गुवाहाटी।** कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स बुधवार को कप्तान शिखर धवन की पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। अंक तालिक में अब तक शीर्ष पर होने के साथ ही राजस्थान ने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। रॉयल्स ने पिछले मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया था। वह उसके पंजाब के खिलाफ भी दोहराना चाहेगी। बल्लेबाजी में टीम के पास यशस्वी जायसवाल के अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर के अलावा कप्तान सैमसन भी हैं। इन तीनों के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में बढ़ा स्कोर बनाया था। इसके बाद गेंदबाजी के दौरान उसके स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 17 रन पर चार विकेट और ट्रेंट बोल्ट ने 21 रन पर दो विकेट लेकर हैदराबाद के बल्लेबाजों को दबाव में ला दिया। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स भी इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पंजाब ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मोहाली में बारिश की बाधा के बीच ही डकवर्थ-लुईस नियम से मैच जीता था। इस दौरान टीम ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी दिखायी थी।



रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। मध्य क्रम में उसके पास देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग के अलावा वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर जैसे खिलाड़ी हैं। रॉयल्स की गेंदबाजी भी अच्छी है। टीम के पास अनुभवी टेंट बोल्ट जैसा शीर्ष तेज गेंदबाज है। इसके अलावा स्पिनर चहल और आर अश्विन भी टीम में शामिल हैं।

पंजाब के पास शीर्ष क्रम में कप्तान शिखर धवन जैसा अनुभवी बल्लेबाज है पर टीम के अन्य बल्लेबाज युवा है। टीम की ताकत उसकी गेंदबाजी है जिसकी कमान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पास है। टीम के पास आईपीएल इतिहास में 18 करोड़ और 50 लाख रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी भी हैं।

टीम इस प्रकार हैं :

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव और एडम जम्पा।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटोन और टोटेनहम के खिलाड़ी।

## विलियमसन, साउदी सहित चार अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही पाक में एकदिवसीय सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। 26 अप्रैल से शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज में न्यूजीलैंड टीम कप्तान केन विलियमसन सहित चार प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरेगी। विलियमसन जहां चोटिल हैं वहीं अन्य खिलाड़ी आईपीएल के कारण एकदिवसीय सीरीज से बाहर हैं। विलियमसन के घुटने में चोट लगी है जबकि टिम साउदी, लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर और फिन एलन अभी आईपीएल में व्यस्ता हैं। ऐसे में टॉम लैथम टीम की कप्तानी करेंगे। इस दौरे में टीम को डेरिल मिशेल, मैट हेनरी, जेम्स नीशम, हेनरी निकोल्स और ईश सोढ़ी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर ही आधारित रहना होगा। कीवी टीम ने बेन लिस्टर और कोल मैककोन्ची के रूप में दो संभावित नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया है।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने दौरे के लेकर कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले सत्र में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में कई रोमांचक मैचों का आनंद लिया है। वे एक कठिन टीम हैं, चाहे आप उन्हें कहीं भी ले जाएं। स्टीड ने आगे कहा, इस साल की शुरूआत में पाक में सफल एकदिवसीय सीरीज ने खिलाड़ियों को सीखने के बड़े अवसर प्रदान किए और विश्व कप के साल में अधिक एकदिवसीय मैच का अनुभव शानदार है। पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज 26 अप्रैल से रावलपिंडी में शुरू होगी और 7 मई को कराची में खत्म होगी।

टीम इस प्रकार है : टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, चाड बोवेस, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, कोल मैककोन्ची, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, विल यंग।

# आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले सातवें क्रिकेटर बने धोनी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के आईपीएल में 5000 रन पूरे हो गये हैं। धोनी ने यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान अपने 5000 रन पूरे किए। धोनी ने इस मैच में केवल 12 रन ही बनाये पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। आईपीएल में अपनी 208वीं पारी में 5000 रन पूरे करने वाले 7वें क्रिकेटर बने हैं। इससे पहले विराट कोहली, शिखर धवन, डेविड वार्नर, रोहित शर्मा, सुरेश रैना और एबी डिविलियर्स ने भी 5000 रन बनाये थे। चार साल के बाद चेपॉक में टीम के घरेलू मैदान में खेल रहे धोनी ने मार्क वुड की पहली ही गेंद पर थर्ड मैन पर छक्का लगाकर अपने 5000 रन पूरे किये। वहीं अगर धोनी के करियर की बात की जाए तो उन्होंने 236 मुकाबलों में 5004 रन बनाये हैं। जिसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 84 है। धोनी ने इस दौरान 347 चौके और 232 छक्के भी लगाये।

धोने ने डैक्कन चार्जर्स के खिलाफ 10 मैच में 281 रन बनाये जबकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 30 मैच में 647 रन। वहीं गुजरात लायंस के खिलाफ 4 मैच में 83 रन और गुजरात टाइंटस के खिलाफ 3 मैच में 21 रन बनाये। कोच्चि टस्कर्स के खिलाफ 2 मैच में 23 रन, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 30 मैच में 551 रन। लखनऊ सुपर जायंट्स के के खिलाफ 2 मैच में 28 रन। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 मैच में 746 रन। पुणे वारियर्स के खिलाफ 6 मैच में 135 रन बनाये। पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 मैच में 642 रन जबकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 26 मैच में 521 रन बनाये। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 33 मैच में 838 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 21 मैच, 488 रन बनाये हैं।

### धोनी लगातार दूसरे साल झारखंड के सबसे बड़े आयकर दाता बनकर उभरे

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी झारखंड के सबसे बड़े आयकर दाता बने हैं। उनकी आमदनी और आयकर विभाग को किए गए उनके भुगतान से यह अंदाज होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022- 23 के लिए धोनी की ओर से आयकर विभाग को आयकर के तौर पर 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 2021-22 में भी धोनी ने आयकर विभाग को 38 करोड़ रुपए का ही भुगतान किया था। दोनों वर्षों में भुगतान की राशि एक ही होने की वजह से अनुमान लगाया जा रहा है कि भले ही धोनी की ब्रांड वैल्यू बाजार में आज भी बरकरार है पर उनकी आमदनी नहीं बढ़ी है। पिछले साल भी धोनी झारखंड के सबसे बड़े व्यक्तिगत आयकर दाता के तौर पर उभरकर सामने आए थे। धोनी की आमदनी विज्ञापनों से होती है। वह एक बड़े ब्रांड माने जाते हैं। धोनी अपनी एंटरटेनमेंट कंपनी के जरिए भी कमाई करते हैं। इसके अलावा क्रिकेट कोचिंग के लिए बनायी गयी कंपनी से भी उन्हें आमदनी होती है। धोनी शिक्षा के क्षेत्र में भी कदम रख चुके हैं। इसके अलावा धोनी की आमदनी के और भी कई माध्यम है।

### रुतुराज के छक्के से पिचकी टाटा की टियागो

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के युवा सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसी दौरान रुतुराज ने अपनी पारी के दौरान 31 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्के लगाकर 57 रन बनाये। इस दौरान रुतुराज ने एक छक्का ऐसा मारा कि गेंद सीधे ही स्टेडियम में खड़ी टाटा की कार टिआगो ईवी पर लगी और वह पिचक गयी। इस शॉट के कारण अब टाटा को 5 लाख रुपये कर्नाटक में कॉफी बागानों की जैव विविधता बढ़ाने के लिए लगाने होंगे। इसका कारण ये है कि टाटा मोटर्स आईपीएल का आधिकारिक प्रायोजक है। वहीं घोषणा के अनुसार मैच में यदि बल्लेबाज गेंद को टाटा पंच बोर्ड या बाउंड्री के बाहर खड़ी कार टिआगो ईवी कार पर मारता है तो टाटा ग्रुप 5 लाख रुपये दाने करता है। इससे पहले वाले सत्र में यह राशि काजीरंगा नेशनल पार्क को दी गयी थी।

### पाक में घरेलू टूनार्मेंट में उस्मा ने एक ही ओवर में बनाये 34 रन

**लाहौर।** पाकिस्तान में भी जारी एक घरेलू टूनार्मेंट में बल्लेबाज उस्मा मीर ने एक ही ओवर में 5 छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोरे हैं। हैरानी की बात ये है कि उस्मा पेशेवर बल्लेबाज नहीं हैं। उस्मा ने सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तान्स में स्पिनर के तौर पर खेला था। पाक की ओर से 3 एकदिवसीय खेलने वाले इस खिलाड़ी ने बल्लेबाजी के अलावा शानदार गेंदबाजी भी की। उस्मा ने एक ओवर में ही एक चौका और 5 बड़े छक्के लगाकर 34 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 20 गेंदों पर 66 रन बनाये। इस बल्लेबाज ने अपनी टीम की सफलता में भी अहम भूमिका निभाई है। इस पारी ने गनी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिकेट (जीआईसी) ने छह विकेट पर 236 रन बनाये। यह पारी टूनार्मेंट में जीआईसी और कराची वारियर्स के बीच मैच के दौरान बनी। इस टूनार्मेंट में हर टीम को दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होती है, जबकि कुल आठ टीमें इसमें भाग लेती हैं। उस्मा ने पाक के लिए 3 एकदिवसीय में 18 रन बनाए हैं, जबकि 4 विकेट लिए हैं।



जोर्जिया में उत्तरी आयरलैंड के गोल्फर रोरी मैकलरॉय टाइगर वुडस के साथ खेलते हुए।

## स्वितोलिना वापसी के बाद पहले ही मैच में हारी

**चार्लेस्टन।** एलिना स्वितोलिना को टेनिस कोर्ट पर वापसी के बाद अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा है। स्वितोलिना मां बनने के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरीं थीं। स्वितोलिना ने पिछले साल अक्टूबर में एक बेटी को जन्म दिया था। उसी के बाद से ही वह खेल से दूर थीं। उन्हें चार्लेस्टन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में तीन सेट तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी रहीं स्वितोलिना को दो घंटे, 46 मिनट तक चले मुकाबले में यूलिया पुतिनत्सेवा के हाथों 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। स्वितोलिना ने कहा, ह्यमेरे लिए शारीरिक तौर पर यह मुकाबला आसान नहीं था। मेरा मानना है कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया हालांकि मैं उसके करीब पहुंची थी।

वहीं दिन के अन्य मैचों में साल 2017 की अमरीकी ओपन चैंपियन सलोनी स्टीफंस ने क्वालीफायर लुईसा चिरिको को 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। एक अन्य मुकाबले में सत्रह वर्षीय लिंडा फ्रुहविटोर्वा ने जिल टीचमैन को 6-2, 3-6, 6-2 से जबकि अन्ना कालिंस्काया ने एनाहेलिना कलिनिना को 7-6 (6), 6-4 से हराया।

## भारोत्तोलक संजीता पर डोप परीक्षण में असफल होने के कारण लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक संजीता चानू पर डोप पांच में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। संजीता को पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान हुए परीक्षण में एनाबॉलिक स्टेरॉयड-ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए पॉजिटिव पाया गया था। ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने भी कहा है कि संजीता को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा, ह्यहां, संजीता पर नाडा ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है ह्न यह संजीता के लिए करार झटका है क्योंकि अब राष्ट्रीय खेलों में जीता उनका रजत पदक वापस ले लिया जाएगा। गौरतलब है कि संजीता ने साल 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने साल 2018 में गोल्ड कोस्ट में 53 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण जीता था। इस खिलाड़ी के पास अभी फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प शेष है हालांकि यह तय नहीं है कि वह ऐसा करेंगी या नहीं। संजीता ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि मैं नहीं जानती कि मैं अपील करूंगी या नहीं क्योंकि दोनों मामलों में मेरी हार होगी। उन्होंने कहा था, ह्यअगर मैं अपील करती हूं तो मेरा नाम पाक साफ होने में समय लगेगा और मेरे पास ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मौका नहीं रहेगा। अगर मैं हार जाती हूं तो मुझे निलंबित कर दिया जाएगा।

## पूर्व क्रिकेटर स्लेटर गिरफ्तार

**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। 53 वर्षीय स्लेटर ने पुलिस को घरेलू हिंसा के मामले को लेकर अपने घर में बुलाया था। वहीं उनपर एक अधिकारी से बदसलूकी का आरोप लगा है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्लेटर ने एक पुलिस अधिकारी पर हमला कर दिया जिससे जिसके बाद पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया। स्लेटर को अब 2 मई को नूसा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इस घटना को लेकर पुलिस ने एक बयान भी जारी किया है, पुलिस ने कहा, स्लेटर को 2 मई को नूसा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह पूरा मामला घरेलू हिंसा और चिकित्सीय घटना को लेकर है, इसलिए निजता के कारणों से इस पूरे मामले की कोई जानकारी नहीं दी जा सकती।

# जियो सिनेमा के लिए अच्छा रहा आइपीएल का पहला सप्ताह

**नई दिल्ली।** आईपीएल खेलों के प्रति लोगों की बढ़ती दीवानगी से इससे जुड़ी कंपनियां भी जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में आईपीएल 2023 की स्ट्रीमिंग कर रही वायकाम-18 के मालिकाना अधिकार वाली जियो सिनेमा पर भी पैसा बरस रहा है। जियो सिनेमा के लिए आइपीएल का पहला सप्ताह काफी अच्छा रहा है। गत तीन दिन में ही जियो सिनेमा को 147 करोड़ वीडियो व्यूज मिले हैं। कंपनी का कहना है कि यह आईपीएल के गत सत्र में आई डिजिटल व्यूअरशिप से भी ज्यादा है। पिछले साल आईपीएल डिज्नी व हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुआ था। जियो सिनेमा ने एक बयान में कहा, पहले सप्ताह में जियो सिनेमा पर आए वीडियो व्यूअर्स की संख्या टाटा आईपीएल के पिछले पूरे सीजन में आए डिजिटल व्यूअर्स से अधिक है। यह गत वर्ष हुए आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से भी अधिक है।

इस 16 वें सत्र के शुरूआत मैच चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स में ही जियो सिनेमा पर 1.6 करोड़ व्यूअर्स आए। साथ ही एक दिन में 2.5 करोड़ से अधिक एप डाउनलोड्स दर्ज हुए। ओपनिंग वीकेंड के लिए कुल न्यू व्यूअरशिप 10 करोड़ थी। वहीं, न्यू ऐप डाउनलोड्स 5 करोड़ को पार कर गए। कंपनी ने कहा, क्रिकेट के चाहने वालों को हमारे यूनिक फीचर्स जैसे 4के फीड, 12 भाषाओं में कवरेज, 16 यूनिक फीड्स, हाइप मोड और मल्टीकैम सेटअप काफी पसंद आ रहे हैं।

शुरूआत में कई यूजर्स ने ऐप पर कई गड़बड़ियां पाईं थीं। इसके बाद भी प्रति व्यूअर प्रति मैच एवरेज टाइम स्पेंड 57 मिनट रहा। यह हॉटस्टार पर पिछले सीजन के पहले वीकेंड की तुलना में 60 फीसदी ज्यादा है।

## मेयर्स की धमाकेदार बल्लेबाजी से डी कॉक की वापसी हुई मुश्किल

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज काइल मेयर्स ने आईपीएल के 16 वें सत्र में अब तक के दोनो ही मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। मेयर्स को लखनऊ सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की जगह पर शामिल किया था। डी कॉक राष्ट्रीय टीम से खेलने के कारण शुरूआती आईपीएल मैचों से बाहर हैं।

मेयर्स ने उन्हें मिले अवसर का अच्छा लाभ उठाते हुए अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। काइल ने केवल डेब्यू ही नहीं किया बल्कि अपनी तूफानी बल्लेबाजी से टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली है। मेयर्स ने अब तक खेले गए दोनों मुकाबलों में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 2 अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने अपने चौकों-छक्कों से जमकर रन बटोरे हैं। मायर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में केवल 38 गेंद में 73 रन बनाए थे।

वहीं उन्होंने सीएसके के खिलाफ दूसरे मैच में 22 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। उनका यह प्रदर्शन डी कॉक की टीम में वापसी मुशकिल बना रहा है। ऐसे में क्विंटन को टीम के साथ जुड़ने के बाद भी बाहर ही बैठना पड़ सकता है।

## धोनी की गेंदबाजों को चेतावनी सुधर जायें या नया कप्तान तलाश लें

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 16 वें सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 12 रनों से हरा दिया हालांकि इस मैच में अपने गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से सीएसके के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी नाराज दिखे। सीएसके टीम के गेंदबाजों ने इस मैच में 13 वाइड और 3 नो बॉल फेंकी। इससे भड़के धोनी ने कहा कि या तो वे सुधर जायें या दूसरा कप्तान तलाश लें। धोनी ने कहा, यह एक अधिक स्कोर वाला गेम था। हम सभी सोच रहे थे कि विकेट कैसा होगा। यह एकदम सही पहला गेम था जो हो सकता था। मैंने सोचा कि यह पिच बहुत धीमी होगी, लेकिन यह ऐसा विकेट था जहां आप रन बना सकते थे। मैं विकेट से काफी हैरान था पर हमें देखना होगा कि क्या हम मैच के बाद इस तरह का विकेट बना सकते हैं। तेज गेंदबाजी में हमें थोड़ा सुधार करने की जरूरत है। हालातों के अनुसार गेंदबाजी करने की जरूरत है। अहम यह है कि विपक्षी गेंदबाज क्या कर रहे हैं इस पर नजर रखी जाए। एक और बात यह है कि अगर उन्हें इसी प्रकार नो बॉल या अतिरिक्त वाइड फेंकनी है तो उन्हें नए कप्तान के तहत खेलना होगा। यह मेरी दूसरी चेतावनी होगी और फिर मैं रवाना हो जाऊंगा। हमारे रन बनाने का एकमात्र कारण यह है कि सतह अच्छी थी। इस मैच में सीएसके ने रुतुराज गायकवाड़ और डेवन कॉनवे की आक्रामक बल्लेबाज के बाद मोईन अली की शानदार गेंदबाजी की सहायता से घरेलू मैदान चेपौक स्टेडियम पर सोमवार को खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 12 रन से मात दी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 217 रन बनाये, जिसके जवाब में लखनऊ 205 रन ही बना पायी। रुतुराज ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाते हुए 31 गेंद पर 57 रन बनाये जबकि कॉनवे ने 29 गेंद पर 47 रन बनाये।



ढाका में बांग्लादेश और आयरलैंड टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद उत्साहित शोरिफुल इस्लाम।



एनएएसीपी अवार्ड समारोह में काले रंग के एक भड़कीले गाउन में नजर आयी मॉडल जेंडीया

# भूटान नरेश ने की अजित डोभाल से मुलाकात डोकलाम पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** भूटान नरेश इन दिनों भारत यात्रा पर हैं। वहीं भूटान के प्रधानमंत्री बीते दिनों ड्रैगन की सुर में सुर मिलाते नजर आए थे। डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिकों के आमने-सामने होने के छह साल बाद भूटान के प्रधानमंत्री ने ऐसा बयान दिया था जिससे भारत में खलबली मच गई थी। अब भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार से तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को भारत यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे जहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भूटान के तीसरे राजा जिग्मे वांगचुक ने मंगलवार को भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात की। इसके बाद वो राजघाट पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

वांगचुक थोड़ी देर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेंगे। शाम करीब 5 बजे राष्ट्रपति भवन में वांगचुक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। वे आर्थिक एवं विकास सहयोग सहित दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे। वांगचुक का दौरा उस समय हो रहा है जब पिछले हफ्ते ही भूटान के पीएम ने डोकलाम को तीन देशों का विवाद बताया था। मंत्रालय ने बयान में कहा था कि भूटान नरेश की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा था, ह्यभारत और भूटान करीबी मित्रता और सहयोग को साझा करते हैं जो समझ और आपसी विश्वास पर आधारित है।



ह्यूस्टन में नासा के एक इवेंट में पहुंचे अंतरिक्ष यात्री रेउ वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर , जेरमी हेनसन व क्रिस्टीना

## यूक्रेन भी रूस पर जबर्दस्त हमलावर, रूस का 14 खतरनाक ड्रोन मार गिराया

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच एक साल से जंग जारी है, यूक्रेन भी रूस से पीछे हटने को तैयार नहीं है और दोनों तरफ से हमले जारी हैं। वहीं यूक्रेनी सेना ने रूस की ओर से बीती रात छोड़े गए 17 ड्रोन में से 14 को मार गिराने का दावा किया है। यूक्रेनी सेना ने बयान जारी करते हुए बताया कि ये सभी ईरान के बनाए शहीद ड्रोन थे।

मीडिया के अनुसार आर्मी कमांड ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक बयान में कहा है कि कुल मिलाकर 17 यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) अटैक रिकॉर्ड किए गए, जिन्हें संभवतः अजोव सागर के पूर्वी तट क्षेत्र से लॉन्च किया गया था। यूक्रेन के दक्षिण सैन्य कमान ने कहा कि एक ड्रोन ने ओडेसा क्षेत्र में एक उद्यम को टक्कर मार दी, जिससे वहां आग लग गई, जिसे सुबह तक बुझा लिया गया। मीडिया के अनुसार कमांड ने एक बयान में कहा कि शुरूआती जानकारी के अनुसार इस ड्रोन हमले में कोई मानवीय नुकसान नहीं हुआ है।

यूक्रेन के बखमुत शहर और उसके आसपास के इलाके में भीषण लड़ाई जारी है। इससे पहले कीव ने पूर्वी यूक्रेन के इस शहर के प्रशासनिक केंद्र पर कब्जा करने के रूसी दावों को यह कहते हुए का मजाक उड़ाया कि उसके दुश्मनों ने किसी तरह के शौचालयह्न पर जीत का झंडा बुलंद किया था।

यूक्रेन और रूस की जंग अब अपने दूसरे साल में पहुंच गई है, जिसमें दोनों पक्षों से अब तक कई लोग हताहत हुए हैं और कई शहर बड़े पैमाने पर बमबारी से नष्ट हो गए हैं। इस दौरान बखमुत के खनन शहर और रसद केंद्र पर कब्जे के लिए जारी लड़ाई इस जंग के सबसे खूनी संघर्षों में से एक रही है।

## पाक एससी ने शहबाज सरकार को दिया तगड़ा झटका, चुनावों को असंवैधानिक बताया

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग के पंजाब प्रांत और खैबर पख्तूनख्वां प्रांत के चुनाव बाद में कराने के फैसले को अमान्?य घोषित कर दिया। इस फैसले का ऐलान पाकिस्तान के चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने किया है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ आए फैसले में आठ अक्टूबर 2022 को होने वाले चुनावों को असंवैधानिक करार दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 अप्रैल से 15 मई के बीच इन चुनावों को कराने का आदेश दिया है। यह ऐलान जहां पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए खुशी की तरह है तो पीएम शहबाज शरीफ के लिए बड़ा झटका है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा ?कि संविधान और कानून चुनाव की तारीख को स्थगित करने का अधिकार नहीं देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पांचवें चरण में थी तब चुनाव आयोग ने अपने फैसले की घोषणा की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के आदेश ने 13 दिन बर्बाद कर दिए हैं। चुनावों को आठ अक?टूबर तक आगे बढ़ाने का जो फैसला लिया गया, वह पूरी तरह से असंवैधानिक है। चुनाव आयोग ने पहले 30 अप्रैल को पंजाब में चुनाव का ऐलान किया था। लेकिन बाद में इसे 8 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ ने इस फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने का फैसला किया था।

पाक में सुप्रीम कोर्ट ने 27 मार्च को पीटीआई की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई शुरू की। तीन अप्रैल को उसने यह कहते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया कि फैसले का ऐलान चार अप्रैल को होगा। फैसले से पहले रक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में चुनाव के लिए सुरक्षा प्रदान करने से सेना के इनकार को तारीख आगे करने की वजह बताया था। आठ दिनों तक दोनों पक्षों की तरफ से दलीलें पेश की गईं।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने फुल कोर्ट गठित नहीं होने की स्थिति में देश में आपातकाल या मार्शल लॉ लगाने की आशंका जताई है।

## पहली बार चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगी महिला अंतरिक्ष यात्री

**न्यूयॉर्क।** चांद पर इंसानों के उतरने के 50 साल बाद नासा ने एक बार फिर मून मिशन का ऐलान कर दिया है। इस बार चार अंतरिक्ष यात्रियों में क्रिस्टीना हैमोक कोच भी शामिल हैं। इसके अलावा विक्टर ग्लोवर पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री होंगे। जानकारी के मुताबिक 2025 की शुरूआत में नासा यह मिशन लांच कर सकता है। अंतरिक्ष यात्रियों में रीड विस्मैन और जेरेमी हैनसेन भी शामिल हैं। बता दें कि अब तक केवल पुरुष अंतरिक्ष यात्री ही चंद्रमा की कक्षा या फिर सतह तक पहुंचे हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है कि महिला अंतरिक्ष यात्री भी चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगी। यह मिशन लगभग 10 दिनों का होगा। इस दौरान सभी अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएंगे। वे चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेंगे।कोच ने इस मिशन के बारे में कहा ?कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। मुझे लगता है कि यह मिशन अपने आप में शानदार है। हम दुनिया की

### 50 साल बाद नासा का मून मिशन

सबसे ताकतवर रॉकेट में सवार होने जा रहे हैं।

पहले यह हजारों मील की ऊंचाई पर जाएगी और सारे सिस्टम को चेक किया जाएगा। इसके बाद यह चांद की ओर रवाना हो जाएगी। बता दें कि नासा ने इससे पहले 1972 में अपोलो मिशन लांच किया था। इसके बाद दोबारा कोई इंसान चांद में पर नहीं उतरा। क्रिस्टिना कोच ने 2013 में नासा जॉइन किया था। वह आईएसएस में एक फ्लाइट इंजिनियर थीं। वह पहले भी 328 दिन अंतरिक्ष में बिता चुकी हैं। वहीं जेरेमी हैन्सन कनाडा के रहने वाले हैं और 47 साल के हैं। वह एक फाइटर पायलट रह चुके हैं। वहीं रीड वाइसमैन अमेरिकी नौसेना में पायलट रह चुके हैं। इसके अलावा वह नासा के साथ भी काम कर चुके हैं।

## फिनलैंड के नाटो मेंबर बनने से अमेरिका ने पुतिन की टेंशन बढ़ा दी

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच अमेरिका के नेतृत्व वाले संगठन नाटो का दायरा बढ़ गया है। फिनलैंड नाटो का औपचारिक सदस्य बनने जा रहा है। फिनलैंड का नाटो की सदस्यता लेना इसलिए भी अहम है क्योंकि वह रूस का पड़ोसी है और 1,300 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। फिनलैंड की एंट्री के साथ ही रूस से लगने वाली नाटो देशों की सीमा दोगुनी हो जाएगी। नाटो के सेक्रेटरी जनरल जेन्स स्टोलनबर्ग ने कहा ?कि हम फिनलैंड का अपने 31वें सहयोगी के तौर पर स्वागत करेंगे। इससे फिनलैंड सुरक्षित होगा और हमारी ताकत भी बढ़ेगी। उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक करार दिया। फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्टो आज ब्रसेल्स जाएंगे और नाटो की सदस्यता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

गौरतलब है ?कि बीते साल यूक्रेन पर किए गए रूसी हमले के बाद से ही पड़ोसी देशों में डर का माहौल है। यूक्रेन नाटो का मेंबर नहीं है और इसी के चलते इन देशों ने खुलकर उसकी मदद नहीं की है। ऐसे में फिनलैंड और स्वीडन जैसे देशों ने नाटो की मेंबरशिप लेने का फैसला लिया है ताकि भविष्य में रूस हमला करता है तो उसे नाटो का सक्रिय सहयोग मिल सके। फिलहाल फिनलैंड को नाटो में लेने की सहमति बन गई है, लेकिन तुर्की के ऐतराज के चलते अब तक स्वीडन को लेकर फैसला नहीं हो सका है।

बीते सप्ताह ही तुर्की की संसद ने प्रस्ताव पारित कर फिनलैंड को नाटो में लेने का रास्ता साफ कर दिया था, लेकिन स्वीडन को लेकर अभी फैसला लेना बाकी है। स्टोलनबर्ग ने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह वादा करे कि नाटो में शामिल नहीं होगा। लेकिन उसके हमले का असर उलटा हुआ है। यूक्रेन ने अब तक वादा नहीं किया है और दूसरे पड़ोसी देशों ने भी नाटो का रुख कर लिया है। गौरतलब है कि रूस ने पड़ोसी देश बेलारूस की सीमाओं पर परमाणु हथियारों की तैनाती का ऐलान किया है। इसके चलते टेंशन और बढ़ गई है।



ताइवान में एक समारोह के दौरान बेलीज के प्रधानमंत्री जॉन ब्रिसेनो के साथ एक कार्यक्रम में ताइवन की राष्ट्रपति तसाई इन वेंग ने पांच हजार लैपटॉप देने का करार किया।

## करौली सरकार का बरिगंवा गांव में एंट्री पर बैन, गुरु के परिवार ने बताया बाबा हैं फ्रॉड

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर वाले करौली सरकार ने अपने गुरु राधा रमण मिश्र के नाम पर अरबों का साम्राज्य खड़ा कर दिया। वहीं करौली सरकार उर्फ संतोष सिंह भदौरिया के गुरु राधा रमण मिश्र का परिवार मुफलिसी का जीवन काट रहा है। गुरु राधा रमण मिश्र के परिवार ने बाबा को फ्रॉड बताया है। उनका कहना है कि संतोष सिंह भदौरिया उनके पूर्वज के नाम को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी तंत्र साधना से लोगों की मुसीबतों को दूर किया है। कभी भी किसी से एक रुपए नहीं लिया। वहीं बाबा राधा रमण मिश्र को अपना गुरु बताकर अरबों रुपए की कमाई कर चुके हैं। करौली सरकार के गुरु राधा रमण मिश्र मूल रूप से कानपुर के सरसौल ब्लॉक के पालेहपुर गांव के रहने वाले थे, लेकिन उनका जीवन फतेहपुर जिले बकेवर थाना क्षेत्र स्थित बरिगवां गांव में अपने ननिहाल में बीता था। राधा रमण मिश्र ने 20 साल बंगाल में रहकर तंत्र साधना की दीक्षा ली थी। राधा रमण मिश्र के एक बेटा था, जिसका नाम श्रीकांत था। राधा रमण मिश्र ने अपने निधन की तारीख, दिन और समय पहले से ही परिवार और ग्रामीणों को बता दिया था। उन्होंने अपने परिवार से कहा था कि उनके निधन के बाद दाह संस्कार नहीं किया जाए, बल्कि उनकी झोपड़ी के पास ही उनकी समाधि बना दी जाए।

जब राधा रमण मिश्र का निधन हुआ तो उनकी इच्छा के अनुसार उनकी झोपड़ी के पास समाधि बना दी गई थी। राधा रमण मिश्र के निधन के पांच साल बाद 1996 में उनके बेटे श्रीकांत का भी निधन हो गया था। श्रीकांत के चार बेटे थे। सभी प्राइवेट नौकरी कर के अपना जीवन काट रहे हैं। राधा रमण मिश्र का परिवार करौली सरकार से डरा हुआ है। परिवार सामने आकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। परिवार का कहना है कि मेरा इस प्रकरण में नाम नहीं आना चाहिए। करौली सरकार ने 14 एकड़ के लवकुश आश्रम में अपने गुरु राधा रमण मिश्र का प्रतिमा लगवा रखी है। बाबा प्रतिदिन अपने गुरु की पूजा-आरती करते हैं। करौली सरकार उर्फ संतोष भदौरिया अपने गुरु के निधन के चार साल बाद उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने खुद को राधा रमण मिश्र को अपना गुरु बताने लगा। करौली सरकार ने देखा कि उनके गुरु की कच्ची समाधि बनी हुई है। उन्होने अपने गुरु की समाधि पर छत डलवाई, इसके साथ ही चारों तरफ टाइल्स लगवाकर जीर्णोद्धार कराया था। इसके बाद करौली सरकार का गांव में आना-जाना शुरू हो गया। बाबा गुरु पूर्णिमा के दिन गांव में भंडारा कराने लगा। इस दौरान उसके बाबा ने अपनी मंडली लगानी शुरू कर दी थी। उसने वहीं पर झाड़फूंक का काम भी शुरू कर दिया था। बरिगंवा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि करौली सरकार उर्फ संतोष सिंह भदौरिया बरिगवां गांव में आश्रम बनाना चाहते थे। करौली सरकार अपने गुरु राधा रमण मिश्र का उत्तराधिकारी बताते थे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि बाबा मुझे अपना चेला बनाया था। उनकी विद्या से मैं लोगों की बाधाओं को दूर कर रहा हूं। उनके सेवादारों ने गांव के किसानों से जमीन खरीदने की बात भी शुरू कर दी थी। गांव के कुछ किसान बाबा को जमीन बेचने के लिए तैयार भी हो गए थे। राधा रमण मिश्र के परिवार और ग्रामीणों ने बाबा का विरोध करना शुरू कर दिया। जिस स्थान पर राधा रमण मिश्र की समाधि बनी हुई थी, उसके आसपास बड़ी संख्या में अवस्थी परिवार रहते थे। उन्होंने बाबा के इरादों को भांप लिया। उन्होंने बाबा के आश्रम वाली योजना का विरोध करना शुरू कर दिया। काफी विवाद के बाद बाबा का गांव के अंदर के प्रवेश को वर्जित कर दिया। इसके बाद से करौली सरकार बरिगंवा गांव नहीं गए हैं।

## सीतारमण अपने गांव पहुंचीं तो महिलाओं ने रसोई गैस सस्ता करने लगाई गुहार

### वित्तमंत्री ने कहा- रसोई गैस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार पर होती है तय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गृहिणियों ने घेर लिया और कहा कि रसोई गैस की कीमतें ज्यादा हैं, जिन्हें कम किया जाना चाहिए। महिलाओं के इस अनुरोध पर वित्त मंत्री ने उन्हें संतुष्ट करने के लिए अपना लॉजिक दिया और बताया कि रसोई गैस क्यों महंगी हो गई है और कब इसके दामों में कमी आ सकती है। वित्त मंत्री तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के पाजहियसीवरम गांव पहुंची थीं। यहां से उन्होंने 2024 के आम चुनावों के लिए ह्यवॉल टू वॉलह्ण अभियान की शुरूआत की। इसी अभियान की शुरूआत के दौरान ये वाकया हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सामने पाकर महिलाओं ने उनसे रसोई गैस को सस्ता करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी और एक फिल्ड सिलेंडर की कीमत 1100 रुपये हो गई है। अपने गांव के दौरे पहुंचीं यूनियन वित्त मंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनसे पूछा कि क्या वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उसके बाद घरेलू महिलाओं के एक ग्रुप ने उनसे रसोई गैस से संबंधित बातचीत की। उनका एक ही सवाल था कि रसोई गैस की कीमतों में कटौती की जाए, ताकि उनका बजट न बिगड़े। इसी मांग को लेकर गांव की तमाम महिलाओं ने निर्मला सीतारमण को काफी देर तक घेरे रखा। निर्मला सीतारमण ने महिलाओं को जवाब देते हुए कहा कि रसोई गैस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार द्वारा तय की जाती है। हमारे देश में रसोई गैस नहीं है। हम इसे केवल आयात कर रहे हैं, हम जब इसे आयात करते हैं, अगर वहां कीमत बढ़ती है तो यहां भी कीमत में वृद्धि हो जाती है। इसी तरह यदि वहां कीमतों में कमी होगी तो यहां भी कीमतें कम हो जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि हालांकि पिछले 2 सालों में कीमतें ज्यादा कम नहीं हुई हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट बना सोने की तस्करी का अड्डा

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने महज 11 महीने के अंदर मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 360 करोड़ रुपये मूल्य का 604 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर 374 किलो और चेन्नई एयरपोर्ट पर 306 किलो सोने की तस्करी को पछाड़कर इस तरह के अपराधों के लिए मुंबई एयरपोर्ट देश में पहले नंबर पर है। अप्रैल 2022 और फरवरी 2023 के बीच मुंबई हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के मामले तेजी से बढ़े। मुंबई सोने के तस्करों के लिए एक ट्रांजिट हब है क्योंकि यहाँ इसका एक बड़ा बाजार है। दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई को भी अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए पसंदीदा बताया जाता है। हैदराबाद में भी सोने की तस्करी के मामलों में धीमी वृद्धि देखी गई है, पिछले साल 55 किलो और इस साल 124 किलो सोना जब्त किया गया है। कोरोना से पहले 2019-20 में दिल्ली एयरपोर्ट पर 494 किलो, मुंबई में 403 किलो और चेन्नई में 392 किलो तस्करी का सोना जब्त किया गया था. जबकि 2020-21 में, सोने की तस्करी में काफी कमी आई है, चेन्नई हवाई अड्डे पर 150 किलोग्राम, कोझिकोड में 146.9 किलोग्राम, दिल्ली में 88.4 किलोग्राम और मुंबई में 87 किलोग्राम की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया गया। अक्टूबर 2022 से मुंबई में सोने की तस्करी करते हुए 20 से अधिक विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, आयात शुल्क में 7.5 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत की वृद्धि के कारण 2022 में भारत में कीमती धातु की तस्करी 33 प्रतिशत बढ़कर 160 टन हो गई। भारत सरकार पुरुषों के लिए 20 ग्राम और महिलाओं के लिए 40 ग्राम सोना लाने की अनुमति देता है।

जौहरियों ने कहा कि हर साल भारत में आने वाले कुल 720 टन सोने में से 380 टन पर कानूनी तौर पर 15 फीसदी आयात शुल्क और 3 फीसदी आईजीएसटी लगता है और बाकी 340 टन की तस्करी की जाती है।



मैक्सिको में भूकंप के झटके का अलार्म बजने से लोग सड़कों पर निकल आये।

# एसबीआई लाइफ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ की साझेदारी

**धर्मशाला।** देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकताओं में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने सबसे बड़ी क्रिकेट लीग के 2023 सीजन के लिए राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के साथ अपने लीड हेलमेट पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की है ।साझेदारी के हिस्से के रूप में एसबीआई लाइफ के लोगो को 2023 में सभी मैचों के दौरान राजस्थान रॉयल्स के हेलमेट पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा ।राजस्थान रॉयल्स फ्रैंचाइजी के साथ एसबीआई लाइफ का यह महत्वपूर्ण गठजोड़ प्लेग्राउंड पर हेलमेट द्वारा निभाई गई सुरक्षा की भूमिका को दशार्ता है जो जीवन में बीमा के समान है दोनों अनिवार्य रूप से व्यक्तियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए संबल के रूप में कार्य करते हैं ।हेलमेट क्रिकेट में सबसे अधिक दिखाई देने वाले एसेट में से एक है ।इस तरह हेलमेट पर लगा एसबीआई लाइफ का लोगो प्रतीकात्मक रूप से जीवन में बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है ।सबसे ज्यादा देखे जाने वाले क्रिकेट लीग में से एक में शामिल होना ब्रांड के लिए आज के उपभोक्ता के साथ एक मजबूत बंधन स्थापित करने और बीमा की आवश्यकता पर प्रभाव डालने के लिए शुभ संकेत देता है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर के प्रमुख रवींद्र शर्मा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा हमारे जैसे क्रिकेट के दीवाने देश में एसबीआई लाइफ सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में दिल से रॉयल एंट्री कर रहा है ।हम एक रक्षक के रूप में लोगों को यह बताते हैं कि उनके जीवन में बीमा की आवश्यकता क्यों महत्वपूर्ण है।

साथ ही हम प्रतीकात्मक रूप से हेलमेट के जरिये यह संदेश देना चाहते हैं कि जिस तरह हेलमेट किसी खिलाड़ी की सुरक्षा करता है और उसे मुश्किलों को लेकर चिंता किए बिना खेलने में सक्षम बनाता है उसी तरह एसबीआई लाइफ भी लोगों के जीवन में आने वाले उतार.चढ़ाव को लेकर उन्हें सुरक्षा प्रदान करता है ।एसबीआई लाइफ में हम ऐसे बीमा समाधान के माध्यम से समाज को बदलने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं जो लोगों को अपनी जरूरतों और आकांक्षाओं को हासिल करके अपने सपने को पूरा करने में मदद करते हैं। एसबीआई लाइफ के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा,बचत और निवेश के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जिससे ग्राहक आत्मविश्वास और मन की शांति के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं।

## एसबीआई की डिजिटल बैंकिंग सेवा कुछ घंटों तक रही बाधित

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं तकनीकी कारणों की वजह से सोमवार को कुछ घंटों के लिए बाधित रहीं जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसबीआई ने देर शाम जारी बयान में तकनीकी गड़बड़ी की बात कही है। बैंक ने कहा कि हमें खेद है कि एक तकनीकी खामी की वजह से हमारी कुछ डिजिटल सेवाएं 3 अप्रैल, 2023 को कुछ घंटों तक प्रभावित रहीं। हालांकि बैंक ने इस समस्या के दूर हो जाने का दावा करते हुए कहा कि अब डिजिटल बैंकिंग सेवाएं बहाल हो गई हैं। सोशल मीडिया मंचों पर तमाम उपभोक्ताओं ने एसबीआई की डिजिटल बैंकिंग सेवा को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कीं। एसबीआई की तरफ से यह नहीं बताया गया कि वास्तविक समस्या क्या थी और कितनी देर तक सेवाएं बाधित रहीं। इसके पहले निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर रिजर्व बैंक ने डिजिटल सेवाओं के बार-बार बाधित होने पर जुमार्ना लगाया था।

## बीते वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.63 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। बीते वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह संशोधित बजट अनुमान से अधिक (6.61 लाख करोड़ रुपए) रहा है। यह 2021-22 की तुलना में 17.63 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कर संग्रह के अस्थायी आंकड़े जारी करते हुए कहा कि हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.61 लाख करोड़ रुपए रहा है, जबकि इसका बजट अनुमान 14.20 लाख करोड़ रुपए था। बजट अनुमान के बाद में संशोधित कर 16.50 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया था। इस तरह शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह संशोधित अनुमान से 0.69 प्रतिशत अधिक रहा। वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.63 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले यह 14.12 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह एक साल पहले की तुलना में 16.91 प्रतिशत बढ़कर 10.04 लाख करोड़ रुपए हो गया। समाप्त वित्त वर्ष में सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी समेत) 9.60 लाख करोड़ रुपए रहा। इस तरह इसमें वित्त वर्ष 2021-22 के 7.73 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 24.23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में 3,07,352 करोड़ रुपए का रिफंड भी जारी किया गया जो एक साल पहले के 2,23,658 करोड़ रुपए की तुलना में 37.42 प्रतिशत अधिक है।

# कैपिटल फूड्स को खरीदने आईटीसी और नेस्ले जैसी कंपनियों में मची होड़

नई दिल्ली। चिंग्स सीक्रेट और स्मिथ एंड जोन्स ब्रांड्स के तहत कॉन्डीमेंट्स फूड प्रॉडक्ट्स बनाने वाली कंपनी कैपिटल फूड्स बिकने जा रही है। इस कंपनी को खरीदने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों में होड़ मची है। टाटा, नेस्ले, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, क्रॉफ्ट हाइंज, आईटीसी, ओरक्ला और निसिन फूड्स जैसी बड़ी कंपनियों में होड़ मच गई है। एक मीडिया खबर के मुताबिक कैपिटल फूड्स को खरीदने के लिए बड़ी कंपनियों में जबरदस्त होड़ मची है। कैपिटल फूड्स के तीन शेयरहोल्डर्स यूरोपियन फैमिली ऑफिस एंड इनवेस्टमेंट इनवस, अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी ग्रुप जनरल एटलांटिक और कंपनी के चेयरमैन अजय गुप्ता की हिस्सेदारी है। तीनों की हिस्सेदारी क्रमशः 40, 35 और 25 फीसदी है। कैपिटल फूड्स को खरीदने के लिए दुनिया की बड़ी कंपनियां आमने-सामने हैं। नेस्ले, टाटा समूह, आईसीटी, एचयूएल, जापान की बड़ी नूडल्स कंपनी निसिन, नार्वे की कंपनी ओरक्ला और दुनिया की बड़ी फूड और बवरेजेज कंपनी हाइंड के बीच सीधी टक्कर हो रही है। कंपनी चिंग्स सीक्रेट इंस्टेंट चाइनीज नूडल्स, सूप, मसालें, पेस्ट, फ्रोजन प्रोडक्ट, फूड पेस्ट, सॉस जैसे प्रोडक्ट्स बेचती है। कैपिटल फूड्स जो आपको घर पर चाइनीज फूड बनाने के लिए सीक्रेट मसाले और सॉस उपलब्ध करवाती है, उसके लिए दिग्गज कंपनियों में भिड़त होने वाली है। माना जा रहा है कि मई 2023 में नॉन बिड्स शुरू हो सकती है। इस कंपनी की शुरूआत साल 1995 में अजय गुप्ता ने की थी। कुछ ही वक्त में कंपनी ने मार्केट में अपनी पैठ बना ली। अजय ने देसी चाइनीज सेगमेंट और इटैलियन फूड्स सेगमेंट की शुरूआत की थी। फिर अचानक से बीते साल कंपनी को बेचने की खबर आई। सबसे पहले 14 नवंबर को सबसे पहले ये खबर सामने आई की कंपनी बिकने जा रही है। जिसके बाद कई राउंड्स की बैठक हुई। कई कंपनियों के साथ शुरूआती दौर की बैठक हो चुकी है। अब टाटा समेत दुनियाभर की बड़ी कंपनियों के बीच इसे खरीदने के लिए कंप्टीशन शुरू हो गया है।

# अब कच्चे तेल पर नहीं लगेगा विंडफॉल टैक्स, डीजल पर भी टैक्स में कटौती

**नई दिल्ली।** अब कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को केंद्र सरकार ने समाप्त कर दिया है। इस बारे में सरकार की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। बताया गया कि इसे मंगलवार 4 अप्रैल से लागू भी कर दिया गया है। इसके पहले कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 3,500 रुपए (42.56 डॉलर) प्रति टन रखा गया था। इसके साथ ही डीजल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स 1 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 0.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। फिलहाल, पेट्रोलियम और एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर कोई भी विंडफॉल टैक्स नहीं लगाया गया है। जुलाई 2022 में पहली बार कच्चे तेल पर 23,250 रुपए प्रति टन का विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। 21 मार्च 2023 को सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को घटाकर 3,500 रुपए प्रति टन कर दिया था। सरकारी की ओर से यह फैसला एक ऐसे समय पर आया है, जब दो दिन पहले ही ओपेक प्लस समूह के देशों ने कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती करने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने पहली बार 1 जुलाई 2022 को विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया था। इसके साथ ही भारत उन देशों में शामिल हो गया जो एनर्जी कंपनियों के सुपर नॉर्मल प्रॉफिट पर टैक्स लगाते हैं। केंद्र सरकार विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स की हर पखवाड़े में समीक्षा करती है। अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमत के आधार पर इसकी दरों को मॉडरेट किया जाता है। सरकार 75 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा मिलने वाली किसी भी कीमत पर तेल उत्पादकों पर अप्रत्याशित मुनाफे पर टैक्स लगाती है।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट में 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी दर 6.3 प्रतिशत आंका गया

नई दिल्ली। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीडीपी 2023-24 में 6.3 प्रतिशत तक नीचे आने की संभावना है। वर्ल्ड बैंक ने इससे पहले 6.6 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। मुख्य रूप से ऋण की ऊंची कीमत के चलते खपत में गिरावट आई है। पिछले साल मई से भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहा है। अपने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में, विश्व बैंक ने कहा कि खरीदने की कम क्षमता के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण बाहरी कारकों के कारण आर्थिक विकास प्रभावित होने की संभावना है।

ऋण की बढ़ती लागत और धीमी आय वृद्धि निजी उपभोग वृद्धि पर असर डालेगी और महामारी से संबंधित राजकोषीय समर्थन उपायों को वापस लेने के कारण सरकारी खपत धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा भी 2023-24 में घटकर 2.1 प्रतिशत रहने की संभावना है, जबकि 2022-23 में यह 3 प्रतिशत था। मुद्रास्फीति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह चालू वित्त वर्ष में 5.2 प्रतिशत तक कम होने की संभावना है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 6.6 प्रतिशत थी।

## वॉलमार्ट 2000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करेगी: रिपोर्ट

**मुंबई।** दिग्गज अमेरिकी रिटेल कंपनी वॉलमार्ट 2,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करने पर विचार कर रही है। वॉलमार्ट इंक ये छंटनी अमेरिका के 5 ई-कॉमर्स वेयरहाउस में करेगी। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। वॉलमार्ट की ओर से अभी तक इस बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। इसके पहले 23 मार्च को एक रिपोर्ट में एक न्यूज एजेंसी ने कहा था कि वॉलमार्ट की 5 फैसिलिटी में काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को 90 दिन के अंदर दूसरी नौकरी तलाश करने को कहा गया है। कंपनी ने पिछले महीने अपने वेयरहाउसेज पर स्टाफ की संख्या कम करने की बात कही थी लेकिन इस दौरान कंपनी ने कोई खास जानकारी नहीं दी थी। कंपनी की ओर से रेगुलेटरी फाइलिंग में छंटनी की पूरी जानकारी मिलेगी। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि छंटनी के शिकार कर्मचारी उसी संस्थान में दूसरी भूमिका में काम करने पर विचार कर सकते हैं। गौरतलब है कि कंपनी के कुछ कर्मचारियों को भले ही छंटनी के जरिए निकाला जाएगा लेकिन आगे विस्तार की भी योजना है। वॉलमार्ट ने कहा है कि कंपनी कुछ दूसरे क्षेत्र में भी विस्तार कर रही है। इस योजना के तहत कुछ स्टोर और फुलफिलमेंट सेंटर में बदलाव किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन ऑर्डर की डिमांड को पूरा किया जा सके। ऐसे में संभावना है कि कंपनी कुछ कर्माचरियों को एक जगह से दूसरी जगह जाने की भी व्यवस्था कर सकती है। अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि वॉलमार्ट के कुल कितने कर्मचारियों पर इसका असर देखने को मिलेगा।

# आरबीआई गवर्नर 6 अप्रैल को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक आज सोमवार को शुरू हुई जो लगातार तीन ?दिन चलेगी। ऐसा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की और वृद्धि का फैसला कर सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि इसके साथ ही मई, 2022 से शुरू हुआ ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला थम जाएगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक 3-6 अप्रैल के दौरान विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारकों पर विचार किया जाएगा। इसके बाद वित्त वर्ष 2023-24 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास गुरुवार को छह सदस्यों वाली समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन बाहरी सदस्य होते हैं। इस बैठक में एमपीसी खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि और विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा हाल में की गई कार्रवाई पर खासतौर से विचार करेगी। केंद्रीय बैंक महंगाई को काबू में करने के लिए मई, 2022 से रेपो दर में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर चुका है।

इसके बावजूद मुद्रास्फीति ज्यादातर समय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक गुरुवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि करेगा और शायद इसके साथ ही ब्याज दर में बढ़ोतरी का सिलसिला थम जाएगा।

## कच्चा तेल महंगा पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 84.96 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच मंगलवार सुबह कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। इसका असर सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर दिख रहा है। यूपी, हरियाणा सहित कई राज?यों में तेल के दाम बदल गए हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में पेट्रोल 23 पैसे सस?ता होकर 96.77 रुपए लीटर हो गया, जबकि डीजल 20 पैसे गिरकर 89.94 रुपये लीटर बिक रहा है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 10 पैसे महंगा हुआ और 96.57 रुपए लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 10 पैसे चढ़कर 89.76 रुपए लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 21 पैसे महंगा हुआ और 97.10 रुपए लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल 19 पैसे चढ़कर 89.96 रुपए लीटर पहुंच गया है। कच?चे तेल की कीमतों में और तेजी आई है।

ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 84.96 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी वैश्विक बाजार में चढ़कर 80.53 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 97.10 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 96.77 रुपए और डीजल 89.94 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# कैलिफोर्निया की कंपनी ने बनाई फिस्कर ओशियन एसयूवी

**-फुल चार्ज में 700 कमी चलने का किया जा रहा दावा**

नई दिल्ली। कैलिफोर्निया की ई-वाहन कंपनी फिस्कर ने लॉन्ग रेंज इलेक्ट्रिक एसयूवी बनाने का दावा किया है। हाल ही में कंपनी ने फिस्कर ओशियन नाम की एक इलेक्ट्रिक एसयूवी का खुलासा किया है जो सिंगल चार्ज पर 707 किमी की रेंज देती है। कंपनी का दावा है कि ओसन दुनिया की सबसे ज्यादा ड्राइविंग रेंज देने वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी है ।इसे इस साल के अंत तक अमेरिका और यूरोप के बाजार में लॉन्च करने की योजना है ।लॉन्च होने के बाद इसका मुकाबला टेसला मॉडल एक्स और मर्सडीज बेंज ईक्यूएस जैसे मॉडलों से होगा, जिनकी ड्राइविंग रेंज क्रमशः 665 किमी और 678 किमी की है ।अगर यह एसयूवी भारत में लॉन्च होगी तो फुल चार्ज में इससे दिल्ली से भोपाल तक का 700 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है ।फिस्कर ओशियन एक पावरफुल इलेक्ट्रिक एसयूवी है, इसकी वजह इसमें लगाया गया शक्तिशाली इलेक्ट्रिक मोटर है ।इसमें कंपनी ने 542 बीएचपी का पॉवर देने वाला इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल किया है ।इस मोटर की वजह से यह इलेक्ट्रिक एसयूवी महज 3.3 सेकेंड में ही शून्य से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है ।फिस्कर ओशियन को तीन वेरिएंट में लाया गया है, जिसमें स्पोर्ट, अल्ट्रा और एक्सट्रीम शामिल हैं।

वेरिएंट के हिसाब से यह एसयूवी अलग-अलग पॉवर और टॉर्क जनरेट करती है ।इसका सबसे पॉवरफुल वेरिएंट एक्सट्रीम है जिसमें 542 बीएचपी की पॉवर मिलती है ।वहीं मिडिल वेरिएंट का पॉवर ऑउटपुट 542 बीएचपी का है ।बेस वेरिएंट में 271 बीएचपी का कान्सटेंट पॉवर मिलता है ।फिस्कर ओशियन में एक से बढ़कर एक फीचर्स दिए गए हैं ।इसमें फुल एलईडी हेडलाइट और टेल लाइट के अलावा 17-इंच का इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, बड़ा स्काई रूफ, इलेक्ट्रिक टेलगेट, क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जिंग, 360-डिग्री कैमरा, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और ऑटोमैटिक हेडलाइट जैसे फीचर्स मिलते हैं।

फिस्कर ओशियन फास्ट चार्जिंग तकनीक से भी लैस है। बता दें कि दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। वाहन कंपनियां ऐसे इलेक्ट्रिक वाहनों को तैयार करने में लगी हैं जो एक बार के चार्ज पर लंबी ड्राइविंग रेंज ऑफर करें। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में कंपनी ने बड़ा दिया है जिसकी बदौलत आप इसे फुल चार्ज पर 707 किलोमीटर तक चला सकते हैं ।कंपनी ने एसयूवी के छत पर सोलर पैनल लगाया है जिसकी मदद से यह एसयूवी बिना किसी पॉवर सोर्स के सिर्फ धूप में खड़े-खड़े भी चार्ज हो सकती है।

## चालू वित्त वर्ष में देश की वास्तविक जीडीपी विकास दर 6.3 फीसदी रहेगी: वर्ल्ड बैंक

नई दिल्ली। वर्ल्ड बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट सार्वजनिक की। वर्ल्ड बैंक का कहना है कि भारत में महंगाई बढ़ी है लेकिन खाने-पीने के सामान और ईंधन के दामों को काबू में रखने की वजह से ज्यादा असर नहीं है। महामारी के बाद एक बार फिर बाजार में सुधार हो गया है लेकिन विनिर्माण और निर्माण कार्य वाले क्षेत्रों में गई नौकरियों में महामारी पूर्व का स्तर अभी तक नहीं आ पाया है। वर्ल्ड बैंक का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी विकास दर 6.3 प्रतिशत होगी। महंगाई दर के गिरने की उम्मीद है। बता दें कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। इस दौरान कुछ रिस्क दिखाई जान पड़ रहे हैं। माना जा रहा है कि अमेरिका और यूरोप के वित्तीय क्षेत्र में आए भूचाल का असर भारत पर भी पड़ेगा। वर्ल्ड बैंक ने आज भारत से संबंधित इंडिया डेवेलपमेंट अपडेट रिपोर्ट साझा की है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारत का विकास कुछ लचीला बना रहेगा, हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था में महामारी के बाद सुधार के कई कारक दिखाई पड़ते हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं लेकिन भारत तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बनाए हुए हैं।

## एलन मस्क ने ट्विटर का लोगो बदला

वाशिंगटन। जब से ट्विटर को एलन मस्क ने खरीदा है तब से ही इस सोशल प्लेटफॉर्म पर कुछ हैरान परेशान करने वाले बदलाव हुए हैं। ताजा मामला भी कुछ ऐसा ही है। जानकारी के मुताबिक आधी को एलन मस्क ने ट्विटर के लोगो को बदल दिया है। अब तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का लोगो ब्लू बर्ड (चिड़िया) होती थी। इसे बदल कर डॉज कर दिया गया है। कंपनी ने सोमवार की रात को अपने लोगो में यह बदलाव किया है। एलन मस्क अक्टूबर 2022 में 44 बिलियन डॉलर की डील के साथ ट्विटर के मालिक बने थे। इसके बाद कंपनी में कई बदलाव किए गए हैं। हाल-फिलहाल में यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पेड ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन को लेकर चर्चा में था और अब लोगो बदले जाने का मामला सामने आया है। इस अचानक हुए बदलाव से ट्विटर यूजर्स हैरान हैं। कुछ यूजर्स को यह डॉगक्वाइन का लोगो लग रहा है। बता दें कि डॉगक्वाइन एक क्रिप्टोकरेंसी है और ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क इसके पक्षधर रहे हैं। वहीं कई यूजर्स का ये भी कहना है कि ट्विटर का नया लोगो काफी हद तक एलन मस्क के पेट डॉग की तरह है।

## एयरोफ्लेक्स ने आईपीओ से 350 करोड़ जुटाने के लिए किया आवेदन

मुंबई। एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 350 करोड़ रुपए जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों का मसौदा जमा कराया है। सेबी को दिए गए प्रस्ताव के मुताबिक आईपीओ के तहत 160 करोड़ रुपए के नए शेयर बिक्री के लिए जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तकों के पास मौजूद 1.75 करोड़ शेयरों को भी खुली बिक्री (ओएफएस) के लिए रखा जाएगा। ओएफएस के तहत कंपनी में 92.18 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सैट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की तरफ से 1.23 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी जबकि 6.52 प्रतिशत हिस्सा रखने वाली इटैलिका ग्लोबल 52 लाख शेयरों की बिक्री करेगी। एयरोफ्लेक्स नए शेयरों की बिक्री से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल कर्ज को चुकाने, कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी करने और सामान्य कंपनी कामकाज में करेगी। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, एयरोफ्लेक्स के इस सार्वजनिक निर्गम का आकार करीब 350 करोड़ रुपए रह सकता है। मुंबई स्थित यह कंपनी धातुओं के लचीले होज बनाने के साथ उनकी आपूर्ति 80 से अधिक देशों में करती है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने एकीकृत परिचालन आय 240.8 करोड़ रुपए रही थी और उसने 27.5 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था।

# पेट्रोलियम निर्यातक देशों ने की उत्पादन में कटौती की घोषणा

**- अब फिर मचेगा दुनिया में हाहाकार**

नई दिल्ली। सऊदी अरब ने कहा कि वह मई से 2023 के अंत तक उत्पादन में प्रति दिन 500,000 बैरल या बीडीपी की कटौती करेगा। इसके साथ ही पेट्रोलियम निर्यातक देशों के अन्य संगठन और तेल उत्पादकों ने प्रति दिन लगभग 1.16 मिलियन बैरल के उत्पादन में और कटौती की घोषणा की है। वहीं इस फैसले के चलते तेल की कीमतों को लेकर दुनिया भर के देशों की चिंता बढ़ गई है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम अधिकांश देशों के लिए आश्चर्यजनक है ।क्योंकि ओपेक प्लस ने कहा कि उनकी नीतियों में कोई बदलाव करने का इरादा नहीं था, लेकिन इस घोषणा ने सभी को चौंका दिया है ।जानकारी के अनुसार, सऊदी प्रेस एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में, सऊदी अधिकारी ने जोर देकर कहा कि यह एक एहतियाती उपाय है जिसका उद्देश्य तेल बाजार की स्थिरता का समर्थन करना है।

साथ ही यह भी कहा कि यह स्वैच्छिक कटौती 5 अक्टूबर, 2022 को 33वीं ओपेक और गैर ओपेक मंत्रिस्तरीय बैठक में उत्पादन में कमी के लिए एक एहतियाती उपाय है ।वहीं ओपेक प्लस और सऊदी अरब के इस फैसले का असर भी दिखना शुरू हो गया है ।तेल की कीमतों में 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.सऊदी अरब और अन्य ओपेक सदस्यों ने पिछले साल तेल उत्पादन में कमी कर अमेरिकी सरकार को नाराज कर दिया था ।उस समय अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले थे और महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा था ।यूएई ने कहा है कि वह उत्पादन में 144,000 बीपीडी की कटौती करेगा ।वहीं कुवैत ने 128,000 बीपीडी की कटौती का एलान किया है ।वहीं इसी तर्ज पर इराक ने घोषणा की है कि वह 211,000 बीपीडी की कटौती करेगा ।जबकि ओमान 40,000 और अल्जीरिया अपने उत्पादन में 48,000 बीपीडी की कटौती करेगा। बता दें कि सऊदी अरब के इस कदम से तेल कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे रियाद और अमेरिका के रिश्तों में और तनाव आ सकता है।

उल्लेखनीय है कि यूक्रेन-रूस के युद्ध के चलते पूरी दुनिया मुद्रास्फीति का सामना कर रही है ।ऊर्जा मंत्री ने रविवार को कहा कि यह कटौती कुछ ओपेक और गैर-ओपेक सदस्यों से समन्वय कर की जाएगी ।हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया ।यह कटौती पिछले साल अक्टूबर में घोषित कटौती के अतिरिक्त होगी.सऊदी अरब ने इस कदम को तेल बाजार को स्थिर करने के उद्देश्य से ह्यएहतियाती कदमह्ण बताया है।

### महावीर जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद

मुंबई। महावीर जयंती के अवसर पर शेयर बाजार में मंगलवार 4 अप्रैल को छुट्टी रहेगी। इस मौके पर आज शेयर बाजार में कोई कारोबार नहीं होगा। इस हफ्ते शेयर बाजार में दो दिन छुट्टी रहेगी। शुक्रवार 7 अप्रैल के दिन बाजार में गुड फ्राइडे की छुट्टी रहेगी। अप्रैल के महीने में तीन द?िन की और मौजूदा हफ्ते में दो द?िन की छुट्ट?ियां हैं! 4 अप्रैल को महावीर जयंती, 7 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 14 अप्रैल को बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष?य में शेयर बाजार बंद रहेगा। 4 अप्रैल को शेयर बाजार के साथ मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शाम 5 बजे से रात 11.30 बजे तक ही खुला रहेगा।

## हुंडई क्रेटा बनी ग्राहकों की पहली पसंद

**-क्रेटा की एक्स शोरूम कीमत 10.84 लाख रुपये**

नई दिल्ली। हुंडई क्रेटा अभी ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है है। इस मिड साइज एसयूवी को लुक और परफॉर्मेंस के लिए काफी पसंद किया जा रहा है। दिल्ली में क्रेटा की एक्स शोरूम कीमत 10.84 लाख रुपये से शुरू है। इस हिसाब से ऑन रोड कीमत 10 लाख रुपये बजट से बाहर है।

अगर आप 10 लाख रुपये से कम की एसयूवी खरीदना चाहते हैं, तो हुंडई वेन्यू भी आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है ।क्योंकि हुंडई वेन्यू की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 7.68 लाख रुपये से शुरू है.हुंडई वेन्यू कम दाम में एक फुल पैसा वसूल गाड़ी है ।यह दिखने में कुछ हद तक क्रेटा की तरह है ।कुल मिलाकर 3 लाख रुपये सस्ती गाड़ी के साथ एसयूवी वाले फुल मजे ले सकते हैं ।हालांकि, क्रेटा और वेन्यू दोनों को कोई मुकाबला नहीं है ।दोनों एक ही कंपनी की अलग-अलग सेगमेंट की गाड़ियां हैं, लेकिन मजेदार बात ये है कि हुंडई वेन्यू के बेस मॉडल के साथ इसमें अच्छे फीचर्स मिलना शुरू हो जाते हैं ।वेन्यू फरवरी में 10 बेस्ट सेलिंग कारों की लिस्ट में भी शामिल थी।

भारत में हुंडई वेन्यू को कुल 5 मॉडल में खरीदा जा कता है, जिसमें ई, एस, एस+ या एस(ओ), एसएक्स और एसएक्स(ओ) का ऑप्शन शामिल हैं ।वेन्यू में मिलने वाले फीचर्स की बात करें तो इसमें सेगमेंट के हिसाब से सभी सुविधाएं देखने को मिल जाती हैं ।इसमें एलेक्सा और गूगल वॉयस असिस्टेंट सपोर्ट, एयर प्यूरीफायर, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, कूल्ड ग्लोवबॉक्स और पुश-बटन स्टार्ट / स्टॉप जैसी कनेक्टेड कार तकनीक के साथ 8 इंच का टचस्क्रीन शामिल है ।अन्य सुविधाओं में इलेक्ट्रिक एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, सनरूफ और वायरलेस फोन चार्जिंग शामिल हैं।

वेन्यू के टॉप मॉडल की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत करीब 13.11 लाख रुपये तक जाती है ।कॉम्पैक्ट एसयूवी में 5 लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाती है ।हुंडई वेन्यू को 6 मोनोटोन और एक डुअल-टोन कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है, जिसमें टायफून सिल्वर, टाइटन ग्रे, डेनिम ब्लू, फाइरी रेड, पोलर व्हाइट, फैंटम ब्लैक और फैरी रेड के साथ फैंटम ब्लैक रूफ का ऑप्शन है।

# आयकर विभाग की नजर 89 कंपनियों पर

**- ब्लैकमनी के खेल में 100 करोड़ की चोरी का है मामला**

नई दिल्ली। आयकर विभाग की नजर इस समय टैक्स चोरों पर लगी हुई है। हाल ही में आयकर विभाग को टैक्स चोरी का पता चला है. जिसमें 89 कंपनियां आईटी विभाग की रडार पर हैं। इसमें 100 करोड़ की ब्लैक मनी का मामला सामने आ रहा है। जानकारी मिलने के बाद से आयकर विभकि सक्रिय हो गया है और इन टैक्स चोरों पर लगाम लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। बता दें कि आयकर विभाग के मुताबिक 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के हेर-फेर मामूली लेन-देन के जरिए किए गए हैं। खास बात ये है कि ये सभी ट्रांजक्शन विदेश से किए गए हैं। आयकर विभाग को 2019-20 और 2020-21 के दौरान होने ये ट्रांजेक्शन होने का शक है। रिपोर्ट के मुताबिक आयकर ?विभाग ने इस मामले से जुड़े सभी लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। उनसे पूछा जा रहा है कि ये लेन-देन क्यों और किस वजह से हुए हैं। इन ट्रांजेक्शन की सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि ये सभी लेन-देन 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के हैं और इनमें आयकर विभाग का शक जताया जा रहा है और तीसरी शक पैदा करने वाली बात ये है कि ये सभी ट्रांजेक्शन विदेश से किए गए हैं. जिस पर संबंधित लोग अब तक उचित ब्यौरा नहीं दे पाए हैं। उचित ब्यौरा न दे पाने के कारण उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# छह वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइक व स्कूटी बरामद

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी के तीन दोपहिया वाहन बरामद कर छह वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है इनमें एक आजमगढ़ जनपद का है।

केराकत कोतवाली पुलिस ने खड़हर डगरा के पास से पांच आरोपितों को चोरी की दो बाइक के साथ धर दबोचा। इनमें से एक बाइक चोरी का मुकदमा कोतवाली में दर्ज था। पकड़े गए आरोपितों में आजमगढ़ के तहबरपुर के कोठिया गांव का प्रिंस राय उर्फ जय राय, गौराबादशाहपुर के आराजी देवली का कृष्ण उर्फ जोहन यादव, अमरा का आदित्य राय, देवली अदाई का प्रीतम यादव व केराकत के अहन का चंदन खैरवार है। प्रिंस राय के विरुद्ध तहबरपुर थाने में मारपीट, जान से मारने की धमकी व लूट के दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में मुफ्तीगंज पुलिस चौकी प्रभारी शिव प्रसाद पांडेय, एसआइ अनिरुद्ध सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, फूल कुमार द्विवेदी व कांस्टेबल निक्कू चौधरी रहे। उधर, रामपुर थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह व उनके हमराहियों ने यादव नगर सिरौली मोड़ पर वाहनों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान इसी थाना के धनुहां गांव के हर्षित दुबे उर्फ निरहू को चोरी की एक्टिवा स्कूटी के साथ पकड़ लिया। इस मामले में वांछित दूसरे आरोपित मई गांव के दीपक यादव की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआइ कश्यप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रवींद्र कुमार, कांस्टेबल बलवंत सिंह व रामेश्वर रहे।


केराकत में पकड़े गए वाहन चोर व बरामद बाइक

## शॉर्ट सर्किंग से लगी आग, फसल जलकर खाक

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव में नदी के किनारे खेत के ऊपर से गये हाईटेंशन तार गिरने से फसल जलकर नष्ट हो गयी।
वही किसान शेषमणि पाण्डेय निवासी जोगीपुर ने बताया कि 24 बीस्वा गेहू के खेत में हाईटेंशन का तार गिर गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और धू-धू कर जलने लगा। आग की तेज लपट को देखकर सैकडो ग्रामीण मौके पर पहुच गये।
पम्पिंग सेट के सहायता से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक बगल के खेत में भी आग लग चुका था। ठेगीपुर निवासी सभासिंह, इन्द्रजीत सिंह, बाबा सिंह का 8-8 बीस्वा का खेत था उसमे भी आग पकड़ लिया। जिससे फसल जलकर नष्ट हो गयी।
भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुआवजे की मांग की है।

## जीके प्रतियोगिता में एनसीएस के छात्रों का रहा दबदबा


छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि

**खेतासराय।** सामूहिक रूप से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में एक बार नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। मंगलवार को घोषित परिणाम में प्राइमरी से एनसीएस के हर्षिता यादव और जूनियर से इसी स्कूल की आरुषी जायसवाल को प्रथम स्थान मिला। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अरिहंत ट्रस्ट की ओर से आयोजित की गई थी। जिसमें एक दर्जन स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया था। अरिहंत कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थान पाने वाले छात्रों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। प्राइमरी स्तर से दूसरा स्थान जय मां दुर्गा स्कूल के गौरव यादव तथा तीसरा स्थान एनसीएस की प्रियांशी सोनी को मिला। जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल की क्रमशः आरुषी, शिवम प्रजापति और दिव्यांशी सोनी रही। मुख्य अतिथि जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय के हाथों छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता कृष्ण मुरारी मौर्य तथा संचालन विनोद कुमार चौधरी ने किया। इस मौके पर अवधेश पाण्डेय, मनीष मौर्या, आरएस यादव, रावल मौर्य, श्रेयांस मौर्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### समाजवादी कुटिया का मनाय गया तृतीय स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर मंचासीन अतिथिगण

**मुफ्तीगंज।** धमार्पुर ब्लाक के मोहद्दीनपुर गांव में समाजवादी कुटिया के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उदय प्रकाश यादव का समाजवादी कुटिया के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री यादव ने समाजवादी कुटिया के तीसरे वर्षगांठ पर कहा कि ये छोटे छोटे बच्चे आने वाले समय में किसी न किसी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष बनेंगे और इस देश का नाम रोशन करेंगे यह इस देश के भविष्य हैं। मुख्य अतिथि ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार किसान, नौजवान छात्र छात्राओं के साथ धोखा कर रही है। इस सरकार में महगाई चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को हर हाल में जीत कर भाजपा सरकार की लुटिया को डुबो देना है। विशिष्ठ अतिथि मछलीशहर विधायक रागनी सोनकर ने भी सरकार को आड़े हाथ लिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, राजेश यादव, प्रदेश सचिव मो. कलीम, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधनाथ पाल ने किया। इस अवसर पर अतिक सोनकर, अनिल दूबे, संगीता यादव, उमाशंकर यादव, सोनी यादव, हिसामुद्दीन, अजय त्रिपाठी, मालती मौर्य, विवेक रंजन, राजेन्द्र टाइगर, तारा त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश साहनी ने किया। समाजवादी कुटिया के प्रबंधक ऋषि यादव ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### भारत किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित यादव



**करंजाकला।** भारत किसान यूनियन की बैठक केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने किया। यूनियन के अन्य पदाधिकारियों से किसानों की समस्याओं के निराकरण और सुविधाओं, सहूलियत पर चर्चा किया और यूनियन की मजबूती को देखते हुए जौनपुर के पूर्व सांसद स्व. अर्जुन सिंह यादव के पुत्र अमित यादव को भारत किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर अमित यादव ने कहा कि किसान हित मेरी प्राथमिकता होगी और देश के विकास में किसानों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। इनको साथ लेकर चला जाएगा और इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया।

### रामसूरत राजभर को विप सदस्य बनाये जाने से हर्ष

**फूलपुर/माहुल (आजमगढ़)।** उद्पुर ग्राम पंचायत में राजमनी चौहान के हाते में पूर्व मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा राम सूरत राजभर को बिधान परिषद सदस्य बनाये जाने पर हर्ष ब्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जुझारू ब्यक्तित्व के धनी गरीब किसान के बेटे को सम्मानित पद देकर आजमगढ़ सहित पूर्वांचल के सम्मान बढाने के लिए भाजपा और नेतृत्व के ऋणी रहेंगे। किसी को यह उम्मीद नही थी कि इतने निचले स्तर पर जाकर एक साधारण कार्यकर्ता का मनोयन किया जाएगा। नागेन्द्र यादव पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने रामसूरत राजभर के आगमन पर उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर जितेंद्र चैहान, बलराम तिवारी, सुधीर रावत, जिला कार्यसमिति सदस्य गोविन्द यादव, पंकज पांडे, जीएस गोस्वामी, रमेश मोदनवाल, पृथ्वीराज मौर्य, मंगल प्रसाद, प्रदीप चैहान आदि उपस्थित रहे।

# मड़ियाहूं पहुंची व्यापारी स्वाभिमान यात्रा

**मड़ियाहूँ।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की व्यापारी स्वाभिमान यात्रा के पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत किया गया। जौनपुर से चलकर स्वाभिमान यात्रा का नगर के उषा उपवन में पहुंची और व्यापारियों के साथ बैठक हुई। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरी, प्रदेश महामंत्री महेंद्र सोनकर के पहुंचने पर व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद खुली गाड़ी में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ 100 से अधिक वाहनों के साथ स्वाभिमान यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए गांधी तिराहे पर पहुंची जहां प्रांतीय पदाधिकारियों ने गांधीजी और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद यात्रा ऊषा उपवन में पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि जब तक व्यापारी समाज एकजुट नहीं होगा समाज का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारी फूट का फायदा काले दाग वाले अधिकारी उठाते आ रहे हैं जिसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऑनलाइन खरीदारी होने से व्यापारियों को गहरी चोट लगी है। इसके लिए हम सभी लोगों को जागरूक होना होगा। सिंपल के नाम पर अधिकारी व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं यह हमारी फूट का फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापारियों को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मड़ियाहूँ के एक व्यापारी का उत्पीड़न होता है तो उसके लिए प्रदेश के 75 जिलों के व्यापारी उसके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल दिनेश टंडन, तहसील अध्यक्ष लाल प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष परमजीत सिंह, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद चौरसिया, चंदन केसरी, टिटू सिंह, संतोष गुप्ता, नितेश सेठ, राजेश पांडे, मनोज चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## भदोही तहसील में जमकर दलाली कर रहा साहब का पूर्व रसोइयां

**ज्ञानपुर।** भदोही तहसील में आय-जाति व मूल निवास प्रमाणपत्र बनवाने के लिए अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं, वहीं तहसील परिसर में तहसील भदोही के एक बड़े अधिकारी का पूर्व रसोइया अभ्यर्थियों की परेशानी ह्लकैशह्व कराने में सक्रिय हो गया हैं। दो सौ रुपये से लेकर पाँच सौ रुपये तक की वसूली खुले आम कर रहा हैं। तहसील पर दूर दराज से आने वाले अभ्यर्थियों, विशेषकर छात्रों व किसानों को खुले आम लूट रहा हैं। पूर्व रसोइया को न तो छात्रों, किसानों व फरियादियो की भावनाओं का कोई ख्याल है और न ही किसी कार्यवाही का डर। दलाली का खुला ताण्डव तहसील परिसर में चल रहा है। एक बड़े अधिकारी का पूर्व रसोइया होने की वजह से छोटे अधिकारियों व कर्मचारियों पर अपना रौब भी जमाता हैं। तहसील अधिकारी के सरकारी आवास पर आने जाने वालों को नास्ता पानी भी यही दलाल करता है। और गाहे बगाहे अभी भी आवास पर कभी कभी साहब के मन का भोजन बनाने जाता है। और पूरे दिन इस दलाल के हाथ मे लोगों के पेपर रहेंगे और ये दलाल लेखपाल से लेकर कानूनगो सहित राजस्व के सभी दफ्तरों में पूरे दिन किसी न किसी के पास पेपर साइन कराने के लिए पहुंचता रहता है।

# गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है रोजा इफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** नगर के बलुआघाट मोहल्ले में समाजसेवी फाजिल सिद्दीकी के आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में शीराजे हिन्द की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए सभी धर्म और वर्ग के लोग शामिल हुए।

बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निखलेश सिंह ने कहा कि नगर के लोगों का प्यार ही है कि सभी लोग एक दूसरे के त्योहारों में खुशी-खुशी शामिल होते है। रमजान के इस पाक महीने में रोजेदारों के बीच बैठकर इफ्तार करना अपने आपमें गर्व की बात है। पूर्व सभासद इरशाद मंसूरी ने कहा कि रमजान रहमत और बरकतों का महीना है। इस महीने की यही बरकत है कि आज सभी लोग एक स्थान पर इकट्ठा हुए है। दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव ने रोजेदारों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहाकि रमजान के पाक महीने में रोजा रखने से 70 गुना ज्यादा सवाब मिलता है। इस पाक महीने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में किया जाता रहा है लेकिन जौनपुर की मिट्टी में वो खुशबू है कि यहाँ सभी वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारों में बढ़चढ़ कर शरीक होते है। मगरिब की अजान होते ही रोजेदारों ने इफ्तार किया और हाफिज मेराज ने नमाज अदा कराई। बाद नमाज मुल्क के अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर जगदीश मौर्य गप्पू, सलीम पठान, उबैदुर्रह्मान सिद्दीकी, शकील मंसूरी, मो. अजमत, उमेश मौर्य, शकील अहमद, विजय सिंह बागी, विशाल सिंह हुकुम, इमरान बंटी, शरीफ राईनी, मेराज मंसूरी, उस्मान अहमद, मो. आदिल सिद्दीकी, सभासद अलमास सिद्दीकी, अबुजर शेख, आदिल शेख, तनवीर आलम गुड्डु, शकील माज, मेराज अहमद राईनी, इमरान अहमद, महताब अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आखिर में आयोजक फाजिल सिद्दीकी ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।


रोजा इफ्तार करते लोग

## संक्षेप

### गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने पर धन्यवाद सभा



**गोपीगंज।** नगर के गुलाब धर मिश्र इंटर कॉलेज में जनजाति धन्यवाद जनसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि वर्षों से भदोही और ऐसे चार और अन्य जिले हैं, जिसमें संत कबीर नगर, कुशीनगर, चंदौली ये चार जिले पिछले समय में छूट गए थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे, उस समय हमने कोशिश किया। और आज जब मोदी जी की सरकार बनी है, पूरे समाज की ओर से हम उन्हें बधाई देते हैं। आज हम अपने समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने पर धन्यवाद सभा के माध्यम से सरकार का हम आभार जताते हैं। भाजपा सरकार द्वारा हम जनजाति एवं आदिवासी को सम्मान मिला है, वह सम्मान मिलने के बाद हम सभी लोग तहे दिल से इस प्रकार के लोगों को धन्यवाद देते हैं और ऐसे ही आदिवासी जनजाति मजबूत होती जाएगी। गोपीगंज के पंडित गुलाब धर मिश्र इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को आयोजित आयोजन मे गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में घोषित किए जाने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति जनपद में जनजातीय धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश गौड़, विनोद गौड़, जवाहर लाल गौड़, संजय गौड़ सहित रमेश पांडे, बालदत्त पांडे, सुनील मिश्रा, वीरेंद्र पांडे, बिंदेश गुप्ता, मजहर उल्ला सहित आसपास आदिवासी और गौड़ समाज के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### हजरत बिलाल मस्जिद में पहले दौर की तराबी मुकम्मल



**भदोही।** शहर के स्टेशन रोड बड़ी ईदगाह स्थित हजरत बिलाल मस्जिद में सोमवार को तराबीह की नमाज मुकम्मल की गयी। हाफिज अब्दुल रहमान ने कुरआन मुकद्दस के तीस पारा को 11 रमजान में पढ़ कर सुनाया। नमाजियों ने हाफिज अब्दुल रहमान का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया। माहे रमजान की चांद दिखते ही सभी मस्जिदों में तराबीह की नमाज पढ़ी जाती है, जो रमजान के 30 रोजे तक बाद नमाजे एशा पढ़ी जाती है। सोमवार को तराबीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में मौलाना अब्दुल समद ने तकरीर करते हुए कहा कि कि जो लोग हजरत अली को मानते है वो लोग अबू बकर को, उस्मान गनी को, हजरत उमर को भी माने कहीं ऐसा नहीं लिखा है कि सिर्फ हजरत अली को माने सभी को एक बराबर माने। कहा कि मुकद्दस माहे रमजान बरकतों रहमतों व फजीलतों वाला महीना है। पाक महिने में अल्लाह एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। जितनी हो सके इबादत के साथ ही नेकी करें। मौलाना समद ने कहा कि इस मुकद्दस महीने में खूब तिलावत करे और पांच वक्त की नमाज पढ़ने के साथ तराबी की नमाज तीसों दिन पढ़ें। इसके बाद पूरी दुनीया में अम्न और शांति की दुआ की गयी। हाफिज का इस्तकबाल करने वालो में मस्जिद के इमाम कारी गयास, हाजी नवाब अली, रशीद अहमद, असलम हकीकी, हाजी लाल मोहम्मद, मो इरफान, अर्शी कुरैशी, मो अनीस, इमरान खान, आदि रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# स्थानांतरण होने पर एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र को दी गयी भव्य विदाई

कार्यक्रम

**सेवा काल के दौरान एडीएम ने जनपद के विकास में नये प्रतिमान स्थापित किए: डीएम**

**योग्य व कुशल प्रशासक के रूप में शानदार कार्यकाल रहा एडीएम का: एसपी**

**अपनी सादगी व सरलता से जनता के अधिकारी के रूप में याद रहेंगे एडीएम**


अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र को स्मृति चिन्ह भेट करते डीएम गौरांग राठी और एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र के स्थानांतरण पर विदाई व सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों व जनता जनार्दन द्वारा किया गया।

जनपद सुल्तानपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी बनाए जाने के नई जिम्मेदारियों हेतु आज विदाई व सम्मान समारोह में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने भदोही वासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के स्नेह व विश्वास जताने के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद भदोही में मेरे सेवाकाल में मुझे सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन का भरपूर, सहयोग, स्नेह व प्यार मिला जो मेरे जीवन की अमूल पूंजी है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि सेवा काल के दौरान एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र ने जनपद के विकास में नये प्रतिमान स्थापित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि ₹जहां चिराग रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा, किसी चिराग का अपना मकान नहीं होता₹। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि योग्य व कुशल प्रशासक के रूप में एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र का कार्यकाल शानदार रहा। मेरी शुभकामना है कि जीवन के नए पड़ाव में भी वे शानदार लकीर खींचेगें। अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह ने उनके बेहतरीन प्रशासनिक मैनेजमेंट व कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए जन उदार हृदय व आकर्षक व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विदाई व सम्मान समारोह पर समस्त उप जिलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय, योगेंद्र साहू, आकाश कुमार, अश्विनी कुमार पांडेय, तहसीलदार विजय कुमार यादव, आरटीओ शारदा मिश्रा, संचालनकर्ता राकेश कुमार सिंह आदि रहे। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेट करते हुये माल्यार्पण कर विदाई दी गयी।

# भाजयुमो की बैठक में युवाओं में भरा गया जोश

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजयुमो की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु तिवारी रहे। बैठक मे उपस्थित युवा कार्यकर्ताओ मे जोश भरा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके ही दम पर नगर निकाय के साथ आगामी 2024 में लोकसभा में जीत हासिल करना है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विश्व गुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। उनके समक्ष कोई रूकावट न हो इसलिए देश के युवाओ का साथ अवश्य होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि जी 20 समूह की कमान यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को सौंपा गया है। देश में आयोजित होने वाले जी 20 को सफल बनाने के लिए यंग 20 चलाया जा रहा है। यंग गांव गांव जाकर देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की योजनाओ को जन जन तक पहुचायेगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मनीष तिवारी, संयोग, अरुणेश, अमित, अनुज पाण्डेय, बुल्लू प्रिंश, आलोक, राहुल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।


भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजयुमो की बैठक में शामिल लोग

# अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

कार्रवाई

**थाने पर शिकायत लेकर गए परिजन की दबंग युवक ने की पिटाई**

**पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा किया कायम**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे भतीजे के साथ अश्लील हरकत कर रहे युवक के पास शिकायत लेकर गये तो चाचा को मारपीट कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला पुलिस में पहुँचा तो गोपीगंज पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है पीड़ित के चाचा ने तहरीर देकर घटना से अवगत कराया कि वह कैंसर से पीड़ित है इलाज के लिए मुम्बई रहते है, बड़ी मां के निधन पर घर आये है, रविवार को उसका भतीजा महुआ बिनने गया था जहां पास मे अपने मशीन पर मौजूद गांव के ही सोनू तिवारी उसके साथ अश्लील हरकत किया। रोते हुए भतीजा घर आया तो उसकी आप बीती सुनकर शिकायत लेकर गया तो आक्रोशित होकर आरोपी उसके उपर प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे परिजन उसे थाने ले आये, थाने मे घायल की हालत बिगड़ जाने पर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करा कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 377, 511, 323 कायम कर किशोर का मुआयना कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। चचाओं के मुताबिक बताया जाता है कि आरोपी युवक दबंग किस्म का है। चचाओं के मुताबिक दबंग युवक का एक फोटो वायरल हो रहा है जिसमे वह पिस्टल लेकर दिखाई पड़ रहा है, पुलिस युवक से पिस्टल के बारे में जानकारी ले रही है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**गोपीगंज।** पहली बार गोपीगंज आये प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का मंगलवार को जीटी रोड चौराहे पर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नारेबाजी के बीच जोरदार स्वागत किया। चौराहे से जुलूस के रूप में निकले व्यापारी नगर के बाजारों में घूमे। नगर के सदर मोहाल में कृषि कुमार खटाई के आवास पर स्वागत किया, तत्पश्चात कृष्ण कुमार पांडेय के आवास पर स्वागत किया गया।

सदर मोहाल, अंजहि मोहाल, छोटी चौराहा, खरहट्टी मोहाल, सहित नगरीय क्षेत्र में घूमकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों की समस्याओं पर कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार उद्योग मंडल के 50 वर्ष पूरे हो जाने पर लोगों ने संगठन में निर्णय लिया है पूरे वर्ष को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाएंगे। इसका पहला कार्यक्रम 22 दिसंबर 2022 को दीपोत्सव के रूप में था। जो प्रदेश के दस जिलों में मनाया गया था। दूसरा व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान अमृत काल के रूप में पांच लाख अधिक व्यापारियों ने व्यापार मंडल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। तीसरा कार्यक्रम है जो कि 13 मार्च को सहारनपुर के व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकल रही है आज उसका 24वां दिन है। कहा कि पिछले दिनों आप लोगों को पता होगा कि छापों के दौरान जिसे सबसे पहले विरोध व्यापार मंडल ने किया। मुख्यमंत्री ने छापे को स्थगित किया। इसी प्रकार से व्यापारियों पर जब-जब समस्या आएगी व्यापार मंडल उनके साथ खड़ा रहेगा। स्वागत कताओं में मुख्य रूप से जितेंद्र गुप्ता, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार खटाई, वीरेंद्र पांडेय, अरुण मिश्रा, अमित जायसवाल, बिंदेश गुप्ता, मजहरउल्ला आदि लोग शामिल रहे।


उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का स्वागत करते उद्योग व्यापार मंडल के लोग


## टोल प्लाजा के कर्मचारियों से मारपीट पर आठ के विरुद्ध मुकदमा

**जफराबाद।** जलालपुर के हौज गांव में स्थित टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों से मारपीट करने वाले आठ लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला काफी चर्चा में है। ज्ञात हो उक्त टोल प्लाजा पर टोल वसूली का टेंडर दूसरे कम्पनी का था। 31 मार्च को उक्त कम्पनी का टेंडर खत्म हो गया था। एक अप्रैल से नई कम्पनी का टेंडर हो गया। नई कम्पनी ने पुराने स्टाफ को निकाल दिया। निकले गए पुराने स्टाफ के आठ युवक उक्त टोल प्लाजा के बगल के गांव बंदीपुर के निवासी थे। उन युवकों पर वर्तमान स्टाफ के लोगों ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था।



# संकटमोचन मंदिर में ही तुलसीदास को हुआ था हनुमान का दर्शन

**500 साल प्राचीन है संकटमोचन का इतिहास**





राधेश्याम कमल

वाराणसी। गोस्वामी तुलसी दास ने असी गंग के तीर पर रामचरित मानस की रचना की थी। इसी दौरान गोस्वामी तुलसी दास को हनुमान का साक्षात दर्शन हुआ था। जिस स्थान पर गोस्वामी तुलसी दास को हनुमानजी का साक्षात दर्शन हुआ था, वहां कभी घनघोर वन (जंगल) हुआ करता था। साढ़े आठ एकड़ में फैले इस वन को हनुमानजी के बगीचे के रूप में जाना जाता है। यह वन आज भी सुरक्षित है। इसी के पास काशी का विश्व विख्यात संकटमोचन मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर में उसी काल का प्राचीन कुआं भी है। जो आज भी विद्यमान है और इस इतिहास को जीवंतता प्रदान किये हुए है। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि संकटमोचन में ही गोस्वामी तुलसी दास को पहली बार हनुमानजी का साक्षात्कार हुआ था। गोस्वामी तुलसी दास को जिस स्वरूप में हनुमानजी ने दर्शन दिया था वही विग्रह संकटमोचन मंदिर में विद्यमान है। संकटमोचन मंदिर का इतिहास लगभग 500 साल पुराना है। पहले यहां अस्सी नदी का तट हुआ करता था। गोस्वामी तुलसी दास ने काशी में कई स्थानों पर अनेक हनुमान के विग्रहों की स्थापना की। इनके मंदिर शहर के कई स्थानों पर आज भी विराजमान हैं। इसमें प्रमुख मंदिरों में संकटमोचन मंदिर भी है। हनुमानजी की ही वजह से गोस्वामी तुलसी दास को भगवान श्रीराम के दर्शन हुए। वे बताते हैं कि भगवान श्रीराम परम ब्रह्म परमेश्वर हैं। भगवान श्रीराम बहुत ही सरल हैं। आज जनमानस भगवान श्रीराम के चरित्र को समझ नहीं पा रहा है। वह सभी में विराजमान हैं। केवल हमारे में ही नहीं है। भगवान श्रीराम जन-जन के नायक हैं। बनारस शहर एक बेजोड़ शहर है। यहां पर सभी आपसी मेल मिलाप व सौहार्द्र पूर्वक रहते हैं।

**जैसा हुआ था साक्षात्कार वही विग्रह मंदिर में हैं विराजमान**

**हनुमानजी का यह कोई स्थापित विग्रह नहीं है**

**आठ एकड़ में फैले वन को हनुमानजी का बगीचा मानते हैं**

## देश के विभिन्न कोनों से आते हैं दर्शनार्थी

संकटमोचन मंदिर में वैसे तो रोज हजारों श्रद्धालु हनुमानजी का दर्शन-पूजन करने के लिए हाजिरी लगाते हैं। यहां पर देश के विभिन्न कोनों से न जाने कितने श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। भोर में चार बजे मंगला आरती के पश्चात नित्य मंदिर का पट खुलता है। अपराह्न में भोग आरती के पश्चात मंदिर का पट बंद हो जाता है। पुन: एक घंटे के बाद मंदिर का पट खुलता है। जिसके बाद रात्रि शयन आरती तक हनुमान जी का दर्शन का क्रम चलता रहता है। यहां पर नरक चतुर्दशी और चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती मनायी जाती है। यहां पर प्रसिद्ध संकटमोचन समारोह आयोजित हो रहा है। इस समोराह में देश-विदेश के जाने माने संगीत साधक व कलाकार हनुमत दरबार में गायन-वादन व नृत्य के जरिये अपनी हाजिरी लगाते हैं। संकटमोचन मंदिर की खासियत यह है कि हनुमत दरबार में आने वाले हर भक्त को एक समान आदर व सम्मान मिलता है।





## यहां हनुमानजी स्वयं करते हैं कथा का श्रवण

संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने बताया कि संकटमोचन मंदिर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 6 अप्रैल को हनुमत जयंती महोत्सव मनायी जायेगी। इस अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार व झांकी, आरती तथा पूजन होगा। शहनाई वादन से ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक, रामचरित मानस पाठ, संकीर्तन, सुंदरकांड का पाठ तथा रात्रि पर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियां रामचरित मानस पाठ करेंगी। इस बार हनुमान जयंती पर

**अद्भुत**

**हनुमान जयंती पर संकटमोचन में होगा रामचरित मानस पाठ**

**6 से 9 अप्रैल तक संकट मोचन हनुमान का होगा विशेष शृंगार, सजेगी झांकी व आरती**


सार्वभौम रामायण सम्मेलन 7 से 9 अप्रैल तक आयोजित है। इसमें देश के प्रसिद्ध मानस वक्ताओं की कथा सायंकाल पांच से रात्रि दस बजे तक आयोजित है। इसमें मुख्य रूप से पं. उमाशंकर शर्मा (बरेली), रामाकांत चतुर्वेदी (हनुमानगढ़)पं. नीरज मिश्र (छपरा) आदि है। इस साल सार्वभौम रामायण सम्मेलन का 100वां अधिवेशन है। प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि रामचरित मानस कथा का स्वरूप संकटमोचन मंदिर की ही देन है। यहां पर हनुमानजी स्वयं कथा का श्रवण करते हैं। इस दिन आरती सूर्योदय से पहले की जाती है।

### लोग छुट्टियां लेकर सुनने आते हैं मानस

प्रो. मिश्र बताते हैं कि जब पहले रामचरित मानस हुआ करता था तब लोग पेड़ पर चढ़ कर इसका श्रवण करते थे। काफी लोग तो देश के कोने-कोने से छुट्टियां लेकर रामचरित मानस पाठ सुनते के लिए आते हैं। कहा कि यह शहर बेजोड़ शहर है लेकिन आज जो यह दिख रहा है वह है नहीं। हम तो सिर्फ महामना पं. मदन मोहन मालवीय को जानते हैं जिन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के माध्यम से हर कुछ दिया।

# सौवें वर्ष में इस बार 180 कलाकार हनुमत दरबार में लगायेंगे हाजिरी

## सप्ताह व्यापी संगीत की महफिल में होंगे 58 कार्यक्रम, 20 से ज्यादा पदम अवार्डी कलाकार करेंगे शिरकत



महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र

**उस्ताद मोइनुद्दीन खान, राशिद खान, तलत अजीज, विश्व मोहन भट्ट, एन. राजम, कलापिनी कोमकली, साजन मिश्र, अनूप जलोटा, मालिनी अवस्थी, सोनू निगम होंगे मुख्य आकर्षण**

**संकटमोचन संगीत समारोह का 10 अप्रैल से होगा शुभारंभ**

**वाराणसी।** विश्व विख्यात संकटमोचन संगीत समारोह के सौवें वर्ष में प्रवेश करने पर इस बार संकटमोचन संगीत समारोह में 180 कलाकार हनुमत दरबार में अपनी हाजिरी लगायेंगे। सप्ताहव्यापी संगीत के इस महफिल में कुल 58 कार्यक्रम होंगे। इसमें 20 से ज्यादा पद्म अवार्डी कलाकार शिरकत करेंगे। संकटमोचन संगीत समारोह के सौवें वर्ष पर इस बार विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस बार उस्ताद मो मोइनुद्दीन खान, उस्ताद राशिद खान, तलत अजीज, विश्व मोहन भट्ट, एन. राजम, कलापिनी कोमकली, साजन मिश्र, अनूप जलोटा, मालिनी अवस्थी, सोनू निगम, यू राजेश, शिवमणी, तरुण भट्टाचार्य, संचिता भट्टाचार्य, अजय पोहनकर, रोनू मजुमदार, हरि प्रसाद चौरसिया, नीलाद्री कुमार, उस्ताद शाहिद परवेज, रतिकांत महापात्र, एल. सुब्रह्मण्यम, संजू सहाय, कंकना बैनर्जी आदि कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण होंगे। यह जानकारी मंगलवार को संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने तुलसीघाट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को सायंकाल 7.30 बजे से होगा। यह आयोजन 16 अप्रैल तक चलेगा। इस बार यह आयोजन सप्ताहव्यापी चलेगा। संकट मोचन संगीत समारोह में इस बार शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ बॉलीवुड के कलाकार भी हनुमत दरबार में अपने हाजिरी लगाएंगे। समारोह में जहां बॉलीवुड के कलाकार सोनू निगम अपनी प्रस्तुति देंगे वही जाने माने गजल गायक तलत अजीज के साथ ही पद्म अवॉर्डी शास्त्री संगीत कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बताया कि अंतिम दिन 16 अप्रैल को सोनू निगम अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। इसके पहले 14 को भजन सम्राट अनूप जलोटा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जयपुर के उस्ताद मोइनुद्दीन खान और उस्ताद अकरम खान का सारंगी और तबला वादन भी लोगों को सुनने को मिलेगा। कोलकाता से बिलाल खान तबला वादन, संतूर में कोलकाता से तरुण भट्टाचार्य के साथ ही उस्ताद राशिद खान की गायिकी भी होगी। वही हर साल की तरह इस बार मंदिर परिसर में कलाकारों के जीवनी पर आधारित कला वीथिका भी नए सिरे से सजाई जा रही है।



# अब ऑटोमेटिक मशीनें बांटेंगी सरकारी अनाज



### ई-पॉश से जुड़ा एटीएम

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि अन्न पूर्ति मशीन यानी ग्रेन एटीएम सीधे ई-पॉश से जुड़ी है। कार्डधारक ई-पॉश मशीन पर जैसे ही अपना अंगूठा लगाएगा। वैसे ही उसके कार्ड में दर्ज यूनिट के अनुसार खाद्यान्न मशीन से निकलने लगेगा। मशीन में दो डिस्पेंसर लगे हैं। एक से गेहूं और दूसरे से चावल निकलेगा।

**लाइन में लगने की जरूरत नहीं, 24 घंटे मिलेगा राशन**

**पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शिवपुर में लगाई गई है यह मशीन**

**घटतौली रोकने के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू जुड़ेंगे पीओएस से**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** अनाज वितरण के समय राशन कार्डधारकों को कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परंतु अब राशन कार्डधारकों की इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों की सुविधा के लिए तमाम योजनाओं पर काम कर रही है। इसी कड़ी में अब कोटेदारों के यहां फूड ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने की तैयारी चल रही है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत कलेक्ट्रेट प्रखंड के शिवपुर स्थित बृजमोहन गुप्ता नामक कोटेदार के यहां फूड एटीएम लगायी गयी है। इस फूड एटीएम से रुपयों की तरह अनाज निकलेगा। इससे राशन कार्डधारकों को सुविधा होगी और कोटेदार की चिरौरी नहीं करनी पड़ेगी। साफ-सुथरा अनाज मिलेगा और गड़बड़ी की रत्तीभर गुंजाइश भी नहीं होगी। यह कहना है आपूर्ति विभाग के जिला मुख्यालय पर तैनात क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह का। 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात में उन्होंने बताया कि सरकार ने इस फूड एटीएम का सरल नाम रखा है-'अन्न पूर्ति मशीन।' इससे भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश भी लगेगा।

**खास मुलाकात**



सतीश चंद सिंह (एआरओ)

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में कोटेदारों के यहां से राशन कार्डधारकों को अपने हिस्से का अनाज पाने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगानी पड़ती है। कार्डधारक अक्सर कम राशन मिलने की शिकायत भी करते रहते हैं। लेकिन अन्न पूर्ति मशीन से ऐसी शिकायत नहीं होगी। राशन वितरण के दौरान अनाज की चोरी, राशन कार्ड धारियों को कम राशन देने से लेकर अनाज में मिलावट जैसी कई गड़बड़ियां बीते दिनों की बात हो जाएंगी। इसके साथ ही अब जिले के नागरिक रुपये की तरह फूड एटीएम से अपना राशन निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि अन्न पूर्ति मशीन का प्रयोग करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के शिवपुर क्षेत्र को चुना गया हैं। यह जिले की पहली वितरण मशीन है, जिसे अभी ट्रायल के तौर पर राशन वितरण प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर यह प्रक्रिया सफल होती है, तो जिले के समस्त सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर लगवाने का काम होगा। तब राशन कार्डधारकों को हर प्रकार की चिंता से मुक्ति मिल जाएगी और वे अपने हिस्से का अनाज सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे।

### यह भी जानिए

| | |
|---|---|
| मशीन का नाम | वर्ल्ड फूड प्रोग्रामर अन्नपूर्ति |
| मशीन में क्षमता | दो स्लाट में लगभग 100-100 किलो गेहूं-चावल |
| संचालन | इलेक्ट्रानिक एवं स्क्रीन टच के जरिए |
| मशीन की कीमत | लगभग 10 लाख |
| जिले में राशन दुकान | लगभग 1344 |
| जिले में कार्डधारक | 6,01,000 (अंत्योदय व पात्र गृहस्थी) |

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के अलावा महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा और कर्नाटक में अन्न पूर्ति मशीन का ट्रायल किया जा रहा है। राशन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार और घपले को देखते हुए सरकार फूड एटीएम के जरिए पीडीएस का काम आगे बढ़ाना चाहती है। सरकार चाहती है कि राशन वितरण का काम पूरी तरह से संपर्क रहित यानी कांटेक्टलेस हो। इसके लिए सरकार समस्त कोटेदारों के यहां ऑटोमेटिक ग्रेन डिस्पेंसर मशीन लगाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कोटेदारों के यहां इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र से अनाज दिया जाता है। घटतौती रोकने के लिए इन इलेक्ट्रानिक तराजुओं को पीओएस से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा डोर स्टेप डिलेवरी पर फोकस है। जिले के कोटेदारों के यहां नौ गोदाम से अनाज पहुंचाया जाता है। आठ गोदाम पर डोर स्टेप डिलेवरी लागू हो गयी है। इसके चलते ठेकेदारी प्रथा पर विराम लग चुका है और एफसीआई गोदाम से सीधे कोटेदार के यहां अनाज पहुंच जाता है। अनाज पहुंचाने वाले वाहन जीपीएस से लैस होने से गड़बड़ी की रत्ती भर गुंजाइश नहीं है। एक सवाल के जवाब उन्होंने बताया कि समस्त सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को 'मॉडल शाप' में तब्दील किया जा रहा है। जहां अनाज के अलावा कॉमन सर्विस सेंटर, पांच किलो का एलपीजी सिलिंडर आदि की भी सुविधा मिलेगी।

**थम लगाते ही मशीन से आ जाएगा राशन**

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि आजकल नई-नई टेक्नोलॉजी ने हमारी जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है। अन्न पूर्ति मशीन से अनाज लेने के लिए कार्डधारकों और दुकान संचालक को प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मशीन पर भी एक स्क्रीन होगी। राशन कार्डधारक पीओपी के माध्यम निर्धारित स्थान पर अपना अंगूठा लगाएगा, तो अंगूठा स्कैन होते ही स्क्रीन पर उस व्यक्ति के राशन कार्ड का पूरा विवरण दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि राशन लेने के लिए कार्डधारक को कुछ जानकारियां देनी होंगी। मसलन अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर और राशन कार्ड को लिंक करना होता है। तत्पश्चात कार्डधारक को स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा, जिसका बायोमेट्रिक सिस्टम से वेरीफिकेशन होगा। यह काम पूरी तरह से डिजिटल होगा जिसमें किसी कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। साथ ही इसे चलाने के लिए कोड भी दिया जाता है। तब उपभोक्ता 24 घंटे में किसी भी वक्त अपना राशन ले सकेगा।